
आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26




# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर




संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 242 | उज्जैन, सोमवार 14 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद शुक्ल 3-4 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### 2029 से पहले भाजपा शासित राज्यों में लागू होगा यूसीसी

**नई दिल्ली।** केंद्र की भाजपा सरकार के बाद अब भाजपा शासित राज्यों में भी समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी को लेकर बड़ा कदम उठाने की तैयारी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संकेत दिया है कि 2029 से पहले भाजपा शासित राज्यों में यूसीसी लागू किया जाएगा। इसके साथ ही भाजपा ने पीएम मोदी के जन्मदिन को बड़े सेवा अभियान से जोड़ने की योजना बनाई है। यानी एक तरफ यूसीसी को लेकर राज्यों में आगे बढ़ने की तैयारी है तो दूसरी तरफ मोदी के जन्मदिन से देशभर में एक महीने तक सेवा गतिविधियां चलाने की तैयारी है। 17 सितंबर को पीएम मोदी का जन्मदिन है। इस मौके पर भाजपा, उसके सहयोगी दल, पूरा एनडीए कुनबा, कई स्वयंसेवी संगठन और देश की जनता मिलकर 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक देशभर में 'सेवा संकल्प अभियान' चलाएंगे।

### इंडोनेशिया में 240 यात्रियों से भरा जहाज लापता

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया में रविवार को करीब 240 यात्रियों को ले जा रहा जहाज जावा सागर में लापता हो गया। जहाज पूर्वी जावा के सुरबाया से बोर्नियो द्वीप के दक्षिण कालीमंतन की राजधानी बंजारमासिन जा रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम खराब होने के बाद जहाज से संपर्क टूट गया। बताया जा रहा है कि इस जहाज में कई भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, वार्गो ट्रांसपोर्ट 8 नाम के जहाज में तकनीकी खराबी के कारण कम्यूनिकेशन सिस्टम बंद होने की जानकारी मिली थी। जहाज के ऑपरेटर ने बताया कि समुद्र में मौसम खराब होने के बाद संपर्क टूट गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय बचाव एजेंसियों ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी।

### गोवा में केजरीवाल ने बनाया गोवा फर्स्ट गठबंधन

**गोवा।** गोवा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य में आम आदमी पार्टी ने गोवा फॉरवर्ड पार्टी के साथ गठबंधन किया है। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को इस गठबंधन के नाम 'गोवा फर्स्ट' की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गोवा के लोगों को भाजपा और कांग्रेस के अलावा एक विकल्प चाहिए और 'गोवा फर्स्ट' उनके सामने एक मजबूत गैर-भाजपा, गैर-कांग्रेस गठबंधन के रूप में मौजूद है। केजरीवाल ने कहा कि गोवा की जनता को दो बार धोखा दिया जा चुका है और वह तीसरी बार धोखा नहीं खाना चाहती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ही गोवा की जनता को धोखा दे रहे हैं। उनके मुताबिक, कांग्रेस के विधायक भाजपा को सरकार बनाने में मदद करते रहे हैं।

### सलमान के बॉडीगार्ड शेरा के बेटे अबीर करेंगे बॉलीवुड डेब्यू!



**फिल्म टार्जन में आएंगे नजर, सूरज पंचोली भी होंगे मूवी का हिस्सा**

**मुंबई।** सलमान खान के लंबे समय से बॉडीगार्ड रहे गुरमीत सिंह जॉली उर्फ शेरा के बेटे अबीर सिंह जल्द बॉलीवुड में डेब्यू कर सकते हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक, अबीर फिल्म टार्जन से एक्टिंग डेब्यू करेंगे। फिल्म में सूरज पंचोली भी नजर आएंगे। अबीर के डेब्यू को लेकर 2022 से रिपोर्ट्स सामने आती रही हैं। उस समय दावा किया गया था कि सलमान खान उनके डेब्यू प्रोजेक्ट की तैयारी में व्यक्तिगत रूप से शामिल हैं। यह फिल्म अभिनेता-फिल्ममेकर सतीश कौशिक के निर्देशन में बनने की बात कही गई थी और जनवरी 2023 में शूटिंग शुरू होने की रिपोर्ट थी। हालांकि, इस प्रोजेक्ट की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई। मार्च 2023 में सतीश कौशिक के निधन के बाद अबीर के डेब्यू को लेकर आगे कोई जानकारी सामने नहीं आई। अब नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अबीर को टार्जन मिल गई है। फिल्म के डायरेक्टर, प्रोडक्शन बैनर और बाकी कास्ट की जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। जिससे अभी यह नहीं पता चल रहा है कि अबीर सिंह को सलमान खान लॉन्च करेंगे या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, टार्जन में अबीर के साथ सूरज पंचोली भी होंगे। सूरज ने 2015 में रिलीज हुई रोमांटिक एक्शन फिल्म हीरो से बॉलीवुड डेब्यू किया था।

### नैनो न्यूज

- **चंडीगढ़** : मोबाइल के लिए डांट पड़ी तो 8 साल का बच्चा घर से भागा, चंडीगढ़ से ट्रेन पकड़कर सीधे ग्वालियर पहुंच गया, टीटीई ने करवाया रेस्क्यू।
- **मुंबई** : शिल्पा शेट्टी के घर गणपति बप्पा का आगमन, पति राज के साथ की आरती, भारी बारिश के बीच बप्पा को लेने पहुंची अंकिता लोखंडे।
- **नई दिल्ली** : एसबीआई का दावा- लोन और ईएमआई फिर महंगे होंगे, आरबीआई रेपो रेट 0.50% तक बढ़ा सकता है, क्रूड ऑयल 100 डॉलर पार होने से महंगाई बढ़ेगी।
- **गोंडा** : विनोद साहनी के घर जा रहे चंद्रशेखर आजाद बाराबंकी में रोके गए, पुलिस से धक्का-मुक्की और तीखी बहस।
- **नई दिल्ली** : शाह ने कहा- भारत का पीएम पाकिस्तान में घुसकर मारेगा, पहले यह कौन सोच सकता था, मोदी ने ऐसी नीति बनाई कि आज दुश्मन भी डरता है।
- **नई दिल्ली** : मलेशियाई पीएम राहुल गांधी से मिले, साथ नाश्ता किया, नेता प्रतिपक्ष को गुड फ्रेंड बताया, 8 सालों में तीसरी मुलाकात, हर भारत दौरे पर मिलते हैं।

मंच पर कन्या पूजन करने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, आगर को लॉ कॉलेज भवन मिला, नलखेड़ा में माता मंदिर क्षेत्र में पर्यटन की सुविधाएं विकसित की जा रही

# लाड़ली बहनों के खातों में राशि अंतरण कर मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को कोसा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

रविवार को आगर मालवा जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आगर जिले को सौगात देने के साथ मंच से अपने भाषण में कांग्रेस को जमकर कोसा। इस दौरान उन्होंने कभी नाम लेकर और कभी न लेकर अपनी बात कही। उन्होंने राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर तंज कसते हुए कहा कि वे झूठ की यात्रा लेकर मध्यप्रदेश आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत बोलिए बैजनाथ महादेव की-जय, महाकाल महाराज की -जय, सभी लाड़ली बहनों की-जय के साथ किया। इससे पूर्व उन्होंने मंच पर कन्या पूजन किया।

मंच पर प्रभारी मंत्री नागर सिंह, सांसद महेंद्र सिंह, विधायक मधु गहलोत, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, नगर पालिका अध्यक्ष नीलेश जैन पटेल, श्रीमती मुन्ना बाई भैरू सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह आदि उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सच में आज नलखेड़ा में बैठी माता जी और बाबा बैजनाथ, शिव और शक्ति के आधार पर यह हमारी आगर की धरती धन्य हुई। पूरे प्रदेश के अंदर एक साथ 1 करोड़ 25 लाख 10 हजार से ज्यादा बहना, जोरदार ताली बजा के अभिनंदन करें, सबके खाते में पैसे गए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लगातार बहनों को हर महीने बिना नागा, उनका 1500 दे रही।

माँ बगलामुखी के आशीर्वाद से विकास के मामले में भी लगातार काम करते हुए और अब तो यह बहनें भी अपने यहाँ लगभग 4 लाख तो बहनें अपनी लघु, मध्यम इकाई बना रही हैं। जोरदार ताली बजाओ, यह बहनें उद्योगपति बन रही हैं। स्वयं सहायता समूह से निकलकर के लघु उद्योग, मध्यम उद्योग, उद्योगपति बहनें बन रही हैं। मोदी जी के आशीर्वाद से 'नमो दीदी' ड्रोन, लखपति दीदी बन रही हैं। एक के बाद एक सभी क्षेत्रों में प्रगति करते हुए, बिना नागा परिवार को आगे बढ़ाने के लिए, सच में माता-बहनों की बहुत बड़ी ताकत होती है। आज आगर को 256 करोड़ के काम मिले हैं।

उन्होंने कहा कि यहाँ के बच्चों को पढ़ने के लिए लॉ कॉलेज की बिल्डिंग भी दे रहे हैं। विक्रमादित्य की नगरी के पास वाले आगर के लोग हैं और विक्रमादित्य न्याय के देवता हैं। ऐसे में सभी प्रकार के कोर्स, लेकिन आपको बधाई देना चाहूँगा। अभी लॉ कॉलेज बड़ी-बड़ी जगह पे नहीं है अलग से, बड़े-बड़े शहर में। मेरे को दिक्कत होगी बोलने में, लोग मेरी बात पकड़ेंगे, लेकिन आगर को सबसे पहले मिला। मुख्यमंत्री ने सिंचाई को लेकर विधायक को आश्वस्त करते हुए कहा कि, मधु भैया चिंता मत करना, जो आपने माँगा है-प्रत्येक खेत तक पानी देने का काम करेंगे।

### कभी नाम लेकर तो कभी बगैर नाम के हांसिए पर लिया कांग्रेस को

मुख्यमंत्री ने अपने पूरे संबोधन में कांग्रेस को कभी नाम लेकर तो कभी बगैर नाम लिए भी हासिए पर दिया। जब बहनों को राशि देने की बात आती है, जब सरकार बनने के पहले घोषणा हुई, और कांग्रेस के लोग लगातार झूठ बोलते रहे-'यह योजना चलेगी नहीं, दे ही नहीं सकते, सरकार के पास कहाँ पैसा?' अरे, आँख खोल के देख लो! लगभग 55 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि बहनों के खाते में हमारी सरकार ने पहुंचाई। जोरदार अभिनंदन करें।

आगर कोई वही आगर है क्या, जहाँ पर केवल छोटे-छोटे कोई गिने-चुने मकान, टूटी-फूटी सड़कें कांग्रेस के शासनकाल में? क्या हालत थी आगर की! आज आगर महानगर हो गया, जोरदार ताली बजाएं।

एक नेता आ रहे हैं झूठ की गूंज लेकर के। उन्होंने, उनकी माँ ने, उनके दादाजी ने, मामाजी ने, सारे खानदान ने कभी देश का भला नहीं किया और वो आज आ रहे हैं जनता की बात करने के लिए, युवा की बात करने के लिए। जनता अच्छे से जानती है। आप बताओ, नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, बाद के समय में भी, ये दिल्ली से क्यों चुनाव नहीं लड़ते? ये दिल्ली से इसलिए चुनाव नहीं लड़ते कि जनता इनको अच्छे से जानती है। इसलिए यह



रायबरेली, अमेठी, अब तो वो भी छोड़ करके वायनाड गए, वायनाड केरल। लोग कहते हैं, वो तो समुद्र आ गया, नहीं तो अरब में चुनाव लड़ने जाते कोई और दूसरी जगह पे। क्योंकि इनको जनता के बीच केवल 5 साल में एक बार जाना है, जनता के लिए काम नहीं करना है। इसलिए हर बार नई बात, झूठी बात।

लोकतंत्र में सबसे सम्मानित अगर कोई संस्था है, वो न्यायालय है। माननीय महेंद्र जी स्वयं न्यायालय की सेवा करके आए, लेकिन ये न्यायालय के ऊपर भी उंगली उठाते हैं। पवित्र सेना अपनी जान की बाजी लगाती है, लेकिन सेना और सेना के पराक्रम पर भी ये उंगली उठाते हैं। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत और लोकतंत्र के बलबूते पर अब तो ट्रंप भी कह रहे हैं कि जैसे मोदी जी ने आईडी कार्ड बनाए, ऐसे अमेरिका में बनवाएंगे। जोरदार ताली बजाओ, यह हमारे इलेक्शन कमीशन का सम्मान है। और यह कांग्रेस को जवाब है, जो लोकतंत्र में नई टेक्नोलॉजी के मामले में भारत कैसे आगे बढ़ रहा है।

लेकिन भाई हैं कि मानते ही नहीं। अब भाई भी क्या करें, भाई का नाम ही पप्पू है। अब पप्पू है तो पप्पू जैसा काम करेगा। क्या किया जाए? कोई बात नहीं। हमारे राज्य में आ रहे हैं, हम स्वागत करते हैं। हमारे राज्य में आए, लोग कह रहे परमिशन नहीं दे रहे हो। हमने कहा हम परमिशन दे रहे, चौड़े-चौगान दे रहे हैं। लेकिन परमिशन के बाद जब आप बोलने आओ, तो आप माफी मांगना। यह बालाघाट में नक्सलियों के सलाम को, लाल सलाम को आखिरी सलाम हमारी सरकार ने किया, जोरदार ताली बजाओ! आप माफी मांगना। आपने क्यों नहीं किया? आपके ही कांग्रेस के मुख्यमंत्री के मंत्री की दिनदहाड़े मध्य प्रदेश की धरती पर हत्या हुई, कांग्रेस के लोगों को शर्म नहीं आई, आज तक माफी नहीं मांगी।

इसी राज्य में डाकुओं का आतंक चलता था। डाकुओं की समस्या विकराल होती गई। चंबल, भिंड, मुरैना-पूरा क्षेत्र। लेकिन हमारी सरकार, साध्वी उमा भारती, बाबूलाल जी गौर, शिवराज सिंह चौहान और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने डाकुओं का भी समापन कर दिया। जोरदार अभिनंदन करें, यह हमारी सरकार के काम करने के तरीके हैं।

## 3 करोड़ की ठगी से जुड़ा आरोपी गिरफ्तार

### इंदौर क्राइम ब्रांच ने 21 पासबुक, 8 एटीएम और 20 चेकबुक जब्त कीं

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर क्राइम ब्रांच ने ऑपरेशन मैट्रिक्स के तहत अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड नेटवर्क से जुड़े आरोपी ललित उर्फ ऋषि सुतार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 21 बैंक पासबुक, 8 एटीएम कार्ड, 20 चेकबुक, 7 क्यूआर कोड और एचपी कंपनी का एक लैपटॉप जब्त किया गया है। पुलिस के मुताबिक, इन बैंक खातों का इस्तेमाल 3 करोड़ रुपए से ज्यादा की साइबर ठगी की रकम के लेन-देन में किया गया।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, जब्त बैंक खातों की नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर जांच कराई गई। इसमें महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, अंडमान-निकोबार, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पंजाब,



बिहार, गुजरात और छत्तीसगढ़ समेत 11 राज्यों से जुड़ा नेटवर्क सामने आया। इन राज्यों में इन खातों से संबंधित 46 शिकायतें दर्ज होने की जानकारी मिली है।

प्रारंभिक जांच में इन खातों से इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, एपीके फ्रॉड और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े 3 करोड़ रुपए से ज्यादा के लेन-देन का पता चला है। मामले में साइबर अपराध से जुड़े प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है।

**विजयनगर में पांच लोगों पर एफआईआर-** विजयनगर पुलिस ने म्यूल अकाउंट मामले में अरबाज खान, नदीम खान, सलमान मुल्तानी और अनस अहमद समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों को एटूजेड कार एंड डील के नाम से बैंक खाता खुलवाने के लिए 4 लाख रुपए देने का लालच दिया गया था। इसमें 20 हजार रुपए पहले और 3 लाख 80 हजार रुपए बाद में देने की बात कही गई थी।
**कनाडिया में दो आरोपियों पर केस-** कनाडिया पुलिस ने विवेक गोयल और अरुण साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, विवेक गोयल ने अरुण साहू को लालच देकर म्यूल अकाउंट खुलवाया था। इस खाते का इस्तेमाल दूसरे राज्यों से जुड़े वित्तीय लेन-देन के लिए किया जा रहा था।

## बंगाल में 252 मदरसे बंद करने का आदेश

**एजेंसी ▶▶ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के 252 मदरसों को बंद करने का आदेश दिया है। करीब 100 अन्य मदरसों को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। सरकार का कहना है कि जांच में इन मदरसों के पास बुनियादी सुविधाएं नहीं मिली। यह कार्रवाई अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग ने की है। सरकार ने रविवार को ये भी बताया कि मानक पूरे करने वाले मदरसे चलते रहेंगे। जिन संस्थाओं को नोटिस दिए गए हैं, उनके जवाब की जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

अभिजीत दीपके ने कहा

## बालाघाट में आदिवासी बच्चों की मौत की जिम्मेदार सरकार

**एजेंसी ▶▶ बालाघाट**

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके शनिवार को बालाघाट पहुंचे। वे उन गांवों का दौरा करेंगे, जहां बीते महीनों में 30 से ज्यादा आदिवासी बच्चों की मौतें हुई हैं।

दीपके ने कहा कि आदिवासी बच्चे जिस तरह से लगातार बीमार हो रहे हैं, उससे साफ है कि उनकी बहुत अनदेखी हुई है। उन्हें बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं।

टीकाकरण और पीने का साफ पानी नहीं मिल रहा है, इसके कारण वे झीरिया का पानी पीने को मजबूर हैं। हम यहां बड़ा



आंदोलन करेंगे।

दीपके ने कहा- एक ओर 7.8 प्रतिशत ग्रोथ रेट का दावा किया जा रहा है, जबकि मूल निवासी आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। देश एयरपोर्ट, संसद और पीएम आवास चमकाने से विश्वगुरु नहीं बनेगा। देश को विश्वगुरु बनाना है तो आदिवासी इलाकों में आदिवासियों को बेहतर जिंदगी, अच्छी शिक्षा और बेहतर मौके देने होंगे।

## ट्रक ने भेड़ों के झुंड को रौंदा 34 पशुओं की दर्दनाक मौत



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम**

रतलाम जिले के जावरा में शनिवार रात को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। महू-नीमच फोरलेन पर तेज रफ्तार ट्रक ने करीब 200 भेड़ों के झुंड को रौंद दिया। हादसे में 34 भेड़ों की मौत हो गई, जबकि 15 घायल हैं। भेड़ों के साथ जा रहा एक व्यक्ति भी हादसे में घायल हुआ जिसका इलाज कराया गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। जावरा के महू-नीमच फोरलेन पर शनिवार शाम करीब 4 बजे यह हादसा हुआ। भारत पैलेस होटल के सामने भेड़ों का झुंड मौजूद था। इसी दौरान तेज रफ्तार आयशर ट्रक वहां से गुजरा और करीब 200 भेड़ों के झुंड को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक की चपेट में आने से 34 भेड़ों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 15 भेड़ें घायल हो गईं।

## खान सर पर कई लड़कियों के शोषण का आरोप

निखिल कोचिंग के डायरेक्टर बोले- 7-8 लड़कियां मेरे संपर्क में, जल्द खुलासा करूंगा

**एजेंसी ▶▶ पटना**

खान ग्लोबल स्टडीज के डायरेक्टर और शिक्षक फैजल खान उर्फ खान सर फिर विवादों में हैं। निखिल कोचिंग के डायरेक्टर निखिल कुमार ने कहा कि खान सर ने कई लड़कियों के साथ गलत किया है। ऐसी 7-8 लड़कियां मेरे संपर्क में हैं, जो इंसाफ चाहती हैं। मैं उनकी लड़ाई लड़ूंगा।

निखिल कुमार ने शनिवार को पटना के एक होटल में मीडिया से बात करते हुए खान सर पर धमकी देने और उनकी रेकी कराने का दावा करते हुए पटना एसएसपी से सुरक्षा की मांग की है। करीब 1 महीने पहले उत्तर प्रदेश की एक लड़की ने खान सर के खिलाफ पीरबहोर थाने में सुरक्षा को लेकर आवेदन दिया



था। उसका कहना था कि खान सर के कई राज वो जानती है। इसलिए उसे जान का खतरा है।

निखिल कुमार ने उस लड़की का सपोर्ट किया। निखिल का दावा है कि इसके बाद खान सर के गुर्गे उन्हें धमकी दे रहे हैं।

निखिल का दावा है कि खान सर कई लड़कियों के साथ शोषण कर चुके हैं। निखिल ने कहा, सात से आठ लड़कियां हैं जो खान सर से प्रताड़ित हैं। मैं जल्द इसका खुलासा करने जा रहा हूं। मेरे पास पक्के सबूत हैं।

## दो आईएएस अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने अदालती आदेश की अनदेखी के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए दो वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारियों के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी करने के निर्देश दिए हैं। मामला न्यायालय की अवहेलना और प्रशासनिक स्तर पर आदेश का पालन नहीं करने से जुड़ा है।

हाईकोर्ट ने तत्कालीन प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल और तत्कालीन सागर कलेक्टर संदीप जीआर को 21 सितंबर को अदालत के सामने व्यक्तिगत रूप से पेश कराने का आदेश दिया है। जस्टिस विवेक जैन की एकल पीठ ने वारंट की तामीली की जिम्मेदारी भोपाल पुलिस कमिश्नर और सागर पुलिस अधीक्षक को सौंपी है। कोर्ट के इस आदेश के बाद दोनों अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

माँ सबकी जगह ले सकती है,
लेकिन माँ की जगह कोई नहीं ले सकता

20वां पुण्य स्मरण



स्व. श्रीमती मनोरमा देवी हरदेनिया

हरदेनिया परिवार

हरदेनिया पैलेस, 11, राजस्व कॉलोनी, सुसनेर, उज्जैन (म.प्र.)

पाकिस्तानी सेना के 15 गाड़ियों के काफिले पर विस्फोट से लगी भीषण आग

## 23 से ज्यादा जवानों के मौत की आशंका

**एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान से एक बेहद सनसनीखेज और बड़ा मामला सामने आया है। लासबेला जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग एन-25 से गुजर रहे पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाकर भीषण हमला किया गया। शुरूआती जानकारियों और स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस घातक हमले में कम से कम 23 से अधिक जवानों के मारे जाने की आशंका है, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

वारदात लासबेला के कशारी इलाके में हुई, उस वक्त फ्रंटियर फोर्स के करीब 15 वाहनों का बड़ा काफिला हाईवे से



गुजर रहा था। घात लगाए हमलावरों ने काफिले के बीच में जोरदार विस्फोट कर दिया। धमाका इतना तीव्र था कि सुरक्षा बलों का एक वाहन आग के गोले में तब्दील हो गया और आसपास के इलाके में भारी दहशत फैल गई। हमले के तुरंत बाद गंभीर रूप से घायल जवानों को नजदीकी बेला शिविर ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है।

### हमले के पीछे बीएलए का हाथ होने का शक

इस बड़े हमले का सीधा आरोप प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) पर लगाया जा रहा है। बीएलए पिछले कई महीनों से बलूचिस्तान में सुरक्षा बलों की चौकियों, सरकारी प्रतिष्ठानों और मुख्य संपर्क मार्गों पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। संगठन लगातार यह दावा करता रहा है कि उसके लड़ाके बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना की गतिविधियों को रोकने के लिए ऐसे अभियानों को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता की ओर से अभी तक हताहतों की अंतिम संख्या को लेकर विस्तृत आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### सदन में चर्चा का मुद्दा

लोकतंत्र में जनता जनार्दन कुछ विषयों को लेकर जिज्ञासु होती है। उसे जमीन पर चलने वाली परिस्थिति के साथ ही संबंधित मसले पर चल रही गतिविधियों एवं व्यवस्थापिका के साथ कार्यपालिका के कार्यों को लेकर विवरण की तलाश इस जिज्ञासा के तहत होती है। ऐसे में शहर में चल रहे चौड़ीकरण में जिस तरह की स्थिति धार्मिक स्थलों को लेकर सामने आ रही है और जो स्थिति बताई जा रही है ये उनमें कई सारे कारण ऐसे हैं जिन पर शहर का आमजन जानना चाहता है। इसके तहत चौड़ीकरण के तमाम विवरण एवं उनमें आ रहे धार्मिक स्थल के विस्थापन एवं अन्यानेक मसले शामिल हैं जो कि सदन में होने वाली कार्रवाई के तहत चर्चाओं के बाद मीडिया के माध्यम से सामने आते हैं और जिन्हें जानकर आमजन व्यवस्थापिका पर विश्वास एवं कार्यपालिका के कर्त्तव्यों को लेकर अपना मानस बनाती है। वर्तमान मसलों पर ऐसे ही कई प्रश्नों को जानने की बराबर जिज्ञासा देखी जा रही है। शहर का आमजन जानना चाहता है कि चौड़ीकरण के सर्वे के दौरान धार्मिक स्थलों के सर्वे किस तरह से किए गए थे। उन्हें हटाने या विस्थापन को लेकर किस तरह के सर्वे हुए और उन पर किस तरह की जांच कार्यपालिका ने करवाते हुए उस पर कितना क्रियान्वयन किया और कैसे किया गया। इसके अतिरिक्त पुरातन धर्मस्थलों के सर्वे एवं जांच में किए गए कार्यों के तहत संरक्षण की स्थिति में क्या किया गया। ऐसे तमाम सवालों से आमजन का पिटारा भरा हुआ है। इन सवालों के जवाबो से सदन ही आमजन को संतुष्ट कर सकता है। खुसूर-फुसूर है कि आम नागरिकों की जिज्ञासा तो है लेकिन लोकतंत्र की परंपरा के तहत उनकी इस जिज्ञासा को शांत करने की पहल सामने नहीं आ पा रही है। कार्यपालिका की और से ही इसे लेकर जो कुछ कहा सुना जा रहा है वही सामने आ पाया है। इस पर न तो पक्ष की और से पहल ही की जा रही है और न हीं विपक्ष की और से मांग ही की जा रही है। ऐसे में आमजन इस मुद्दे पर यही विचार की स्थिति में है कि कार्यपालिका ही सर्वेसर्वा के हाल में हैं और उसी के दायरे में सब कुछ है।

## न्यूज कॉलम


### कालिदास कॉलेज में सिविल सेवा मुख्य परीक्षा शांतिपूर्ण हुई

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा मुख्य परीक्षा-2026 का आयोजन 7 से 12 सितंबर तक हुआ। शासकीय कालिदास कन्या कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया, जहां लगातार दूसरी बार परीक्षा का संचालन किया गया। अभ्यर्थियों और अभिभावकों ने केंद्र की व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया। मुख्यमंत्री और आयोग अध्यक्ष का उल्लेख करते हुए कहा स्थानीय केंद्र मिलने से आवागमन, ठहरने और अतिरिक्त खर्च में कमी आई। आयोग के अनुसार 2025 में पहली बार उज्जैन में मुख्य परीक्षा 8 से 13 अगस्त तक हुई थी।

## नैनो न्यूज

- **इंजीनियरिंग कॉलेज में** 15 को मनेगा 59वां अभियंता दिवस, पूर्व छात्रों के तत्वावधान में होगा कार्यक्रम, राष्ट्र निर्माण में अभियंताओं की भूमिका पर होगी चर्चा
- **सवारी मार्ग की बैठक में** अनदेखी, पार्षद ने महापौर पर लगाया दलगत राजनीति का आरोप, वार्ड 21 के पार्षद अर्पित दुबे ने जताई नाराजगी
- **भगवान महावीर** की साधना से जिनशासन की स्थापना धर्मसभा में समझाई, अलौकिक चातुर्मास में समझाया - महावीर स्वामी ने किस तरह राजवैभव त्यागकर संयम और आत्मसाधना का मार्ग अपनाया
- **खंडेलवाल वैश्य पंचायत** का 12 दिवसीय गणेश उत्सव 14 से, बुधवारिया स्थित पंचायत भवन में विराजेंगे भगवान गणेश, प्रतिदिन होंगी प्रतियोगिताएं
- **देवास से उज्जैन** आई 22 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा, विनायक मित्र मंडल ने कॉसमॉस मॉल के सामने फायर शो और महाआरती के साथ की बप्पा की अगवानी
- **क्षेत्रीय परिधानों में** विद्यार्थियों ने पेश की विविधता में एकता की झलक, निर्मला महाविद्यालय में मातृभाषा क्लब की प्रतियोगिता संपन्न, पूनम व अदिति रहीं प्रथम
- **हरियाणा सरकार** के गवर्नमेंट चीफ एवं इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप का उज्जैन प्रवस पर माझी समाज ने किया स्वागत

## ट्रेंडिंग




### आज दो बड़े पर्व.. हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का अनोखा संयोग

# आज घर-घर में विराजेंगे विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश

## गणपति बप्पा को विराजमान करने की तैयारियां हुई पूरी, जगह-जगह सजे पांडाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इस बार भाद्रपद शुक्ल पक्ष का विशेष संयोग देखने को मिलेगा। हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी एक ही तारीख यानी आज 14 सितंबर को पड़ रही हैं। हालांकि दोनों पर्वों की तिथियां अलग हैं। पंचांग के अनुसार 14 सितंबर की सुबह तक तृतीया तिथि रहेगी और इसके बाद चतुर्थी तिथि प्रारंभ हो जाएगी। इसी वजह से एक ही दिन दोनों पर्वों का उल्लेख पंचांग में दिखाई दे रहा है।

हरतालिका तीज को लेकर सुहागिन महिलाओं में विशेष उत्साह है। महिलाएं पति की दीघार्यु, अखंड सौभाग्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना से व्रत रखेंगी। वहीं कुंवारी कन्याएं भी मनचाहा जीवनसाथी पाने की धार्मिक मान्यता के साथ यह व्रत करती हैं।

आज श्री गणेश चतुर्थी है। चतुर्थी तिथि का प्रारंभ 14 सितंबर को प्रातः काल 7 बजकर 6 मिनट पर होगा और 15 सितंबर को प्रातः काल 7 बजकर 44 पर चतुर्थी तिथि का समापन होगा, इसलिए मध्याह्न व्यापनी चतुर्थी में 14 सितंबर को श्री गणेश जी की स्थापना होगी और इसी के साथ 11 दिवसीय श्री गणेश महोत्सव का शुभारंभ होगा। जगह-जगह पांडाल सजाए गए हैं।

घरों और पंडालों में श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 10 बजकर 50 मिनट से दोपहर 1 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। 25 सितंबर अनंत चतुर्दशी को श्री गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। इसके साथ ही हरतालिका तीज भाद्रपद शुक्ल तृतीया का व्रत उदयातिथि के अनुसार 13 और 14 सितम्बर को स्पर्श कर रहा है।





- **सुहागिनें रखेंगी व्रत, शिव-पार्वती की पूजा कर मांगेंगी अखंड-** आज महिलाएं सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करेंगी। इसके बाद पूजा स्थल की सफाई कर भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा या मिट्टी से निर्मित स्वरूप स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाएगी। माता पार्वती को सुहाग की सामग्री अर्पित करने के साथ भगवान शिव को बेलपत्र, फूल, फल आदि चढ़ाए जाएंगे। इसके बाद हरतालिका व्रत की कथा सुनी या पढ़ी जाएगी।
- **निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी उम्र की कामना-** हरतालिका तीज का व्रत महिलाओं के प्रमुख व्रतों में माना जाता है। धार्मिक परंपरा के अनुसार कई महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत रखती हैं। व्रत के दौरान अन्न और जल का त्याग कर महिलाएं शिव-पार्वती की आराधना करती हैं। धार्मिक मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। इसी तपस्या की स्मृति में हरतालिका तीज का व्रत किए जाने की परंपरा चली आ रही है। विवाहित महिलाएं इसे पति की दीघार्यु और सुखी दांपत्य जीवन के लिए करती हैं, जबकि अविवाहित कन्याएं अच्छे वर की कामना से व्रत रखती हैं।

**हरतालिका तीज शुभ मुहूर्त अमृत व लाभ चौघड़ियाः** प्रातः 06:05 बजे से प्रातः 07:06 बजे तक, तृतीया तिथि 14 सितम्बर को प्रातः 07:06 बजे तक ही रहेगी। अतः शास्त्रानुसार प्रातःकालीन संकल्प एवं तृतीया-स्पर्शी पूजन 07:06 से पूर्व पूर्ण कर लेना सर्वोत्तम है।

### कलयुग का गणेश अवतार : धूम्रकेतु



गणेशपुराण के अनुसार गणेशजी हर युग मे पृथक स्वरूप व नाम से हुए हैं जैसे सतयुग मे वे महोत्कट रूप मे और द्वापर मे गजानंद रूप मे हुए वैसे ही कलयुग मे जब पाप व अनाचार चरम पर हो जाएंगे तब भगवान गणेश एक अलग ही रूप मे प्रकट होंगे। भावी गणेश का नाम होगा धूम्रकेतु और उनकी सवारी रहेगी नीलवर्ण घोडा। गणेशजी का ये रूप बहुत ही उग्र रहेगा। उनका वर्ण धुएं जैसा स्लेटी होगा और आंखे लाल रहेंगी। धूम्रकेतु गणपति के शरीर से नीली ज्वाला निकलती हुई दिखेंगी। नीले घोडे पर सवार गणेशजी पापियों का संहार करेंगे और अधर्म का नाश करेंगे। विष्णुजी के कल्कि अवतार के साथ धूम्रकेतु न्याय की स्थापना करेंगे और पुनः सतयुग प्रतिष्ठापित होगा।

## मीनाक्षी सेवा समिति के द्वारा मूक बधिर विद्यार्थियों ने दिया संदेश



पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुवे मिट्टी के गणेश बनाने की कार्यशाला मीनाक्षी सेवा समिति के द्वारा मूक -बधिर विद्यार्थियों के बीच आयोजित की गई। मीनाक्षी सेवा समिति अध्यक्ष बलराम सोनी ने बताया संस्था ने इस कार्यशाला की थीम का का नाम मिट्टी के गणेश बनाना है, पर्यावरण बचाना है रखा है। संस्था सचिव निशा जोशी कवियत्री उज्जैन ने बताया कि मूक -बधिर विद्यार्थियों को मिट्टी के गणेश बनाने की कार्यशाला में मिसेज श्वेता पोरवाल जी के मार्गदर्शन में आयोजित की गई है। मिसेज श्वेता पोरवाल जी ने दोपहर 1 से लेकर शाम 5 बजे तक कार्यशाला में सभी विद्यार्थियों को मिट्टी गूथने से लेकर फिनिशिंग तक का कार्य सिखाया। जिसमें गणेशा की अलग अलग मुद्रा में मूर्तियों का मिट्टी से अपने हाथों से निर्माण किया गया। विद्यार्थियों में इस वर्कशॉप को लेकर बहुत उत्साह था और बड़ी खुशी के साथ मिट्टी के गणेशा बनाए। मीनाक्षी सेवा समिति के सह सचिव मनीष कुमावत ने कहा कि आज हम सभी को मिट्टी के गणेशा की ही मंदिर में स्थापना करनी है ताकि पर्यावरण को कोई नुकसान ना पहुंचे। संस्था के उपाध्यक्ष संजय पाटीदार ने बताया कि हमारी संस्था का ध्येय पर्यावरण के साथ साथ इन विद्यार्थियों को कला से भी जोड़ना है। संस्था के प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इस तरह के प्रयास करने से समाज में जनजागृति लाना है यही हमारी संस्था का उद्देश्य है। मीनाक्षी सेवा समिति अध्यक्ष ने बताया कि ये सिर्फ कार्यशाला नहीं है ये आने वाली युवा पीढ़ी को बताया जा रहा है कि हमें प्रकृति को, पर्यावरण को भी बचाना है साथ ही परंपराओं को भी जोड़ना है।संस्था की राखी इंगले और विपुल नीमा ने सराहनीय सहयोग किया और कहा कि प्लास्टर ऑफ पेरिस का बहिष्कार करें ताकि प्रकृति, पर्यावरण, परंपराओं के बीच संतुलन बना रहे। संस्था सदस्य टुटेजा जी ने बताया ये कार्यशाला पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ धर्म, आस्था और प्राकृति प्रेम का भी संदेश देती है।

### आए दिन अस्पतालों की अनियमितता सामने, फिर भी रहवासी क्षेत्रों में खुल रहे

# स्वास्थ्य विभाग का काबू नहीं, नगर निगम की कोताही

## एक के बाद एक मामले सामने आने के बावजूद नियंत्रण कमजोर ही सामने आया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अस्पतालों में अनियमितता एवं नियमों की नजरअंदाजी के एक के बाद एक मामले सामने आने के बाद भी रहवासी क्षेत्रों में इनके खुलने की स्थिति बराबर बनी हुई है। स्वास्थ्य विभाग का इन पर काबू नहीं दिख रहा है और नगर निगम अपने संपत्ति कर की पूर्ति मात्र करते हुए कोताही कर रहा है। नियंत्रण की कमजोर स्थिति के कारण से रहवासी क्षेत्र परेशानी के मुहाने पर ही दिखाई दे रहे हैं।

धर्मनगरी के शांत मोहल्लों, कॉलोनियों और घरेलू बसाहटों के बीच वैधानिकता के साथ आंख मिचौली खेलते हुए निजी अस्पतालों का जाल बिछ चुका है। जहां सिर्फ मकान होने चाहिए थे, वहां अब 24 घंटे सायरन बजते हैं और मरीजों की भीड़ उमड़ती है। नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अफसर नजरअंदाजी लिए हुए हैं। नगर निगम इनसे सालाना संपत्ति कर और दूसरा टैक्स बिना हिचक वसूल रहा है, वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का दफ्तर नियमित लाइसेंस फीस जमा करवाकर नवीनीकरण कर देता है।

**मात्र कागजी नोटिस तक सिमित-** शिकायतें मिलने पर विभाग केवल कागजी नोटिस भेजकर अपनी औपचारिकता पूरी कर लेता है। कड़े कानूनी एक्शन से बचने के पीछे एक बड़ा कारण संरक्षण की राजनीति है। अनियमितता एवं किसी बड़े हादसे के कोई भी अफसर इन पर ठोस कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है।हादसों के बाद भी मात्र कागजी खानापूर्ति के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जा रहा है।




### मेडिकल वेस्ट पर भी नजरअंदाजी

हाल यह हैं कि अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट की स्थिति भी सवालिया निशान के दायरे में हैं। यहां अलग-अलग वेस्ट की स्थितियों की भी स्वास्थ्य विभाग नियमित तौर पर निगरानी नहीं कर रहा है मात्र दिखावे की स्थिति एवं नियंत्रण इसमें बताया जा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण भी अस्पतालों में इसकी जांच के लिए नहीं पहुंच रहा है। मात्र कागजी घोड़ों से ही इसकी खाना पूर्ति की जाने की जानकारी सामने आ रही है।

### मात्र नियम किताबों में

प्रशासनिक स्तर पर इस पूरे मनमाने कारोबार को खुला संरक्षण मिलता साफ दिखाई देता है। कायदे से जिस निर्माण को अवैध घोषित कर सील किया जाना चाहिए, उसे नगर पालिका निगम का अमला टैक्स का वैध खाता नंबर थमा देता है। चिकित्सा महकमा भी नर्सिंग होम एक्ट की शर्तों की जांच किए बिना दफ्तर में बैठकर फाइलें पास कर रहा है।

### आबादी के लिए परेशानी

बड़ी आबादी की सुरक्षा पर गंभीर संकट-टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के प्रावधानों और मास्टर प्लान को दर किनार करके रिहायशी भूखंडों पर बहुमंजिला चिकित्सा केंद्र खड़े कर दिए हैं। संकरी गलियों में 2 या 3 मंजिला मकानों के बीच चल रहे इन क्लिनिकों और नर्सिंग होम के पास न तो अपनी पार्किंग की जगह है और न ही एंबुलेंस के आने-जाने का खुला रास्ता बचा है। मुख्य सड़कों पर खड़ी होने वाली मरीजों के परिजनों की गाड़ियां पूरे क्षेत्र का आवागमन जाम कर देती हैं। सबसे बड़ा खतरा आपातकालीन स्थिति से निपटने के साधनों को लेकर है। अधिकांश इमारतों में आग बुझाने के पर्याप्त यंत्र नहीं हैं और न ही आपात निकास द्वार तय मानकों पर बने हैं। घनी आबादी के बीच जहरीला मेडिकल कचरा सही तरीके से नष्ट न होना मोहल्लेवासियों के दैनिक जीवन में गंभीर बीमारियां फैला सकता है।

### स्थापना का अधिनियम लेकिन पालन नहीं

- मध्यप्रदेश में नर्सिंग होम के लिए मध्यप्रदेश उपाचार्यगृह तथा रजोपचार संबंधि स्थापना अधिनियम 1973 और उसके नियम + क्लिनिक स्थापना एक्ट के तहत चलता है। स्वास्थ्य संचालनालय, भोपाल की एफएक्यू के अनुसार स्टाफ का मापदंड ये है। इसमें उसी पैथी का रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर होना चाहिए जिस पैथी के लिए नर्सिंग होम रजिस्टर्ड है। आंतरिक रोगी के लिए हर 20 बेड या उसके भाग पर एक आरएमपी का होना अनिवार्य। बाह्य रोगियों के लिए हर 50 मरीज प्रतिदिन पर 1 अतिरिक्त आरएमपी।
- **नया नियम (2022 के बाद):** 20 बेड पर 4 नर्स, और 10 बेड या उसके भाग वाले नर्सिंग होम में कम से कम 3 नर्स अनिवार्य है। पुराने नियम में 3 बेड पर 1 नर्स और 10 बेड पर कम से कम 2 नर्स था। नर्स मध्यप्रदेश नर्सिंग कोंसिल में रजिस्टर्ड होनी चाहिए। 50 या उससे अधिक बेड वाले नर्सिंग होम में हर 50 बेड पर 1 नर्सिंग सिस्टर होना अनिवार्य है। इसके साथ ही अन्य स्टाफ में फार्मासिस्ट 1 (अगर इन-हाउस फामेर्सी है)। लैब टेक्नीशियन 1 (न्यूनतम डीएमएलटी), एक्सरे टेक्नीशियन 1 (डिप्लोमा) मल्टी-पर्पज वर्कर कम से कम 2 (12वीं पास)। इसके साथ ही स्टाफ में कोई भी बदलाव होने पर 60 दिन के अंदर निरीक्षण अथारिटी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सूचना देना अनिवार्य है।

## भोपाल में प्रदेश अध्यक्ष परमार का रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग से सम्मान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज भोपाल में श्री रामजी महाजन पिछड़ा वर्ग सम्मान समारोह में शामिल समाजसेवी जिनका सम्मान किया गया उनमें रामी माली समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमनारायण परमार छोटू सर, नर्सिंग घाट धर्मशाला अध्यक्ष आनंदीलाल पटेल, ओंकारेश्वर धर्मशाला अध्यक्ष सत्यनारायण सोलंकी, छात्रावास अध्यक्ष कैलाश हारोड़, चिकित्सा समिति अध्यक्ष दिलीप चौहान, बिजलपुर समाज अध्यक्ष शंकरलाल पटेल, देवास समाज अध्यक्ष मुकेश गोयल, ताराचंद, मालवी साहित्य लेखक नंदकिशोर चौहान, उज्जैन से शिवनारायण जागीरदार, इकलेरा से गौरीशंकर परमार व पुरूषोत्तम परमार एवं अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के सुन्दर आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई और धन्यवाद दिया।

## विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी का आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, जिज्ञासा और नवाचार की भावना विकसित करने के उद्देश्य से भारतीय विद्यालय में दो दिवसीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं गणित की विभिन्न अवधारणाओं को अपने आकर्षक एवं प्रयोगात्मक मॉडल के माध्यम से सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। भारतीय विज्ञान क्लब के निदेशक डॉ. योगेन्द्र कुमार कोठारी ने बताया कि प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा 51 मॉडल एवं 14 पोस्टर प्रस्तुत किए गए। विभिन्न विधाओं में हर्ष बामनिया, पीयूष चौधरी, तनीषा पटेल, नेहा निर्मल, माही विश्वकर्मा, वैभवी वर्मा, अंश चौधरी एवं आदित्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### बारिश में सड़कों की सूरत बिगड़ी गड्ढे बन रहे हादसों की वजह

# नानाखेड़ा सहित निकास चौराहे पर सड़क की हालत खस्ता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के विभिन्न मार्गों पर सड़कों की सूरत बिगड़ रही है। हालत ये हैं कि अब कुछ मार्गों पर तो कदम-कदम पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं जिसके कारण सड़क दुर्घटना होने का अंदेशा भी लगातार वाहन चालकों में बना रहता है।

शहर के नानाखेड़ा क्षेत्र में स्टेडियम के पास सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, इस कारण यहां कुछ दूरी तक सड़क बदहाल है तो निकास चौराहे पर भी सड़क काफी खस्ताहाल मैं है। इसके अलावा केडी गेट से जूना सोमवारिया तरफ जाने वाली सड़क का भी जो हिस्सा है। वह भी लंबे समय से बदहाल है और विभाग की ओर से इसको लेकर कोई सुध तक नहीं ली गई है। बारिश के दिनों में तो यहां जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं और उनमें पानी भरा हुआ है। यहां से हर रोज पैदल राहगीर, दुपहिया व अन्य वाहन चालक निकलते हैं। ऐसे में उनके चोटिल होने का अंदेशा भी बना रहता है।





### कदम-कदम पर गड्ढे

नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे से स्टेडियम से मित्र नगर वाली सड़क काफी दिनों से जर्जर हो रही। बारिश की वजह से सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए। अर्पिता कॉलोनी के अंदर के मार्ग की सड़क भी बदहाल हो रही। हल्की बूंदाबांदी में ही सड़क पर पानी भर जाता है। अब तो यहां कदम-कदम पर गड्ढे बनने से हादसा होने का अंदेशा लोगों में बना रहता है। नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे पर सड़क को जगह-जगह खोद दिया है इस कारण सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और उनमें बारिश का पानी भरा रहता है उस जगह पर उचित ध्यान दिया जाए और जल्द ही इस क्षेत्र की खुद ही सड़क को सुधारा जाए यहां जर्जर सड़क की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं यहां हमेशा वाहनों का अधिक दबाव रहता है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | सोमवार, 14 सितंबर, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण शिविर आयोजित

**इंदौर।** देपालपुर न्यायालय परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श एवं औषधि वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में न्यायालय परिसर के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा विभिन्न रोगों से संबंधित स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श के साथ आवश्यक औषधियों का नि:शुल्क वितरण भी किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि शिविर में न्यायाधीश हिदायतुल्लाह खान, न्यायाधीश रिजवाना कौशर, न्यायाधीश दिव्या श्रीवास्तव, अभिभाषक संघ अध्यक्ष अंतरसिंह मौर्य तथा एसडीओपी संघप्रिय सम्राट की उपस्थिति रही। शिविर में डॉ. सोनाली ठाकुर, डॉ. गौरव जोशी तथा डॉ. ईशा मालवीय, राजेश पटेल, सुनील कलमे आदि ने उपस्थित रहकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं।

### अवैध मदिरा परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

**इंदौर।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कंट्रोलर कमलेश सोलंकी तथा डिप्टी कंट्रोलर एवं वृत्त राजमोहल्ला के सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आज वृत्त राजमोहल्ला क्षेत्र में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग के वृत्त उप निरीक्षक श्रीमती मीना माल एवं टीम द्वारा गश्त के दौरान भूतेश्वर मंदिर के पास पंचकुईया रोड क्षेत्र में शंका के आधार पर दोपहिया वाहन (स्कूटी) को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान स्कूटी के आगे रखे कपड़े के झोले से 55 पाव देशी मदिरा तथा वाहन की डिक्की से 60 पाव प्लेन देशी मदिरा बरामद की गई। कुल 20.7 बल्क लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई।

### नेशनल लोक अदालत में 241 मामलों का हुआ निराकरण

**इंदौर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार एवं म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर के प्रशासनिक न्यायाधिपति सुबोध अभ्यंकर के आदेशानुसार म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत के समक्ष सिविल, रिट, क्रिमिनल एवं अन्य प्रकृति के कुल 537 प्रकरणों को सुनवाई हेतु रखा गया था जिसमें से कुल 241 प्रकरण निराकृत किये जाकर लगभग 3 करोड़ 19 लाख 04 हजार 921 रुपये के अवार्ड पारित हुए। वर्ष 2026 की तृतीय नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ शनिवार उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर के सभागार में प्रशासनिक न्यायाधिपति सुबोध अभ्यंकर, न्यायाधिपति श्री राजेन्द्र कुमार वाणी एवं न्यायाधिपति जय कुमार पिल्लई द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

### सिंहस्थ के कार्यों की प्रगति के लिए बुलाई समन्वय बैठक



**इंदौर।** संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार ने आज सिंहस्थ - 2028 से पूर्व विकास कार्यों में जुटे 15 विभागों के साथ कलेक्टर कार्यालय में संयुक्त समन्वय बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि एक बार विकास कार्य हो जाने के बाद उस कार्य को अन्य विभाग के कार्य के लिए तोड़ना ना पड़े, इसके लिए ऐसा समन्वय जरूरी है जिससे कार्य समय सीमा के साथ ही गुणवत्ता पूर्ण हो सके। इसलिए विभाग प्रमुख के साथ ही विभागों के तकनीकी अधिकारियों का समन्वय बेहतर रहे। इस दौरान संभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने निर्देश दिए कि नगर निगम क्षेत्र में कार्य कर रहे विभागों के साथ नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल हर माह विभागों की संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित करेंगे। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि सिंहस्थ से संबंधित सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। सिंहस्थ के साथ-साथ अन्य विकास कार्य भी प्रभावित न हों, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और निर्माण कार्यों में आ रही अड़चनों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करें। संभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने कहा कि निर्माण कार्य से जुड़े विभाग खासकर सड़क निर्माण कार्य को शुरू करने के पूर्व वैकल्पिक मार्ग का निर्माण सुनिश्चित करें ताकि नागरिकों और वाहन चालकों को परेशानी न आए।

## नैनो न्यूज

- **देवास – फुटकर व्यापारियों को ऋण सुविधा-** फुटकर व्यापारियों से संवाद कार्यक्रम हुआ। छोटे कारोबारियों को ऋण सुविधा और योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया गया।
- **शाजापुर – बाजार में त्योहारी तैयारी तेज-** त्योहारी सीजन को देखते हुए कपड़ा, किराना और घरेलू सामान के कारोबारियों ने नया स्टॉक जुटाना शुरू किया। ग्राहकी बढ़ने की उम्मीद है।
- **सुसनेर – कृषि कारोबार में गतिविधियां बढ़ीं-** सोयाबीन और अन्य खरीफ फसलों की स्थिति को देखते हुए सुसनेर क्षेत्र के मंडी कारोबारियों ने आगामी आवक को लेकर तैयारियां बढ़ाईं।
- **आगर – कृषि उपज की आवक पर नजर-** मौसम में बदलाव के बीच आगर क्षेत्र के व्यापारियों की नजर खरीफ उपज की आवक पर है। मंडी कारोबार में आने वाले दिनों में तेजी की उम्मीद है।
- **रतलाम – थोक कारोबार में बढ़ी हलचल-** त्योहारों से पहले रतलाम के थोक बाजार में किराना और कपड़ा कारोबारियों ने स्टॉक बढ़ाना शुरू किया। व्यापारियों को बेहतर बिक्री की उम्मीद है।
- **मंदसौर – मंडी कारोबार को मिलेगी रफ्तार-** खरीफ उपज की आवक बढ़ने की उम्मीद के साथ मंदसौर के कृषि कारोबार में गतिविधियां तेज होने लगी हैं। व्यापारियों की नजर भावों पर है।

कई क्षेत्रों में आवेदकों के घर से मात्र कुछ मीटर दूर लाईनें लेकिन फिर भी नहीं मिल पा रहा लाभ

# सालों पहले आवेदन एवं पैसा जमा करने पर भी उपभोक्ता परेशान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

एक तरफ एलपीजी की टंकी मिलने की मशक्कत और और दुसरी तरफ शहर में पीएनजी के आवेदकों को सालों बाद भी कनेक्शन मिलने जैसे हाल बने हुए हैं। सालों पूर्व जिन आवेदकों ने कनेक्शन के लिए पैसा भी जमा कर दिया है उन्हें मात्र आश्वासन ही मिल रहे हैं कनेक्शन नहीं। ऐसे में उपभोक्ताओं को दोहरी स्थिति से गुजरना पड रहा है।

शहर में पीएनजी के कनेक्शन कुछ क्षेत्रों में कंपनी मनमानी स्थिति में ही चला रही है। मनमर्जी से कनेक्शन दिए जा रहे हैं। यहां तक की उपभोक्ता को कंपनी के कनेक्शन देने वाले कर्मचारी दिवार बनाने का भी बोल रहे हैं और उसके बाद भी कनेक्शन सालों नहीं दे रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं का खर्च भी हो रहा है और उनकी परेशानी यथावत है। संजय नगर नानाखेडा के उपभोक्ता का कहना है कि उन्होंने 5 साल पहले पीएनजी गैस कनेक्शन देने वाली कंपनी के उज्जैन स्थित नागझिरी कार्यालय में आवेदन किया था। आवेदन के साथ उनसे रकम जमा की गई थी। उन्हें मात्र 15 दिन में कनेक्शन देने का कहा गया था। तीन साल से अधिक समय बीतने के बाद भी अब तक उन्हे कनेक्शन नहीं दिया गया है। इसे लेकर कई बार कंपनी को शिकायत की ,कार्यालय में जाकर अवगत करवाया लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई है।

### क्षेत्र में 10-15 मीटर पर कनेक्शन

उयपभोक्ताओं के अनुसार उनके निवास से मात्र 10-15 मीटर की दुरी पर ही कुछ घरों में गली एवं मुहाने पर कनेक्शन दिए गए हैं लेकिन उनके घर पर कनेक्शन नहीं किया जा रहा है। यहां तक की कई बार बोलने की स्थिति में कनेक्शन के लिए लाईन देना तो दुर अब तक पलट कर नहीं देखा जा रहा है। क्षेत्र में ऐसे एक दो नहीं कई उपभोक्ता हैं।



### दिवार बनवाई कनेक्शन का इंतजार-

खास यह है कि आवेदनकर्ता के सालों अनुरोध के बाद कनेक्शन के लिए कंपनी के कर्मचारी आए और उन्होंने कनेक्शन के लिए दिवार निर्माण का कार्य भी उपभोक्ता से खर्चाकर करवा लिया। 4 फीट उंची एवं 3 फीट चौडी दिवार का निर्माण करवाया,जिसमें 2 हजार रूपए उपभोक्ता ने खर्च कर दिए लेकिन उसके सालों बाद भी उसे कनेक्शन नहीं मिला है।

### उपभोक्ता को उठाना पडा नुकसान

सालों पहले कंपनी में आवेदन एवं उसके बाद दिवार निर्माण को लेकर उपभोक्ता ने खर्च किया। इसके बाद भी कनेक्शन नहीं दिए गए। हाल यह रहा कि गेल से नीलगंगा चौडीकरण के तहत ऐसे उपभोक्ताओं की बनाई गई दिवारें भी चौडीकरण की चपेट में आ गई और उपभोक्ता को हजारों रूपए का बेवजह ही फटका लग गया।

**क्या होती है पीएनजी गैस?** जहां आप गैस सिलिंडर लाते हैं, तो उसमें एलपीजी गैस होती है जबकि, घरों के किचन में जो पाइपलाइन के जरिए गैस पहुंचती है, वो पीएनजी गैस होती है इसमें आपको सिलिंडर भरवाने की जरूरत नहीं होती है।

जनसुनवाई में शिकायत के बाद बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता ने नौ लोगों के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

# परिजनों ने टीम के लौटते ही नाबालिग का विवाह करा दिया

## पहले सगाई की बात, शाम को करा दिया विवाह

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



चाइल्ड हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग और चाइल्डलाइन की टीम ने परिजनों को समझाइश देकर नाबालिग बेटी का विवाह उसकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद करने के लिए शपथ पत्र लिया था। इसके बावजूद परिजनों ने टीम के लौटते ही नाबालिग का विवाह करा दिया। मामले की शिकायत कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचने के बाद बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता ने जांच कर विवाह के प्रमाण जुटाए और थाना गांधी नगर में नौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

जिले में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में लगातार कार्रवाई की जा रही है। जून माह में सांवेर तहसील क्षेत्र में एक 17 वर्ष 5 माह की नाबालिग बालिका के विवाह की सूचना विभाग को मिली थी। इस पर परियोजना अधिकारी सहित टीम ने बालिका के परिजनों को समझाइश दी और उनसे शपथ पत्र लिया कि बेटी के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही उसका विवाह किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा ने कार्रवाई के लिए बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक को निर्देशित किया।

### पहले सगाई की बात, शाम को करा दिया विवाह

निर्धारित विवाह के दिन दोनों परिवार आयोजन स्थल ड्रीम वर्ल्ड रिसोर्ट, गौम्मटगिरी पहुंच गए। दोबारा शिकायत मिलने पर विभाग और चाइल्डलाइन की टीम मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाया। परिजनों ने शपथ पत्र देकर कहा कि विवाह निरस्त कर केवल सगाई की जाएगी। 24 जून को होने वाला विवाह निरस्त करने की बात कही गई, लेकिन टीम के लौटने के बाद शाम को ही नाबालिग का विवाह करा दिया गया। रक्षाबंधन के दौरान जब बालिका अपने ससुराल से मायके आई, तब ग्रामीणों को जानकारी मिली कि विवाह निरस्त नहीं हुआ था, बल्कि उसका विवाह हो चुका है।

**जनसुनवाई में प्रमाण सहित पहुंची शिकायत-** मामले की जानकारी 1 सितंबर को कलेक्टर की जनसुनवाई में मिली। एक आवेदक ने विवाह के प्रमाणों के साथ शिकायत करते हुए बताया कि नाबालिग बालिका का विवाह हो चुका है। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

दुर्गा प्रतिमा और आरती की मांग

# भोपाल: गरबा पंडालों में पंचगव्य पीने के बाद प्रवेश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

नवरात्रि शुरू होने से पहले गरबा आयोजनों को लेकर विवाद खड़ा होने लगा है। हिंदू उत्सव समिति और संस्कृति बचाव मंच ने शहर में होने वाले गरबा आयोजनों को लेकर पंडाल संचालकों से धार्मिक और पारंपरिक स्वरूप बनाए रखने की अपील की है।

समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि हर गरबा पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाए, सुबह-शाम आरती हो और इसके बाद धार्मिक गीतों व भजनों पर गरबा कराया जाए। समिति ने गरबा पंडालों के प्रवेश को लेकर भी अलग व्यवस्था की मांग की है। तिवारी ने कहा कि प्रवेश द्वार पर भगवान विष्णु के वराह अवतार की प्रतिमा स्थापित कर उसका पूजन कराया जाए और इसके बाद लोगों को पंचगव्य देकर प्रवेश दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से आयोजन को धार्मिक स्वरूप देने में मदद मिलेगी।

नवरात्रि हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। घरों से लेकर मंदिरों और सार्वजनिक पंडालों तक घट स्थापना, पूजा, आरती और भजन के आयोजन होते हैं। शाम के समय गरबा और डांडिया के आयोजन भी नवरात्रि उत्सव का प्रमुख हिस्सा बन चुके हैं।

उज्जैन-देवास रोड पर आवागमन प्रभावित, दोनों ओर वाहनों की कतारें

# समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बाईपास मार्ग की समस्या को लेकर रविवार को ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर दिखाई दिया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उज्जैन-देवास रोड पर चक्काजाम कर दिया। इसके चलते मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

ग्रामीणों का कहना है कि बाईपास मार्ग की समस्या के कारण लंबे समय से उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। बार-बार ध्यान दिलाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से ग्रामीणों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया।

चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्या सुनी और यातायात बहाल कराने के प्रयास शुरू किए। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक समस्या का उचित समाधान नहीं होता, उनका विरोध जारी रह सकता है।



### शर्त पर खोला जाम

बाईपास मार्ग पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को उज्जैन-देवास रोड पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रहे हादसों में अब तक 50 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। मार्ग की समस्या का स्थायी समाधान और हादसों पर रोक लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जमकर विरोध जताया। चक्काजाम के कारण उज्जैन-देवास रोड पर यातायात प्रभावित हुआ और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा की। अधिकारियों से चर्चा और मांगों पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने शर्त पर चक्काजाम खोल दिया। हालांकि ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे दोबारा आंदोलन कर सकते हैं।

### श्री सत्य साईं विद्या विहार स्कूल पर 4.30 करोड़ संपत्तिकर बकाया

**इंदौर।** स्कीम-54 स्थित श्री सत्य साईं विद्या विहार कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने स्कूल पर निगम की ओर से जारी संपत्तिकर की मांग को सही ठहराते हुए स्कूल प्रबंधन को कर की राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं। निगम के मुताबिक स्कूल पर फिलहाल करीब 4 करोड़ 30 लाख रुपये का संपत्तिकर बकाया है। इस निर्णय के साथ ही हर साल स्कूल प्रबंधन पर 45 लाख रुपये संपत्तिकर जमा करने का बोझ भी आ गया है। बीते समय से स्कूल व शिक्षण संस्थान संपत्तिकर से छूट का दावा करते रहे हैं। इस निर्णय से उस पर बहस छिड़ गई है। स्कूल का प्रकरण 2020 से कोर्ट में चल रहा था। नगर निगम की तत्कालीन आयुक्त प्रतिभा पाल ने नवंबर 2020 में स्कूल प्रबंधन को संपत्तिकर जमा करने का नोटिस जारी किया था।

# रेलवे स्टेशन पर कचरा फेंका या थूका तो जेब होगी ढीली

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

ट्रेन से सफर करने वालों के लिए एक जरूरी खबर है। रेलवे स्टेशनों पर कचरा फेंकने या थूकने की आदत अब आपकी जेब पर भारी पड़ सकती है। रेल मंत्रालय ने स्वच्छता नियमों को सख्त करते हुए जुमार्ने की रकम बढ़ा दी है। अगर कोई यात्री अब स्टेशन या रेल परिसर में गंदगी फैलाते पकड़ा जाता है, तो उसे 1000 रुपये तक का जुमार्ना भरना पड़ेगा।

आपको बता दें कि साल 2012 से रेलवे परिसर में गंदगी फैलाने वालों पर अधिकतम 500 रुपये का जुमार्ना लगाने का प्रावधान था। अब पूरे 14 साल बाद रेलवे ने इस नियम की समीक्षा करते हुए बड़ा बदलाव किया है। नई अधिसूचना के तहत इस जुमार्ने की राशि को दोगुना कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन ने इन नए नियमों को लागू भी कर दिया है, इसलिए अब सफर के दौरान खास सावधानी बरतने की जरूरत है। अगर कोई यात्री सोचता है कि वह बहस करके या जुमार्ना देने से इनकार कर-के बच निकलेगा, तो उसके लिए सख्त चेतावनी है। नए नियम साफ कहते हैं कि यदि कोई व्यक्ति मौके पर लगाया गया जुमार्ना नहीं भरता है, तो उसके खिलाफ कानूनी शिकंजा कसा जाएगा।

ऐसे लोगों को सीधे सक्षम न्यायालय के सामने पेश किया जाएगा। इतना ही नहीं, कोर्ट में मामला जाने पर जज उस व्यक्ति पर 2000 रुपये तक का जुमार्ना लगा सकते हैं।

घनी बस्तियों से लाइन हटाने की मांग, बोले- वैकल्पिक मार्ग से निकले लाइन

# इंदौर में अंडरग्राउंड मेट्रो के विरोध में सड़क पर उतरे रहवासी

## क्षेत्र में कई निर्माण वर्षों पुराने हैं। खुदाई के कारण नींव कमजोर हो सकती है और मकानों में दरारें भी आ सकती

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के वार्ड 49 के पूर्वी क्षेत्र की तिलक नगर, साईनाथ कॉलोनी, गोयल नगर, पत्रकार कॉलोनी समेत आसपास के रहवासियों ने रविवार सुबह प्रस्तावित अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन के विरोध में प्रदर्शन किया। बंगाली चौराहे के पास मेट्रो ऑफिस के समीप बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने प्रशासन के सामने अपनी आपत्तियां रखीं। प्रदर्शनकारियों ने ह्यवार्ड 49 बचाओ, भूमिगत मेट्रो हटाओह्ल के नारे लगाए। रहवासियों का कहना है कि वे मेट्रो या विकास के विरोध में नहीं हैं, लेकिन घनी आबादी वाले क्षेत्र से भूमिगत लाइन निकालने से भविष्य में कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं।

रहवासियों के मुताबिक, क्षेत्र में पेयजल के लिए मुख्य रूप से बोरिंग पर निर्भरता है। उनका दावा है कि टनल बोरिंग मशीन (ळइट) से खुदाई के दौरान सैकड़ों बोरिंग प्रभावित होकर सूख सकती हैं। प्रदर्शनकारियों ने 50-60 साल पुराने मकानों की नींव को लेकर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि खुदाई से मकानों में दरारें आने और जमीन धंसने का खतरा हो सकता है। निर्माण कार्य के दौरान 2-3 साल तक धूल, शोर और कंपन से बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर असर पड़ने की आशंका भी जताई गई। रहवासियों ने करीब 3.3 किलोमीटर के भूमिगत खंड से अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ने का भी दावा किया।

रहवासियों का कहना है कि वे चाहते हैं कि शहर में मेट्रो का संचालन हो, लेकिन घनी आबादी वाले क्षेत्र से मेट्रो का अंडरग्राउंड रूट न रहे। पहले मेट्रो ट्रेन नाथ मंदिर क्षेत्र से जाने वाली थी, लेकिन बाद में रूट बदल दिया गया। रहवासियों ने मेट्रो ट्रेन के अधिकारियों से मिलकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। रहवासियों ने अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र में कई निर्माण वर्षों पुराने हैं। खुदाई के कारण नींव कमजोर हो सकती है और मकानों में दरारें भी आ सकती हैं। भूमिगत मेट्रो ट्रेन के लिए खुदाई के कारण भविष्य में समस्याएं हो सकती हैं।

### रहवासियों ने वैकल्पिक मार्ग का सुझाव दिया

रहवासियों ने मांग की कि मेट्रो को घनी रहवासी कॉलोनियों से निकालने के बजाय पूर्व निर्धारित गजट नोटिफाइड मार्ग से ले जाया जाए। इसके अलावा वर्ल्ड कप चौराहा-शिवाजी प्रतिमा-एमवाय हॉस्पिटल होते हुए बस स्टैंड तक वैकल्पिक मार्ग का सुझाव दिया गया। प्रदर्शन के दौरान सीए मनीष जैन, अमिताभ उपाध्याय, विपुल जैन, शैलेन्द्र जैन, मनोज दलाल, विकास मिश्रा, अंकित दुबे और राजीव जैन सहित कई रहवासी मौजूद रहे।

### इंदौर-खंडवा रेल लाइन पर धीमी होगी ट्रेन

जंगल के बीच से जब ट्रेन गुजरेगी तो उसकी रफ्तार कम रहेगी। पटरी के आसपास अचानक कोई तेंदुआ, हिरण या अन्य वन्यजीव आ जाए तो उसे बचने का मौका मिले। इसके लिए ट्रेन की गति सामान्य से कम रखने का सुझाव दिया गया है। यह व्यवस्था इंदौर-खंडवा के बीच बनने वाली नई रेल लाइन में देखने को मिलेगी। विकास के साथ जंगल और वन्यजीवों की सुरक्षा पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है। वन विभाग ने पश्चिम रेलवे को सुझाव दिया है कि वन क्षेत्र में ट्रेनों की रफ्तार 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा तक रखी जाए। नई रेल लाइन के निर्माण के लिए जंगल में आने वाले बाधक पेड़ों की कटाई का काम अक्टूबर से शुरू होने की तैयारी है। प्रोजेक्ट के लिए करीब 454 हेक्टेयर वन भूमि लगेंगी। अकेले इंदौर वनमंडल की 407 और खरगोन वनमंडल की 46 हेक्टेयर जमीन शामिल है। निर्माण के दौरान करीब 1.34 लाख पेड़ों की कटाई प्रस्तावित है। अक्टूबर से इन पेड़ों को कटाने का काम शुरू किया जाएगा, जो चार से पांच चरण में पूरा होगा।

### सैकड़ों बोरिंग सूख सकती

रहवासियों ने अधिकारियों से कहा कि खुदाई के लिए टनल बोरिंग मशीन का उपयोग होगा। इससे सैकड़ों बोरिंग सूख सकती हैं। कई बोरिंग टूट भी जाएंगी। इसकी भरपाई कैसे होगी? जिस रूट पर मेट्रो ट्रेन जाएगी, वहां भविष्य में बोरिंग भी नहीं हो पाएंगी।रहवासियों ने कहा कि घनी बसाहट वाले क्षेत्र के बजाय मेट्रो को पहले की प्लानिंग के तहत नाथ मंदिर के पास से ही भूमिगत किया जाना चाहिए। इससे मेट्रो प्रोजेक्ट की लागत भी कम होगी।

## न्यूज कालम



### पिकअप में क्रूरतापूर्वक भरकर ले जा रहे थे तीन गौवंश, पुलिस ने पकड़ा

**सनावद।** पुलिस ने अवैध गौवंश परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से 3 गौवंश मुक्त कराए। पुलिस ने वाहन भी जब्त कर आरोपी अंकुश चौहान (23), निवासी छत्रपति संभाजीनगर, महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नया फोरलेन रोड पर पिकअप को रोककर जांच की। वाहन में क्रूरतापूर्वक गौवंश भरे मिले। दस्तावेज नहीं होने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जब्त वाहन व गौवंश की कुल कीमत करीब 5.05 लाख रुपए बताई गई है। कार्रवाई में एसडीओपी अर्चना रावत के मार्गदर्शन में पुलिस टीम की भूमिका रही।

### आई माता का अवतरण दिवस मनाया



**टांडा(धार)।** सिर्वी समाज की आराध्य देवी श्रीआई माताजी का 611 वा अवतरण दिवस भादवी बीज पर्व नगर मे क्षत्रीय सिर्वी समाज के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। आई माता मंदिर परिसर से ढोल डमालो के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमे समाज के महिला पुरुष व बच्चे अपनी अपनी टोली बनाकर नृत्य करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में सुंदर रथ पर माताजी के चित्र विराजित किया गया था। नगर भ्रमण के दौरान नगर वासियों ने जगह-जगह रथ को रोककर पूजन कर श्रीफल अर्पित किए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पर पहुंची जहा माताजी की आरती व प्रसादी का वितरण किया गया। भादवी बीच के अवसर पर पंचो द्वारा माताजी को गादी भी अर्पित की गई। उसके पश्चात समाज का सहभोज का भी आयोजन किया गया।

### अवैध शराब के विरुद्ध खेतिया में बड़ी कार्रवाई, 1800 किलो महुआ लहान नष्ट

**बड़वानी।** थाना खेतिया, आबकारी विभाग बड़वानी एवं इंदौर उड़ान दस्ता की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दिनांक 11 सितम्बर को थाना खेतिया, आबकारी विभाग बड़वानी एवं इंदौर उड़ान दस्ता की संयुक्त टीम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम द्वारा थाना खेतिया क्षेत्र के ग्राम आमझिरी एवं खोड़ामोहाली में दबिश देकर अवैध शराब निर्माण के स्थानों को चिन्हित कर सर्च किया गया। सर्च के दौरान 3 स्थानों पर महुआ लहान एवं कच्ची महुआ शराब की भट्ठियां मिलीं, जिन्हें मौके पर ही नष्ट किया गया।

### पुनासा क्षेत्र में अवैध मदिरा संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही जारी

**खंडवा।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के निर्देश पर आबकारी विभाग के दल द्वारा शराब की अवैध बिक्री एवं भंडारण रोकने की कार्यवाही लगातार जारी है। जिले आबकारी अधिकारी श्री विनय रंगशाही ने बताया कि शुक्रवार को आबकारी दल के दल ने ग्राम मोहना, केलवाखुर्द, सक्तापुर, डिगरिश, टिगरिया नाले किनारे, जंगल, झाड़ियों में दबिश की कार्यवाहिया की गयी। इस कार्यवाही में कुल 56 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 900 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। महुआ लहान को सैंपल लेकर विधिवत मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कुल 8 प्रकरण कायम किए गए। जप्तशुदा मदिरा एवं महुआ लहान का बाजार मूल्य लगभग 98400 रुपए है।

### बेड़िया मिर्च मंडी में नई फसल की धमाकेदार एंट्री, पहला सौदा 251 किलो



**बेड़िया।** कृषि उपज मंडी में नई मिर्ची की आवक के साथ कारोबार का आगाज हो गया। करीब 100 क्विंटल आवक के बीच किसान और व्यापारियों में उत्साह नजर आया। मुहूर्त में किसान बेणीराम दौड़वा और विजय बिरला बागदा की मिर्ची का पहला सौदा राठौड़ ट्रेडर्स के ओमप्रकाश राठौड़ ने 251 रुपए प्रति किलो के भाव से किया। इसके बाद अन्य किसानों की मिर्ची के भी मुहूर्त सौदे हुए। नई फसल की शुरुआत से किसानों को इस सीजन में अच्छे भाव मिलने की उम्मीद जगी है। मंडी में व्यापारी श्याम राठौड़, धर्मेंद्र भाटिया, बिरजू वर्मा, गोलू तंवर, चेतन राठौड़, सौरभ राय और भोलाराम कैथवास सहित अन्य मौजूद रहे।

### सिरवी समाज ने धूमधाम से मनाया आई माता का 611वां प्रकट उत्सव

**मनावर।** जिला धार।। सीरवी समाज की कुलदेवी आई माता का 611वां प्रकट उत्सव मनावर क्षेत्र में श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। मनावर सहित बालीपुर, गुलाटी, लुन्हेरा, जाजमखेड़ी, दसवीं और सिंघाना में समाजजनों ने धार्मिक आयोजनों के साथ आई माता की आराधना की। सुबह से ही समाजजनों में उत्सव को लेकर उत्साह नजर आया। उत्सव के दौरान आई माता का आकर्षक रथ तैयार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद समाजजनों ने रथ के साथ भव्य जुलूस निकाला। रथ यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। आई माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रथ यात्रा विभिन्न मोहल्लों और घरों के सामने पहुंची, जहां परिवार के सदस्यों ने श्रद्धा के साथ आई माता के रथ का पूजन किया। महिलाओं और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से न्यायालयों में लंबित 615 प्रकरणों का निराकरण हुआ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खंडवा



माननीय मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा श्री संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आज दिनांक 12 सितंबर को जिला न्यायालय परिसर खंडवा तथा तहसील सिविल न्यायालय हरसूद एवं पुनासा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिला खंडवा में कुल 20 खंडपीठों का गठन किया गया था। गठित खंडपीठों के समक्ष न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य प्रकरणों को निराकरण हेतु प्रस्तुत किया गया। लोक अदालत का उद्देश्य पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति एवं समझौते के माध्यम से प्रकरणों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण कर उन्हें न्यायालयीन प्रक्रिया से राहत प्रदान करना रहा।

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खंडवा श्री संजीव श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी, नेशनल लोक अदालत श्री उत्सव चतुर्वेदी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री योगराज उपाध्याय, जिला न्यायाधीश श्री अनिल चैधरी, श्री अरविंद सिंह टेकाम, श्री आशीष प्रताप सिंह, श्री वीरेंद्र जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला रजिस्ट्रार श्री अरविंद सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री पियूष भावे सहित अन्य न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री रविंद्र पाथरीकर, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दिलावर सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण, लोक अभियोजन अधिकारीगण, बैंक, नगर पालिका एवं विद्युत विभाग के अधिकारीगण, तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

## होमगार्ड इंदौर की डिवीजनल कमांडेंट ने सिंहस्थ तैयारियो का जायजा लिया



दैनिक अवन्तिका ▶▶ खंडवा

होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ की इंदौर संभाग की डिवीजनल कमांडेंट श्रीमती प्रीतिबाला सिंह ने ओंकारेश्वर में सिंहस्थ सेल की संभागीय बैठक ली।

सिंहस्थ में घाटों की सुरक्षा हेतु त्रिस्तरीय घाट सुरक्षा कार्ययोजना पर जोर दिया। बैठक में उन्होंने नर्मदा के सभी प्रमुख घाटों पर चेतावनी बोर्ड लगवाने एवं अस्थाई मेटल वॉच टावर लगवाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने भीड़ नियंत्रण एवं अफवाहों से बचाव के लिए सख्त एसओपी बनाने के लिए भी कहा। उन्होंने ओंकारेश्वर एवं ममलेश्वर मंदिर परिसर में आपदा प्रबंधन व्यवस्था, फायर अलार्म सिस्टम की नियमित मॉनिटरिंग और नए संयंत्र लगाने पर जोर दिया। बैठक में इंदौर संभाग के समस्त जिलों के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट, कंपनी कमांडर एवं प्लाटून कमांडर उपस्थित थे।

## लोक अदालत में 237 प्रकरणों का राजीनामे से निराकरण, लाखों की राशि वसूली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सनावद



नेशनल लोक अदालत के आयोजन में सनावद न्यायालय में विभिन्न मामलों में पक्षकारों ने आपसी सहमति से राजीनामा कर प्रकरणों का निराकरण कराया। न्यायालयों में लंबित आपराधिक, चेक बाउंस, वैवाहिक, सिविल, क्लेम सहित प्री-लिटिगेशन मामलों में पक्षकारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

न्यायाधीश मो. असलम देहलवी के न्यायालय में कुल 61 प्रकरणों का निराकरण हुआ। इनमें बिजली विभाग से संबंधित 42 प्रकरणों में करीब 2,79,961 रुपए की वसूली हुई। वहीं 5 क्लेम प्रकरणों में 6,58,000 रुपए तथा वैवाहिक और अन्य सिविल मामलों में करीब 28,68,903 रुपए की राशि का निराकरण/वसूली हुई।

न्यायाधीश योगेश चालीसा के न्यायालय में कुल 157 प्रकरणों में राजीनामा हुआ। इनमें 22 आपराधिक, 40 चेक बाउंस, 20 वैवाहिक, 69 अन्य सिविल, 1 प्री-लिटिगेशन तथा नगर पालिका से संबंधित प्रकरण शामिल रहे। चेक बाउंस प्रकरणों में करीब 1 करोड़ 22 लाख 1 हजार रुपए की वसूली हुई। नगर पालिका के मामलों में करीब 5 लाख 90 हजार 200 रुपए की राशि का निराकरण हुआ।

न्यायाधीश आकांक्षा गर्ग के न्यायालय में कुल 18 प्रकरणों में राजीनामा हुआ। इनमें 10 चेक बाउंस, 5 आपराधिक, 2 एमजीसी तथा 1 यूएनसीआर प्रकरण शामिल रहा। इन मामलों में करीब 88,79,699 रुपए की राशि का निराकरण हुआ।

लोक अदालत में नगर पालिका, बैंक, फाइनेंस कंपनियों, विद्युत विभाग सहित न्यायालय में लंबित नए-पुराने मामलों से जुड़े पक्षकारों ने भाग लिया। चेक बाउंस, पति-पत्नी के बीच विवाद, दुर्घटना क्षतिपूर्ति क्लेम, वसूली सहित विभिन्न मामलों में आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में अभिभाषक संघ अध्यक्ष गणेश मालवीय, केसी सोहनी, कृष्णराव सोनाने, सचिव भारत पटेल सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने सहयोग किया। न्यायालय खंडपीठ सदस्य रविंद्र अंबिया, संदीप बैसवार, दंदु जी, नितिन जोशी, ज्योति चौहान सहित न्यायालय स्टाफ, बैंक, फाइनेंस कंपनियों और बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 1 करोड़ से अधिक मूल्य की अवैध गांजे की फसल जप्त

**बड़वानी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के अंतर्गत अवैध मादक पदार्थों पर अंकुश लगाने हेतु विशेष निर्देश दिए गए हैं। पुलिस महानिरीक्षक (ग्रामीण जोन इंदौर) श्री अनुराग, पुलिस उप महानिरीक्षक (निमाड़ रेंज खरगोन) सुश्री सिमाला प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन व मार्गदर्शन में थाना वरला के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में अवैध गांजे की खेती पर प्रहार करने हेतु ऑपरेशन ग्रीन स्ट्राइक शुरू किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर एवं एसडीओपी सेंधवा श्री अजय वाघमारे के नेतृत्व में खरगोन, खंडवा और बड़वानी जिलों के 400 से अधिक पुलिसकर्मियों की 12 टीमों का गठन किया गया। टीमों ने 12 सितम्बर को थाना वरला क्षेत्र के 19 गांवों और आड़नदी के दुरस्थ पहाड़ी व जंगल इलाकों में ड्रोन की मदद से व पैदल सर्चिंग कर 5 अवैध खेतों का पर्दाफाश किया।



## असाड़ा राजपूत समाज ने एक लाख रुपए नगद राशि का दिया दान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आलीराजपुर

विश्राम घाट सेवा समिति द्वारा संचालित मुक्तिधाम का सौंदर्य करण कार्य का प्रथम चरण चल रहा है। जिसमें कई सारे कार्य चल रहे हैं। इसी क्रम में विश्राम घाट सेवा समिति द्वारा करवाए जा रहे सौंदर्य करण कार्य से प्रभावित होकर असाड़ा राजपूत समाज ने सराहनीय पहल करते हुए समाज की ओर से विशेष तौर पर मुक्तिधाम के लिए एकत्रित की गई एक लाख रुपए की नगद राशि को दान राशि रविवार को मुक्तिधाम में समिति के पदाधिकारी को सौंपी। इस अवसर पर असाड़ा राजपूत समाज के अध्यक्ष मानेंद्र सिंह गेहलोत, उपाध्यक्ष राजेश आर. वाघेला, मीडिया प्रभारी उमेश वर्मा समाज के वरिष्ठ ओम सेठ राठौर, अरविंद गेहलोत, अरुण गेहलोत व राकेश चौहान ने मुक्तिधाम पर चल रहे सौंदर्य करण कार्य का अवलोकन भी किया। विश्राम घाट सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष थेपड़िया, सचिव आशुतोष पंचोली व कोषाध्यक्ष जगदीश सराफ ने सौंदर्य करण कार्य के प्रथम चरण की जानकारी दी। समिति अध्यक्ष संतोष थेपडिया ने इस अवसर पर कहा कि असाडा राजपूत समाज ने आगे रहकर अपनी ओर से पहल की और समिति को सुंदरीकरण कार्य के लिए एक लाख रुपए सहर्ष प्रदान किए हैं, यह बहुत ही सराहनीय व अनुकरणीय कार्य है। इसके लिए समिति असाडा राजपूत समाज का आभार मानती है।

## त्योहारी सीजन से पहल खाद्य विभाग की रेड, दुकानदारों पर की कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बुरहानपुर

गणेश उत्सव और त्योहारी सीजन से पहले नेपानगर में मिलावटी मिठाई और दूध का खेल उजागर करने के लिए खाद्य विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बुधवारा और मातापुर बाजार में ३ दुकानों पर दबिश देकर सैंपल लिए। टीम ने बुधवारा बाजार के चर्चित प्रकाश स्वीट्स से मावा जलेबी और मातापुर बाजार की दो बड़ी डेयरियों - वैभव डेयरी और सरस्वती डेयरी से दूध के सैंपल लिए हैं। सभी सैंपलों को जांच के लिए लैब भेजा गया है। खाद्य अधिकारी कमलेश डावर ने कहा कि रिपोर्ट आते ही नियमानुसार केस दर्ज किया जाएगा। जांच में बड़ा खुलासा यह हुआ कि प्रकाश स्वीट्स का मावा पहले भी जांच में फेल हो चुका है। तब कोर्ट से ३० हजार रुपये का जुर्माना लगा था। सहायक अधिकारी अलोक रावत के मुताबिक यह जुर्माना दुकानदार ने अब तक जमा ही नहीं किया है। विभाग ने अब सख्त रुख अपनाते हुए दुकानदार को ७ दिन का अंतिम नोटिस दिया है। जुर्माना जमा नहीं किया तो दुकान सील कर दी जाएगी। संचालक की सफाई - जलेबी नहीं दही का सैंपल लियादुकान संचालक राम जैसवानी ने विभाग की कार्रवाई पर ही सवाल खड़े कर दिए। उनका कहना है कि टीम ने मावा जलेबी नहीं बल्कि दही का सैंपल लिया है। वहीं पुराने जुर्माने पर बोले कि उन्हें कोई नोटिस मिला ही नहीं, नोटिस मिलते ही २ दिन में पैसा जमा कर दूंगा। विभाग की सख्ती के बाद अब नेपानगर के मिठाई बाजार में हड़कंप मचा है।



## अवैध मदिरा के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई, 10 प्रकरण दर्ज

**बड़वानी।** जिले में अवैध मदिरा की बिक्री, संग्रहण, चोर्यनयन/निर्माण एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह एवं उपायुक्त आबकारी इंदौर संभाग, इंदौर द्वारा सतत कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।उक्त निर्देशों के परिपालन में जिला आबकारी अधिकारी श्री अशोक कुमार खत्री के मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती अभिलाषा वर्मा के नेतृत्व में 12 सितम्बर को आबकारी बल द्वारा वृत राजपुर के ग्राम मटली, निहाली, पलसूद एवं वृत खेतिया में ग्राम भातकी, बेहडिया, राखीबुजुर्ग, करणपुरा, बाएगोट में दबिश देकर देशी मदिरा 8.36 बल्क लीटर, विदेशी मदिरा 7.02 बल्क लीटर, विदेशी माल्ट मदिरा 18.55 बल्क लीटर, हाथभट्ठी मदिरा 35 बल्क लीटर जप्त की एवं 270 किलोग्राम महुआ लहान बरामद कर सैंपल लेकर मौके पर फैलाया जाकर नष्ट किया। उक्त कार्यवाही के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क, च के तहत आबकारी विभाग द्वारा कुल 10 प्रकरण पंजीबद्ध किए गये। जप्त मदिरा एवं महुआ लहान की अनुमानित कीमत लगभग 45,134 रुपये है।कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक कमलेश बामनिया, दिलीप जायसवाल, विभा नांदले, आबकारी प्रधान आरक्षक इरफान अली, सुदेश आचार्य, हुकुम पाटीदार, आबकारी आरक्षक प्रिया सुल्या, एवं सुयश यादव आदि का विशेष योगदान रहा।

## 17 सितंबर से एक माह तक चलेगा 'सेवा संकल्प अभियान'

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बुरहानपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर बुरहानपुर जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक महीने का 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। इसे जन-जन का अभियान बनाने को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बड़ी बैठक हुई। बैठक में विधायक एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, कलेक्टर हर्ष सिंह, एसपी आशुतोष बागरी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

दीदी ने कहा कि यह सिर्फ सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को विकसित भारत की संकल्पना से जोड़ने का अभियान है। सेवा, समर्पण और संगठन के भाव से युवा, महिलाएं, विद्यार्थी, वरिष्ठ नागरिक, कलाकार, खिलाड़ी, साहित्यकार और स्वयंसेवी संगठनों को जोड़ना होगा।

1.25 बड़े सेवा कार्य सेवा पखवाड़े में जिले भर में २५ कार्यक्रम होंगे। इसमें रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, अनाथालय-वृद्धाश्रम में सेवा, एक गांव गोद लेकर सेवा, वीर सैनिकों का सम्मान, दिव्यांगजन सहयोग, वृक्षारोपण, स्वच्छता ही सेवा, प्लास्टिक मुक्ति, जल संरक्षण, योग-ध्यान, महिला स्वास्थ्य, पोषण, नशामुक्ति, सड़क-साइबर सुरक्षा, मतदाता जागरूकता, फिट इंडिया, शिक्षा सहयोग, कैरियर काउंसलिंग और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियान शामिल हैं।

2आशीर्वाद का दीयाः अभियान में हितग्राहीमूलक योजनाओं के लाभार्थियों के साथ दीप प्रज्वलन कार्यक्रम होगा।

3 नमो गाथा सेवाः विगत 25 वर्षों के सेवा कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को संगीतमय नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया जाएगा। चिटनिस ने कहा कि सेवा किसी एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति निरंतर जिम्मेदारी है। सभी विभागों को नोडल अधिकारी नियुक्त कर स्पष्ट कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं।



## दो दिवसीय जिला स्तरीय आयोजन में 360 भैया-बहनों ने लिया भाग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंडलेश्वर

ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला खरगोन द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय शारीरिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिता तथा विज्ञान एवं गणित मेले का आयोजन किया गया। आयोजन 12 सितंबर की दोपहर से 13 तक चला। इसमें खरगोन जिले के 9 विद्यालयों से करीब 360 भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

उद्घाटन सत्र में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ब्लॉक कोर्डिनेटर महेश्वर श्रीमती अनीता हिरवे, ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला खरगोन के सचिव सदाशिव कुशवाह, जिला प्रमुख भगवान पाटिल, सरस्वती शिशु मंदिर कतरगांव के प्रधानाचार्य एवं खेल महोत्सव के संयोजक योगेंद्र सिंह मंडलोई सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।आयोजन के दौरान 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, तवा फेंक सहित विभिन्न शारीरिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वहीं बौद्धिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में रंगोली, चित्रकला, एकल अभिनय, वंदे मातरम, निबंध लेखन, गीता पाठ सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिताओं में बड़दिया सूरता विद्यालय ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। बलवाड़ा विद्यालय द्वितीय तथा सतवाड़ा विद्यालय तृतीय स्थान पर रहा।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव रहे। इस अवसर पर विधायक मेव ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद का भी विद्यार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है।

### मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थियों को देंगे ई-स्कूटी की सौगात

**खंडवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव "मुख्यमंत्री स्कूटी योजना" अंतर्गत 16 सितंबर को भोपाल से मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी का वितरण करेंगे। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों में कक्षा १२वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बुधवार को एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। इससे विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की राह आसान होगी। साथ ही, कॉलेज आने-जाने में भी सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री स्कूटी योजना का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं में प्रथम प्रयास में ही 70 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान आना जरूरी हैं। इस योजना का लाभ स्कूल शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययनरत विद्यार्थी को दिया जाता है। योजना में सभी विद्यार्थियों को शामिल किया गया है।

**ओएचई संरचनाओं पर पक्षी निवारक जेल की आपूर्ति और अनुप्रयोग**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (उप), पश्चिमी रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008, ई-निविदा सूचना संख्याः WR-MMCTOESUB(ESOT) /14/2026 आमंत्रित करता है। कार्य का नामः चर्चगेट-विरार खंड में ओएचई संरचनाओं पर पक्षी निवारक जेल की आपूर्ति और अनुप्रयोग (2026-27 और 2027-28)। कार्य की अनुमानित लागतः 2,02,61,756/- रुपये। बोली सुरक्षा राशिः 4,05,200/- रुपये। जमा करने की तिथि एवं समयः 09.10.2026 को 15.00 बजे से पहले निर्धारित तरीके से। निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 09.10.2026 को 15.30 बजे। वेबसाइट संबंधी विवरणः निविदा को वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से देखा और जमा किया जा सकता है। 0591

0591

हमें लाइक करेंः facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न रचनाएँ**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कोचिंग), मुंबई सेंट्रल-०८, ई-निविदा सूचना संख्याः WR-MMCT0ECOA (ECTD)/5/2026R 0/0 SRDEE/CHG /MMCT/WR (कंप्यूटर संख्या 720105) के तहत निविदा आमंत्रित करता है। कार्य का नामः मुंबई डिवीजन के बांद्रा टर्मिनस कोचिंग डिपो के रूफ माउंटेड डिजाइन के एलएचबी और एसजी एसी कोचों में लगे विभिन्न कंपनियों के एसी पैकेज यूनिट के वार्षिक रखरखाव का अनुबंध, एक वर्ष की अवधि के लिए। कार्य की अनुमानित लागतः 6,35,98,097.24 रुपये। बोली सुरक्षा राशिः 12,72,000 रुपये। ई-निविदा सूचना संख्याः WR-MMCT 0ECOA (ECTD)/43/2026 0/0 SRDEE/CHG/MMCT/WR (कंप्यूटर संख्या 781010) के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य का नामः मुंबई डिवीजन के एलएचबी पावर कार में डीए सेट स्विचगियर पैनल में 200 वीए, 750/415 वी कंट्रोल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। कार्य की अनुमानित लागतः 4,72,292.64 रुपये। निविदा सुरक्षा राशिः 9,500 रुपये। दोनों निविदाएं जमा करने की तिथि और समयः 05.10.2026, दोपहर 3.00 बजे तक। दोनों निविदाएं खोलने की तिथि और समयः 05.10.2026 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए। विवरण कृपया हमारी वेबसाइट पर जाएँ www.ireps.gov.in 0594

0594

हमें लाइक करेंः facebook.com/WesternRly

**न्यूज -कॉलम**

## चार अस्पतालों में चला उपचार उसके बाद भी हुई मौत



**उज्जैन।** बडौद के भदवासा में रहने वाले संदीप पिता लाखन 19 साल ने 31 अगस्त को जहर खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे भाई को कॉल किया था। उसे आगर अस्पताल ले जाया गया, जहां एक दिन भर्ती रहने के बाद डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। परिवार उज्जैन लेकर आया और इस दौरान उपचार के लिये कुछ-कुछ दिन में तीन अस्पताल बदले, बावजूद शनिवार-रविवार रात निजी अस्पताल में संदीप की मौत हो गई। रविवार सुबह माधवनगर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों के बताया कि संदीप शराब पीकर घर लौटा था, उसे मां ने फटकार लगाई थी, जिसके बाद खेत पर जाकर उसने कीटनाशक पी लिया था। 12 दिनों में परिवार को उपचार के लिये लाखों रूपये भी खर्च कर दिये, फिर भी जान नहीं बच पाई।

## पिता-पुत्र पर पड़ोसियों ने लाठियों से किया हमला

**उज्जैन।** ताजपुर में सफाई को लेकर दिन में महिला का पडोस में रहने वाले परिवार से विवाद हो गया था। महिला का पति शाकीर अहमद हुसैन और पुत्र शाहिद हुसैन घर पर नहीं थे। दोनों रात में घर लौटते तो उन्हे पडोसियों से विवाद होने का पता चला, पिता-पुत्र पडोसियों को समझाने पहुंचे, इसी दौरान रईस, फराहन और रेहान ने लाठियों से हमला कर दिया। पिता-पुत्र घायल हो गये, परिवार दोनों को अस्पताल लेकर पहुंचा। चरक अस्पताल के ड्युटी कंपाउंडर की सूचना पर पंवासा थाना पुलिस घायलों के बयान दर्ज करने पहुंची और मामला दर्ज किया।

## बदमाश ने वृद्ध से मारपीट कर फोड़े खिड़की के कांच

**उज्जैन।** देवासरोड शांति निकेतन में रहने वाले दुर्गादास पिता शंभूसिंह चंद्रावत 62 साल शनिवार रात 12 बजे घर के बाहर बैठे थे। उसी दौरान हाटकेश्वर में रहने वाला राहुल राय आया और शराब पीने के लिये 2 हजार रूपये मांगने लगा। वृद्ध दुर्गादास ने पैसे देने से मना किया तो राहुल ने मारपीट की और घर के बाहर लगे कैमरे तोड दिया। उसने पत्थर फेंक खिडकी के कांच भी क्षतिग्रस्त कर दिये। घटना के बाद चंद्रावत परिवार रात में नागझिरी थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। दुर्गादास चंद्रावत ने बताया कि राहुल को पहले से पहचानते है। पुलिस ने आरोपी की तलाश में रविवार सुबह हाटकेश्वर में दबिश् दी लेकिन वह फरार होना सामने आया।

## लोहे के पुल पर गश खाकर गिरे वृद्ध की मौत

**उज्जैन।** लोहे का पुल क्षेत्र से पैदल गुजरते समय वृद्ध अचानक गश खाकर गिर गया। कुछ लोग उठाने पहुंचे, वृद्ध की सांस थम गई थी। उनके पास मिले मोबाइल के नम्बरों पर डायल किया तो पता चला कि अमरनाथ एवेन्यू के रहने वाले अशोक पिता बंशीधर श्रीवास्तव 66 वर्ष है। कुछ परिचित अजीज घोडी वाले की गली लोहे का पुल पहुंचे और उन्हे अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद हार्ट अटैक होने की संभावना जताई। मृतक वृद्ध का पुत्र डॉक्टर है, जो पूर्व में शासकीय जिला अस्पताल में पदस्थ रह चुका था। मामले में खाराकुआ थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## आगर रोड़ पर शिकारी हुआ दुर्घटना का शिकार

**उज्जैन।** आगररोड पर रविवार सुबह मछली का शिकार करने वाला शिकारी सडक दुर्घटना का शिकार हो गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में पुलिस ने क्रेन चालक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।भैरवगढ़ क्षेत्र के पारस नगर में रहने वाला कन्हैया पिता भैरूलाल केवट 55 साल मछली का शिकार करता है। सुबह सायकल से शिकार करने के लिये निकला था। आगररोड पर आरके बंसल स्कूल के सामने उसे क्रेन ने कुचल दिया। दुर्घटना में कन्हैयालाल का एक पूरी तरह से पहिये के नीचे दबा गया था, उसे लोगों की मदद से एम्बुलेंस में चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने खून अधिक बह जाने पर हालत गंभीर होना बताई और भर्ती किया। परिजन दुर्घटना की खबर मिलने पर अस्पताल पहुंच गये थे, उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया है। मामले में चिमनगंज पुलिस ने क्रेन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## आगजनी के मामले में 43 दिन बाद दर्ज हुआ प्रकरण

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम पाट स्थित डूंगरखेडा नई आबादी में रहने वाले नागूलाल पिता मोतीलाल मंडावरिया के बाडे और मकान में 31 जुलाई को आगजनी हुई थी। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की थी, नागूलाल ने पुराने विवाद में समाज के युवक पर आरोप लगाया था। जांच पूरी होने के 43 दिन बाद मामले में युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया। बताया जा रहा है कि जून माह में भी विवाद हुआ था, उस समय पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया था। उसी रंजीश में आगजनी को अंजाम दिया गया था।

### देवासरोड पर किराना दुकान संचालक की मौत, पोती घायल...

# बाइक-कार भिड़ंत के बाद बोलासा में चक्काजाम





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

देवासरोड पर कार-बाइक भिडंत में किराना दुकान संचालक की मौत होने पर लोगों ने चक्काजाम कर दिया। 3 घंटे तक सैकडो की संख्या में लोग सडक पर डटे रहे। पुलिस ने बमुश्किल समझाईश के बाद जाम खुलावाया।

नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम बोलासा में रविवार सुबह 11 बजे तेजगति से दौडती कार ने बाइक पर सवार रामचंद्र पिता सेवाराम प्रजापत 48 साल निवासी चंद्रावतीगंज और उसकी 14 वर्षीय पोती को टक्कर मार दी। रामचंद्र की मौके पर मौत हो गई। घटना की खबर समीप के ग्राम मुजाखेडी में रहने वाले रिश्तेदारों को लगी तो घटनास्थल पहुंचे। उन्होने गांव वालों के साथ मिलकर देवासरोड पर चक्काजाम कर दिया। घटनाक्रम की खबर मिलने पर नरवर टीआई बबलू मंडलोई थाना स्टॉफ के साथ मौके पर पहुंच गये थे। मृतक रामचंद्र का शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। मामूली घायल हुई पोती को रिश्तेदार अपने साथ ले गये। इधर चक्काजाम के चलते मार्ग पर जाम के हालत बन गये।

उज्जैन से जाने वाले और देवास की ओर से आने वाले वाहनों की लाइन लग गई। चक्काजाम करने वालों का कहना था कि रामचंद्र चंद्रावतीगंज में छोटी किराना दुकान संचालित करता था, परिवार की आर्थिक स्थित अच्छी नही है। परिवार को मुआवजा दिया जाये और देवासरोड पर होने वाली लगातार दुर्घटना को रोकने के लिये हरनावदा चौराहे, सेमलिया सहित तीन एक्सिडेंटल जोन पर ब्रिज बनाया जाए। चक्काजाम करने वाले अपनी मांग पर अडे रहे, करीब 3 घंटे तक पुलिस जाम खुलवाने की मशक्कत करती रही। दोपहर 2 बजे थाना प्रभारी ने प्रशासन को मांगों से अवगत कराने का आश्वासन दिया। और चक्काजाम खत्म कराया। चक्काजाम के चलते मार्ग पर वाहनों की संख्या इतनी अधिक हो गई थी कि यातायात सुचारू होने में करीब 2 घंटे का अतिरिक्त समय लगा गया।

मृतक रामचंद्र के परिजनों ने पोस्टमार्टम के दौरान बताया कि ग्राम मुंजाखेडी में रिश्तेदार के यहां हुई गमी का कार्यक्रम रखा गया था। रामचंद्र पोती के साथ शामिल होने आ रहा था। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा, जिसे अंतिम संस्कार के लिये चंद्रावतीगंज ले जाया गया। थाना प्रभारी मंडलोई का कहना था कि मार्ग पर लगे कैमरों के फुटेज देखकर कार चालक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# युवक के पास मिला 11 पत्तियों वाला सोने का हार

### चोरी करने वालों ने बेचने के लिये दिया था

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अमृतनगर में 2 माह पहले हुई चोरी का एक 11 पत्ती वाला सोने का हार पुलिस बरामद नहीं कर पाई थी। आरोपियों ने बेचने के लिये साथी को देना बताया था। जिसकी लगातार तलाश की जा रही थी। शनिवार रात पुलिस ने आरोपियों के साथी को गिरफ्तार कर ढाई लाख कीमत का हार बरामद किया है।

मक्सीरोड अमृतनगर में रहने वाली शांताबाई देवडा के मकान में 28 जून को दिनदहाडे चोरी होना सामने आया था। पंवासा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर 10 दिन बाद शांताबाई के नाबालिग पोते और उसके 2 साथियों कार्तिक बेंडवाल के साथ मुनिया उर्फ मोनू पंवार को गिरफ्तार कर लाखों के आभूषण बरामद कर लिये थे। लेकिन 11 पत्ती वाला सोने का हार नहीं मिल पाया था। पूछताछ में कार्तिक बेंडवाल ने बताया था कि उसने चोरी का हार बेचने के लिये गज्जू उर्फ गजा लौहार को दिया है। पुलिस ने गज्जू की तलाश शुरू की थी, लेकिन फरार होना सामने आया था। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि 2 माह बाद शनिवार रात चीता पार्टी में पदस्थ आरक्षक प्रकाश जाट खबर मिली कि चोरी के आभूषण बेचने के लिये अपने पास रखने वाला गज्जू गरोठ ब्रिज के नीचे खडा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिये आरक्षक के साथ एएसआई



संतोष राव, आरक्षक पंकज, अमरनाथ को रवाना किया गया।

ब्रिज के नीचे खडे गज्जू ने पुलिस को देख बचकर निकलने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे पकड लिया। थाने लाकर पूछताछ करने पर उसने हार घर में छुपाकर रखना कबूल किया। रात में ही पुलिस उसके घर शीतल पब्लिक स्कूल के पीछे पंवासा पहुंची और ढाई लाख कीमत का हार बरामद कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गज्जू उर्फ गजा पिता गोविंदसिंह लौहार मूलरूप से ग्राम नलखेडा झारडा का रहने वाला है कुछ सालों से पंवासा में निवास कर रहा है। उसका अपराधिक रिकार्ड सामने नहीं आया है। पूछताछ में उसका कहना था कि कार्तिक ने बेचने के लिये दिया था, लेकिन उनके पकडने जाने के बाद हार घर में छुपा दिया था।

## खड़े हनुमान मंदिर में सद्बुद्धि हवन किया गया

**साध्वी हर्षानंद गिरि बोलीं- प्रशासन को आए सद्बुद्धि**



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

खड़े हनुमान मंदिर को लेकर चल रहे विवाद के बीच रविवार को मंदिर परिसर में सद्बुद्धि हवन किया गया। साध्वी हर्षानंद गिरि और पूज्य श्री शंकर लक्ष्मीनारायण जी महाराज सहित कई श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां दीं। हवन का उद्देश्य प्रशासन और सरकार को सद्बुद्धि देने के साथ हनुमानजी की प्रतिमा को उसी स्थान पर बनाए रखने और मंदिर निर्माण का निर्णय कराने की प्रार्थना करना है।

**प्रशासन से जल्द स्थिति स्पष्ट करने की मांग-** साध्वी हर्षानंद गिरि ने कहा कि प्रशासन और सरकार जल्द स्पष्ट करें कि हनुमानजी की प्रतिमा नहीं हटाई जाएगी और इसी स्थान पर मंदिर का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने निर्णय के लिए 2 से 3 दिन का समय मांगा है। यदि इस अवधि में स्थिति स्पष्ट नहीं होती है, तो अनशन और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

**संतों से मंदिर की रक्षा के लिए आगे आने की अपील-** साध्वी ने संत समाज से धर्म और मंदिरों की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब संत भगवान श्रीराम के नाम पर अपना जीवन समर्पित करते हैं, तो हनुमानजी के मंदिर से जुड़े इस मामले में भी उन्हें आगे आना चाहिए। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र का भी उल्लेख किया। साध्वी हर्षानंद गिरि ने कहा कि उमा भारती की आस्था को देखते हुए उन्हें उम्मीद है कि सरकार जल्द ही हनुमानजी की प्रतिमा को यथास्थान रखने और मंदिर निर्माण को लेकर सकारात्मक घोषणा करेगी।

**फिर तय होगी आंदोलन की रणनीति-** साध्वी ने कहा कि रविवार को हवन के बाद प्रशासन को सोमवार तक का समय दिया गया है। इसके बाद सरकार और प्रशासन के रुख को देखते हुए आंदोलन की आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## दबिश में मिल रहा कच्ची शराब बनाने का लहान

**उज्जैन।** सागर में जहरीली शराब कांड सामने आने के बाद जिले में आबकारी विभाग अवैध शराब को लेकर लगातार कार्रवाई कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्ची शराब बनाने की सामग्री लहान बडी मात्रा में बरामद हो रहा है।

आबकारी विभाग की टीम 3 सितंबर से लगातार जिले में अवैध शराब परिवहन करने वालों के साथ हाथ भट्टी पर बनाई जा रही कच्ची शराब के ठिकानों पर दबिश मार रही है। रविवार को टीम बडनगर पहुंची थी, जहां ग्रामीण क्षेत्रों में दबिश के दौरान एक स्थान से 4 लीटर कच्ची शराब के साथ 250 किलोग्राम महुआ लहान बरामद किया गया। एक व्यक्ति को बाइक से अवैध देशी शराब का परिवहन करते भी पक?ा गया। एक कच्चे मकान से देशी शराब के क्वार्टर जप्त किये गये। दिनभर चली कार्रवाई में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 4 प्रकरण दर्ज किये गये। आबकारी नियंत्रण कक्ष अधिकारी मुकेश रंदा ने बताया कि जिले में लगातार अभियान जारी रहेगा। सहायक आबकारी आयुक्त निधी जैन के मार्गदर्शन में अलग-अलग 8 टीमें जिले में सूचना मिलने पर कार्रवाई के लिये पहुंच रही है। 11 सितंबर को नागदा, टकरावदा, भाटीसुडा, पारदी और हताई में कार्रवाई करते हुये 710 किलो महुआ लहान बरामद किया गया था। जिसे प्लास्टिक के ड्रमों में भर जमीन में गा?कर छुपाया गया था।

## आगजनी के मामले में 43 दिन बाद दर्ज हुआ प्रकरण

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम पाट स्थित डूंगरखेडा नई आबादी में रहने वाले नागूलाल पिता मोतीलाल मंडावरिया के बा? और मकान में 31 जुलाई को आगजनी हुई थी। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की थी, नागूलाल ने पुराने विवाद में समाज के युवक पर आरोप लगाया था। जांच पूरी होने के 43 दिन बाद मामले में युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया। बताया जा रहा है कि जून माह में भी विवाद हुआ था, उस समय पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया था। उसी रंजीश में आगजनी को अंजाम दिया गया था।

## भानेज को फोन लगाने से मना किया तो हुआ विवाद

**उज्जैन।** पिपल्या बाजार माकडोन में रहने वाले अशोक पिता बालाराम थावलिया की भानेज से घर के पास रहने वाला पंकज मोबाइल पर बात करता था। अशोक को जानकारी लगी तो वह पंकज के घर पहुंचा और भानेज को बार-बार फोन लगाने से मना किया। जिसको लेकर उनके बीच विवाद हो गया। पंकज ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। माकडोन पुलिस ने पकंज के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## तेज बारिश में 2 लोगों पर गिरी आकाशीय बिजली

**उज्जैन।** तेज बारिश में रविवार दोपहर को 2 लोगों पर आकाशीय बिजली गिर गई। दोनों की मौके पर मौत हो गई, एक के पास मोबाइल रखा था, वह भी फट गया।

मामला नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम बा?कुम्मेद का है। रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में तेज बारिश का क्रम बना हुआ था। सुबह खेत पर गये मानसिंग पिता सरदार मीणा 70 साल और हरीलाल पिता तेजाराम राठौर 35 साल बारिश शुरू होने पर वापस घर आ रहे थे। दोनों घर से आधा किलोमीटर दूर थे, उसी दौरान बारिश के साथ आकाशीय बिजली चमकी और उनके पास आकर गिरी। दोनों झुलस गये और मौके पर ही दम तो? दिया। बिजली गिरने पर हरीलाल के पास रखा मोबाइल भी फट गया था। गांव वालों को खबर लगी तो मौके पर पहुंचे। परिवार के लोग भी पहुंच गये थे। मामले की जानकारी लगने पर पुलिस पहुंची और दोनों शवों को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने बताया कि दोनों खेत में चारा काटने गये थे, हरीलाल मजदूरी का काम करता था। वर्षाकाल के दौरान जिले में इस बार आकाशीय बिजली गिरने का पहला मामला सामने आया है। पिछले वर्ष आधा दर्जन लोगों की बिजली गिरने से मौत होना सामने आया था।

## उज्जैन में हिन्दी दिवस पर जुटा देशभर के संतों और साहित्यकारों का जमावड़ा

**उज्जैन।** हिन्दी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय सर्वधर्म संत बालीनाथ जूना अखाड़ा द्वारा आगर रोड स्थित इंदिरा नगर के अतिथि निवास में 12 और 13 सितंबर को आयोजित दो दिवसीय साहित्य संत सत्कार सम्मेलन रविवार को संपन्न हो गया। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए संत, महामंडलेश्वर और साहित्यकारों ने राष्ट्रभाषा हिन्दी के विकास, वर्तमान चुनौतियों और साहित्य पर गंभीर मंथन किया। आयोजन की अध्यक्षता अखाड़े के अध्यक्ष महंत बालीनाथ सरस्वती लालचंद गोमे ने की। सम्मेलन के दौरान राजभाषा दिवस के अवसर पर बालीनाथ अखाड़ा में हिन्दी साहित्यकारों और संतों का सम्मान भी किया गया।

आयोजन तीन प्रमुख गोष्ठियों में विभाजित था। कार्यक्रम का शुभारंभ 12 सितंबर शनिवार को हुआ, जिसमें सम्मेलन की उपलब्धियों और भावी भूमिका पर चर्चा के साथ विशाल कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। दूसरे दिन 13 सितंबर को राष्ट्रभाषा सम्मेलन हुआ, जिसमें हिन्दी के संदर्भ में उत्पन्न भ्रांतियां और उनके निराकरण के उपाय विषय पर विचार-विमर्श किया गया। अंतिम सत्र में राष्ट्रभाषा परिषद तथा भारतीय संहिता शक्ति पर चर्चा के साथ संत और साहित्यकारों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। सम्मेलन में मुख्य रूप से द्वारका पीठाधीश्वर अनंत विभूषित जगद्गुरु सूर्याचार्य कृष्णदेवानंद गिरी महाराज, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार के सदस्य स्वामी सदानंद महाराज महामण्डलेश्वर, असम के महंत राजेन्द्र गिरी महाराज और दत्त अखाड़ा सचिव महंत 1008 गुप्तगिरी महाराज उपस्थित रहे। इनके अलावा राजस्थान के सवाई माधोपुर से संत साहिबा दास महाराज, उत्तर प्रदेश से भंते डॉ. सुमेध थेरो, उज्जैन की साध्वी हरिप्रिया महाराज, महंत साध्वी राजराजेश्वरी गिरी महाराज और स्वासरा मंडी के संत रणजीत कबीर पंथी ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। आयोजन समिति में संयोजक डॉ. प्रियांशी पारिक, कार्यवाहक संयोजक डॉ. उर्मी शर्मा, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश नागवंशी, डॉ. प्रेमलता चुटेल व डॉ. उमा वाजपेयी, कोषाध्यक्ष सीए महक गोमे और महासचिव डॉ. पुष्पा चौरसिया। डॉ. गीता नायक एवं राधाकिशन वाडिया शामिल थे। संगठन सचिव का दायित्व डॉ. रमेश चंगेसिया, संध्या जैन और तरुणा जोशी ने निभाया। सचिव पद पर संगीता जाटवा, ललित बैण्डवाल और रूकमणी गोमे रहे। संयुक्त सचिव के रूप में डॉ. नेत्रा रावणकर।

# 24 घंटे में 21 मिमी. बारिश, तापमान में 1 डिग्री का उछाल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

प्रदेश में मानसून का सिस्टम सक्रिय दिखाई दे रहा है, लेकिन शहर में बारिश की रफ्तार रिमझिम बनी हुई है। शनिवार से रविवार के बीच 24 घंटे में 21 मिमी. बारिश ही दर्ज हो पाई है। तापमान में भी एक डिग्री का उछाल आया है।

प्रदेश में कमजोर पडा चुका मानसून फिर से सक्रिय हो गया है। बंगाल की खाडी में बना कम दबाव क्षेत्र और मानसून की ट्रफ के साथ पश्चिमी मध्यप्रदेश में चक्रवाती परिसंरचरण बना होने से कई जिलों में तेज बारिश हो रही है। उज्जैन के आसपास भी बारिश का क्रम बना हुआ है, लेकिन शहर में रिमझिम का दौर बना हुआ है। शासकीय जीवाजी वेधशाला पर पिछले 24 घंटे में 21 मिलीमीटर बारिश ही दर्ज हो पाई है। वेधशाला अधीक्षक के अनुसार अब तक 666 मिमी. बारिश हुई है। जो 26 इंच से कुछ अधिक है, शहर की औसतन बारिश का आंकडा 36 इंच माना गया है। जिसमें 10 इंच की जरूरत बनी हुई है। शहर में तेज बारिश की उम्मीद सभी को है, लेकिन आसमान में छाये बादल झमाझम नहीं बरस रहे है। कभी धूप तो कभी



बादलों की घटा दिखाई दे रही है। रविवार को रिमझिम बारिश के बीच तापमान में 1 डिग्री की तेजी आई और 31 डिग्री दर्ज किया गया। वैसे मौसम विभाग ने तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। आसपास के जिलों में अच्छी वर्षा हो रही है, शहर में तेज बारिश की संभावना कम बनी हुई है।

**रिमझिम बारिश से फैला कीचड**

शहर में शनिवार रात से हो रही रिमझिम बारिश से लोगों की मुसीबत बड गई है। पूरे शहर में सिंहस्थ विकास कार्यो की गति तेज बनी हुई है। सिवरेज की खुदाई का काम भी चल रहा है। जिसके चलते कीचड फैल गया है। दो पहिया वाहन चालक फिसल रहे है। सडकों पर पानी भरा हुआ है। पैदल चलने वालों को भी परेशानी का सामना करना पडा रहा है। सिवरेज खुदाई के चलते नालियां भी चौक हो गई है।

# माया का निद्रा



किसी से पूछा है, एक मनुष्य भूखा है, यह एक भौतिक सत्य है। क्या हम इसे स्वप्न कहकर उसके दुख से अप्रभावित रहेंगे?

ज्ञान अर्थात सत्य के अनुसार, जिस दुख की आप बात करते हैं, वह अवश्य स्वप्न है, क्योंकि विश्व स्वयं एक स्वप्न है, जिसका छोटा-सा भाग यह दुख है। स्वप्न में आपको भूख लगती है और दूसरे भूख से पीड़ित लोग भी दिखते हैं। आप स्वयं खाते हैं और भूख से पीड़ित अन्य लोगों को करुणा से खिलाते हैं। जब तक स्वप्न रहता है, भूख की पीड़ा बिल्कुल सच्ची लगती है, जैसे इस समय आपको जगत में दिखने वाली पीड़ा सच्ची लगती है। जब आप जागते हैं, तब मालूम पड़ता है कि स्वप्न में देखी गई पीड़ा सच्ची नहीं थी।

खूब खाकर आप सोए हों, फिर भी स्वप्न में आपको लगता है कि दिन भर श्रम करके आप थक गए हैं। आपको जोरों की भूख लगी है और खाना चाहते हैं। आप स्वप्न में भोजन करते हैं, लेकिन आप जग जाते हैं, तो पता चलता है कि आपका पेट तो भरा हुआ है और आप शय्या में हिले भी नहीं हैं। स्वप्न की भूख को स्वप्न के अन्न से मिटाना आवश्यक है।

जब तक आप ज्ञान की अवस्था प्राप्त नहीं करते और माया की निद्रा से जगते नहीं, तब तक आपको अवश्य समाजसेवा करनी चाहिए और जहां भी दुख दिखे, उसे दूर करने के प्रयत्न करने चाहिए। ऐसी सेवा भी मैं कर्ता हूं का अभिमान छोड़कर, मैं ईश्वर का निमित्त-मात्र हूं भाव से करनी चाहिए। आपको उस मनुष्य में निवास करने वाले ईश्वर की पूजा करने की भावना से उसकी सहायता करनी चाहिए। ऐसी सारी सेवा अपनी आत्मा की सेवा है।

**सम्पादकीय**

## ब्रिक्स से उम्मीदें

राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में ब्रिक्स के सम्मेलन का ऐतिहासिक आयोजन सुखद और स्वागतयोग्य है। वैसे, साल 2021 में भी यह आयोजन नई दिल्ली के हिस्से आया था, पर कोरोना महामारी की वजह से तब सम्मेलन वर्चुअल रहा था। इस बार फिर भारत को ब्रिक्स सम्मेलन के आयोजन का मौका मिला है और यह मौका ऐतिहासिक साबित होना चाहिए। नई दिल्ली विश्व के अनेक आला नेताओं का स्वागत कर रही है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अनेक देशों के आला नेता नई दिल्ली आ गए हैं और महत्वपूर्ण बैठकों का सिलसिला चल पड़ा है। शनिवार को सम्मेलन की शुरूआत होगी और रविवार को आयोजन की उपलब्धियों से दुनिया रूबरू होगी। वाकई, ब्रिक्स से बड़ी उम्मीदें रही हैं। साल 2006 में इसकी शुरूआत ह्यब्रिकञ्ज देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के साथ हुई थी, तब डॉक्टर मनमोहन सिंह भारत के प्रधानमंत्री थे। चार देशों - ब्राजील, रूस, भारत और चीन की भागीदारी के साथ बीआरआईसी या ब्रिक का पहला सम्मेलन 2009 में हुआ था और साल 2011 में इस समूह में दक्षिण अफ्रीका के शामिल होते ही संगठन का नाम हो गया ब्रिक्स।

यह मानने में हर्ज नहीं कि इस संगठन की रीढ़ रूस है। दुनिया में खुद को अलग-थलग होने से बचाने के लिए रूस ने ही साल 2024 में इसका बड़ा विस्तार किया। अब इस संगठन में 11 सदस्य देश हैं और 10 साझीदार देश। इन सभी देशों से इनके आला नेता ही नहीं, बड़े प्रतिनिधिमंडल भी आ रहे हैं या आ चुके हैं। अभी ब्रिक्स का अध्यक्ष देश भारत विशेष रूप से जन-केंद्रित या मानवता-प्रथम के विचार के साथ आगे बढ़ रहा है। ब्रिक्स के तहत इस वर्ष मई से ही भारत में बैठकों का दौर शुरू हो गया था। अनेक मुद्दों पर सहमति पहले ही बन गई है और देशों के आला नेताओं व राष्ट्राध्यक्षों को अंतिम मुहर लगाने का काम करना है। ब्रिक्स में सामूहिक समझौतों या संकल्पों से अलग द्विपक्षीय वार्ताओं पर भी खास निगाह रहने वाली है। व्लादिमीर पुतिन-नरेंद्र मोदी वार्ता के साथ ही, शी जिनपिंग-नरेंद्र मोदी वार्ता से स्वाभाविक ही बड़ी उम्मीदें हैं। भारत की मंशा हर प्रकार से सहयोग-समन्वय बढ़ाने की है और सबको उम्मीद यही है कि ब्रिक्स के तमाम जिम्मेदार नेता इसी दिशा में आगे बढ़ेंगे। ब्रिक्स के नेताओं को भूलना नहीं चाहिए कि संगठन के तीन मुख्य स्तंभ तय हुए थे - राजनीतिक व सुरक्षा सहयोग, आर्थिक व वित्तीय साझेदारी, और जन-जन के बीच आदान-प्रदान।

### दुनिया की सबसे ज्यादा बोली और समझी जाने वाली भाषा है हिंदी

# हिंदी का सूर्य कभी अस्त नहीं होता

भाषा सिर्फ शब्दों का समूह नहीं होती, भाषा एक सभ्यता की आत्मा होती है और जब हम हिंदी की बात करते हैं तो हम सिर्फ एक भाषा की बात नहीं करते, हम एक जीवंत सभ्यता की बात करते हैं जो आज दुनिया के हर कोने में सांस ले रही है। अंग्रेजों को अपने साम्राज्य पर गर्व था कि उनके राज में सूर्य कभी अस्त नहीं होता, क्योंकि दुनिया के किसी न किसी हिस्से में उनका झंडा लहराता रहता था। आज वही गौरव हिंदी को प्राप्त है और वह भी बिना किसी तलवार और बिना किसी साम्राज्य के, सिर्फ प्रेम, फिल्म, संगीत, योग और अब इंटरनेट और एआई के दम पर। हिंदी का सूर्य कभी अस्त नहीं होता, क्योंकि जब भारत में रात के बारह बजते हैं, तो लंदन में शाम होती है और वहाँ कोई माँ अपने बच्चे को हिंदी में सुला रही होती है, जब लंदन में रात होती है तो टोरंटो में दोपहर होती है और वहाँ टैक्सी में हिंदी गाना बज रहा होता है और जब टोरंटो में रात होती है तो फिजी में सुबह होती है और वहाँ के स्कूल में बच्चे हाथ जोड़कर गा रहे होते हैं - इतनी शक्ति हमें देना दाता। यह चक्र चौबीस घंटे चलता है और कभी रुकता नहीं।



डॉ. शैलेश शुक्ला (दैनिक अवन्तिका)

कुछ लोग जो सिर्फ किताबी आंकड़ों पर भरोसा करते हैं, वे कहते हैं कि हिंदी बोलने वाले 60-70 करोड़ हैं, लेकिन यह आधी-अधूरी गिनती है जो सिर्फ मातृभाषा के कॉलम को देखती है। अगर हम भाषा को उसकी व्यावहारिक ताकत से देखें, यानी कौन बोलता है, कौन समझता है, कौन काम चलाता है, कौन गाना सुनता है, कौन फिल्म देखता है, तो तस्वीर पूरी तरह बदल जाती है। आइए इस प्रैक्टिकल गणना को जमीन पर उतर कर देखते हैं, बिना किसी कल्पना के, सिर्फ आंकड़ों और राज्यों की आबादी के आधार पर। सबसे पहले भारत के उन दस राज्यों को लेते हैं जहाँ हिंदी मातृभाषा है, घर की भाषा है। उत्तर प्रदेश की आबादी आज लगभग 25 करोड़ है, बिहार की 14 करोड़, मध्य प्रदेश की 9 करोड़, राजस्थान की 8.5 करोड़, हरियाणा की 3.2 करोड़, झारखंड की 4 करोड़, छत्तीसगढ़ की 3.2 करोड़, दिल्ली की 2.5 करोड़, उत्तराखंड की 1.2 करोड़ और हिमाचल प्रदेश की 80 लाख। इन सबको जोड़ दीजिए तो संख्या 70 करोड़ को पार कर जाती है। ये 70 करोड़ लोग वो हैं जिनके लिए हिंदी सीखने की भाषा नहीं, बल्कि रोज जीने की भाषा है। वे पैदा होते ही हिंदी सुनते हैं और हिंदी में ही सोचते हैं। भारत में 109.2 करोड़ इंटरनेट सब्सक्राइबर हैं जिनमें 57 प्रतिशत यानी 54.8 करोड़ ग्रामीण भारत से हैं और ये ग्रामीण यूजर इन्हीं दस राज्यों से सबसे ज्यादा आते हैं जो इंटरनेट पर हिंदी में ही सर्च करते हैं, हिंदी में ही वीडियो देखते हैं।

अब दूसरे हिस्से को देखिए जो अक्सर गिनती से छूट जाता है, यानी भारत में ही 40 करोड़ लोग जो हिंदी को दूसरी भाषा के रूप में समझते और बोलते हैं। महाराष्ट्र और गुजरात को लीजिए, जहाँ मराठी देवनागरी में ही लिखी जाती है और गुजराती की लिपि भी देवनागरी से मिलती-जुलती है, यहाँ का व्यापारी, मजदूर और छात्र रोज हिंदी में काम चलाता है। सिक्किम में नेपाली, जम्मू में डोगरी, असम में बोडो, बिहार में मैथिली जैसी भाषाएँ देवनागरी में लिखी जाती हैं और ये हिंदी की सगी बहनें हैं, इसलिए इन क्षेत्रों के लोग बिना पढ़ाए हिंदी समझ लेते हैं। दक्षिण भारत में केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में स्कूलों में हिंदी तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाई जाती है और वहाँ रेलवे स्टेशन, बाजार, सिनेमा हॉल और अब तो हर मोबाइल में मौजूद ओटीटी, यूट्यूब और सोशल मीडिया रील्स एवं शॉर्ट्स ने हिंदी को घर-घर पहुँचा दिया है, आज करीब 60 करोड़ लोग शॉर्ट वीडियो देखते हैं और उनमें से अधिकतर कंटेंट हिंदी और उससे मिलती-जुलती भाषाओं में है, हैदराबाद में तो हिंदी आम बोलचाल की भाषा बन चुकी है। इस तरह महाराष्ट्र, गुजरात, सिक्किम, डोगरी-बोडो-मैथिली क्षेत्रों और दक्षिण के पाँच राज्यों में मिलाकर 40 करोड़ लोग ऐसे हैं जो हिंदी को अपनी रोजमर्रा की जरूरत के लिए इस्तेमाल करते हैं, वे हिंदी फिल्मों के डायलॉग जानते हैं, वे हिंदी गानों पर नाचते हैं और वे इंटरनेट पर हिंदी में कमेंट करते हैं। तो भारत के अंदर ही कुल संख्या हो जाती है 70 करोड़ जमा 40 करोड़, यानी 110 करोड़। इसका अर्थ है कि 145 करोड़ के भारत में 110 करोड़ लोग, यानी 75 प्रतिशत से ज्यादा आबादी, हिंदी से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है।

अब भारत की सीमा से बाहर निकल कर पूरे उपमहाद्वीप को देखिए। भाषा विज्ञान का एक सच्चा नियम है कि हिंदी और उर्दू दो अलग भाषाएँ नहीं हैं, वे एक ही बोली के दो लिखने के तरीके हैं। आम बोलचाल में पानी, रोटी, घर, दिल, प्यार, दोस्त, इज्जत जैसे शब्द हिंदी में भी वही हैं और उर्दू में भी वही हैं। पाकिस्तान की 24 करोड़ आबादी उर्दू बोलती है जो बोलने में 90 प्रतिशत हिंदी ही है, नेपाल की 3 करोड़ आबादी नेपाली बोलती है जो देवनागरी में लिखी जाती है और हर नेपाली हिंदी फिल्म देखकर हिंदी समझता है और बांग्लादेश की 17 करोड़ आबादी में से 8 करोड़ युवा वर्ग बॉर्डर के संपर्क और हिंदी फिल्मों व गानों के कारण हिंदी-उर्दू अच्छी तरह समझता है। इन तीनों देशों को मिलाकर 35 करोड़ लोग ऐसे हैं जो बिना हिंदी की किताब पढ़े ही हिंदी समझ लेते हैं। इस तरह उपमहाद्वीप में कुल संख्या हो जाती है 110 करोड़ जमा 35 करोड़, यानी 145 करोड़। यह संख्या किसी भी सरकारी जनगणना से बड़ी है क्योंकि यह प्रयोग के आधार पर गिनी गई संख्या है, कागज के आधार पर नहीं।

अब दुनिया के नक्शे को और बड़ा करिए। आज दुनिया का कोई देश ऐसा नहीं है जहाँ भारतीय, पाकिस्तानी, नेपाली और बांग्लादेशी न रहते हों। खाड़ी देशों दुबई, सऊदी अरब, कतर, ओमान, कुवैत में 1 करोड़ से ज्यादा भारतीय और पाकिस्तानी मजदूर और व्यापारी रहते हैं और वहाँ केरल का नर्स और यूपी का मिस्त्री आपस में हिंदी में ही बात करता है, क्योंकि हिंदी ही वहाँ की संपर्क भाषा बन गई है। अमेरिका में 50 लाख, कनाडा में 25 लाख, ब्रिटेन में 20 लाख, ऑस्ट्रेलिया में 10 लाख भारतीय बसे हैं, फिजी में हिंदी सरकारी भाषा है, मॉरीशस की संसद में हिंदी बोली जाती है, सूरीनाम, त्रिनिदाद और गुयाना में आज भी भोजपुरी और हिंदी गीत गाए जाते हैं। इन लोगों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी भले ही स्कूल में अंग्रेजी पढ़ती हो, लेकिन घर में दादी से वीडियो कॉल पर वह हिंदी में ही कहती है - दादी, पैर छू रही हूँ। ऐसे 8 करोड़ लोग दुनिया भर में फैले हैं जो रोज हिंदी से जुड़े हैं और हिंदी को जिंदा रखे हैं। और अंत में वह सबसे नया परिवार जो पिछले दो साल में सबसे तेजी से बढ़ा है, यानी 5 करोड़ विदेशी प्रशंसक जो न भारतीय हैं, न पाकिस्तानी, फिर भी हिंदी से जुड़े हैं।

### पहचान का पन्ना

तहसील परिसर के पुराने पीपल के चबूतरे पर पचहत्तर साल के भीखा बाबा हर सोमवार सुबह ठीक दस बजे अपनी लाठी टेकते हुए आकर बैठ जाते थे। उनके कांपते हाथों में लोहे का एक पुराना जंग लगा चिमटा और कपड़े में लिपटी एक पीली मुड़ी हुई पर्ची हमेशा रहती थी जिसे वे अपनी धोती के पल्ले से बार-बार पोंछते रहते थे। आज इकतीस अगस्त को विमुक्त जाति दिवस के सरकारी उत्सव के मौके पर जब सुरक्षा गार्ड ने उन्हें गेट पर देखा तो अपनी मूंछों पर ताव देते हुए ठहाका लगाकर बोला कि ₹बाबा जब आज पूरे प्रदेश में घुमंतू और विमुक्त जातियों की आजादी का जश्न मनाया जा रहा है तो इस जंग लगे लोहे के चिमटे को रोज अपनी छाती से लगाकर यहाँ बड़े अफसरों के आगे क्या तमाशा खड़ा करते हो।₹ भीखा बाबा अपनी धुंधली आँखों से दफ़्तर की सीढ़ियों को देखते और बहुत धीमी आवाज में मुस्कुराकर कहते कि ₹बेटा यह लोहे का चिमटा केवल कबाड़ नहीं है बल्कि इस पूरे लोकतंत्र की वो जलती हुई आग है जिसने मेरे समाज के माथे से गुलामी का ठप्पा मिटाने का केवल कागजी ढोंग रचा है।₹ आसपास खड़े तमाम मुंशी और दलाल उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि ₹लगता है इस बुढ़ापे में इस बावरिया का दिमाग पूरी तरह सठिया गया है जो एक चिमटे को अपनी ढाल बनाकर पूरे राजस्व विभाग से जाति प्रमाण पत्र का हिसाब मांगने चला आया है।₹ भीखा बाबा किसी की बात का तनिक भी बुरा माने बिना उस चिमटे की नोंक को अपनी कांपती उंगलियों से सहलाते और गाड़ियों का इंतजार करते रहते थे। तहसील के सभी कर्मचारी भीखा बाबा की इस साप्ताहिक मूक उपस्थिति से पूरी तरह परिचित हो चुके थे और उन्हें एक उपेक्षित बुजुर्ग मानकर पूरी तरह अनदेखा कर देते थे। दफ़्तर का बड़ा बाबू जब भी फाइलों का पुलिंदा लेकर उपजिलाधिकारी के केबिन की तरफ बढ़ता तो भीखा बाबा बहुत उम्मीद से अपनी लाठी के सहारे खड़े हो जाते और हाथ जोड़कर कहते कि ₹बाबू जी क्या आज उस विमुक्त जाति प्रमाण पत्र और जमीन के पट्टे वाले कागज पर साहब के दस्तखत हो गए।

### पञ्चांग राशिफल



दिनांक - 14 सितंबर 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:28
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - तृतीया 07:07 उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - चित्रा 13:55 उपरांत स्वाति
योग - ब्रह्म 12:46 उपरांत ऐन्द्र
करण - गर
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 02 तारिख

**मेष-** कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा में आप आगे रहेंगे। व्यापार में पुरानी योजनाओं को लागू करने के लिए दिन अनुकूल है।

**वृषभ-** लव लाइफ में मधुरता रहेगी और पार्टनर के साथ महत्वपूर्ण चर्चा हो सकती है।

**मिथुन-** रुका हुआ धन प्राप्त होगा, आर्थिक स्थिति सुधरेगी। तरोताजा महसूस करेंगे, खानपान में संतुलन रखें।

**कर्क-** तीसरे भाव के चंद्रमा से नौकरीपेशा लोगों को पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि मिलेगी।

**सिंह-** व्यापार में नए सौदे होंगे और अचल संपत्ति से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा।

**कन्या-** परिवार के साथ खुशनुमा समय बीतेगा। पाचन तंत्र का विशेष ध्यान रखें, सात्विक आहार लें।

**तुला-** 12वें भाव का चंद्रमा आध्यात्मिक कार्यों और शांति की ओर झुकाव बढ़ाएगा।

**वृश्चिक-** विदेशी संपर्कों या आयात-निर्यात में लाभ संभव है। प्रेम संबंधों में आपसी समझ की आवश्यकता रहेगी।

**धनु-** वित्तीय पक्ष सामान्य रहेगा, बजट बनाकर चलें। पीठ या कमर दर्द की शिकायत हो सकती है।

**मकर-** 9वें भाव का गोचर आपकी कड़ी मेहनत का पूरा फल भाग्य के रूप में देगा।

**कुंभ-** व्यावसायिक गतिविधियों में निरंतरता बनी रहेगी। लव लाइफ में सकारात्मक मोड़ आ सकता है।

**मीन-** आर्थिक पक्ष संतुलित रहेगा। अधिक काम की वजह से शारीरिक थकान महसूस हो सकती है।

**| संदर्भ: 14 सितंबर हिंदी दिवस पर विशेष |**

## सरल हिंदी की बढ़ती वैश्विक व्यापकता

हिंदी को लेकर अकसर शिकायत रहती है कि यह भाशा सरल नहीं है, इसलिए किशोर एवं युवा वर्ग इससे दूर हो रहा है। जबकि यह सच्चाई नहीं है। देषभर में आजीविका और बोलचाल की भाशा बन जाने के कारण पूरे देष में हिंदी का बोलबाला और सर्व-स्वीकार्यता बढ़ रही है। स्वतंत्रता आंदोलन, हिंदी फिल्में, टीवी सीरियल, विज्ञापन और अब डिजिटल और सोषल मीडिया की प्रमुख भाषा हिंदी ही है। इन माध्यमों पर हिंदी की लोक बोली और भाशाओं का प्रभुत्व निरंतर बढ़ रहा है। ह्यहनुमान अंशह्य फिल्म के लोकप्रिय होने का कारण इसके लोकगीत और आंचलिक भाशा ही है। सरकारी काम-काज में हिंदी की उपयोगिता बढ़ाने की दृश्टि से केंद्रीय राजभाशा मंत्रालय ने एक परिपत्र जारी करके हिंदी अनुवाद की जटिलता को दूर करने का काम भी कर दिया है। षासकीय विभागों को निर्देष जारी किए हैं कि वे अपने पत्रों व अपने अभिलेखों में उर्दु, अंग्रेजी, अरबी, फारसी और तुर्की मूल के उन षब्दों का प्रयोग कर सकते हैं, जो लोकप्रिय होने के साथ प्रचलन में है। अतएव अनुवादित हिंदी में अब ह्यलोह पथ गामिनीह्य और ह्यद्विचक्र वाहिनीह्य जैसे दुरूह षब्दों की अनिवार्यता खत्म हो गई है। म



प्रमोद भार्गव (दैनिक अवन्तिका)

वैसे भी भाषा केवल विचारों को व्यक्त करने का माध्यम नहीं है, वह मनुष्य के अनुभवों, संवेदनाओं, स्मृतियों और सपनों को एक-दूसरे तक पहुँचाने वाला सेतु भी है। कोई भाषा तभी जीवंत और प्रभावशाली बनती है, जब वह अपने समय के मनुष्य से सहज संवाद कर सके। हिंदी के संदर्भ में आज आवश्यकता ऐसी भाषा की है जो न तो अनावश्यक रूप से कठिन हो और न ही अपनी अभिव्यक्ति की गरिमा खोए। वह सरल, सरस, संवेदनशील भी हो और समावेशी भी। इसी दृष्टि से ह्यसुवार्तित हिंदीह्न की संकल्पना महत्वपूर्ण प्रतीत होती है। ह्यसुवारितह्न या ह्यसुवार्तितह्न को यदि हम व्यापक अर्थ में ग्रहण करें तो इसका आशय ऐसी हिंदी से हो सकता है जो अपने कथ्य को सुंदर, स्पष्ट, सहज और प्रभावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करे। ऐसी हिंदी पाठक पर शब्दों का बोझ नहीं डालती, बल्कि विचार और भाव को उसके मन तक स्वाभाविक रूप से पहुँचाती है। इसमें भाषा का सौंदर्य शब्दों की कठिनता में नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति की सजीवता में दिखाई देता है।

सरलता का अर्थ भाषा को कमजोर या साधारण बना देना नहीं है। सरल भाषा वह है जिसमें जटिल विचारों को भी सहज ढंग से व्यक्त करने की क्षमता हो। विज्ञान, दर्शन, इतिहास, समाजशास्त्र अथवा साहित्य जैसे गंभीर विषय भी यदि सरल भाषा में प्रस्तुत किए जाएँ तो उनका प्रभाव व्यापक हो जाता है। हिंदी की शक्ति उसकी व्यापक जन संस्कृति में है। गांव से लेकर महानगर तक, विद्यार्थी से लेकर सामान्य पाठक तक और साहित्य से लेकर पत्रकारिता तक हिंदी के अनेक रूप दिखाई देते हैं। इसलिए, हिंदी को केवल विद्वानों की भाषा न होकर सामान्य जन की अनुभूति और समझ की भाषा है। किसी भी भाशा में एक ही बात को दो प्रकार से कहा जा सकता है। पहला वाक्य वह जो केवल सूचना देता है, जबकि दूसरा वाक्य उसी सूचना में अनुभूति और जीवन को संवेदित चेतना से जोड़ देता है। सरस हिंदी पाठक के मन में दृश्य बनाती है, संवेदना जगाती है और उसे विषय से जोडती है। इसलिए हिंदी की मूल प्रकृति समावेशी है। भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता बहुत व्यापक है। हिंदी अनेक भारतीय भाषाओं से शब्द ग्रहण करती रही है और अपने विकास के क्रम में संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, फारसी, अरबी, तुर्की, अंग्रेजी तथा विभिन्न भारतीय भाषाओं से प्रभावित हुई है। इसलिए हिंदी को किसी एक संकीर्ण भाषाई सीमा में नहीं बांधा जा सकता है।

# जय हिंदी बोलते हैं, जी अंग्रेजी करते हैं

हिंदी से हमारा रिश्ता भी बड़ा अजीब है–साल में एक दिन प्रेम उमड़ता है और बाकी दिन सुविधा जीत जाती है। 14 सितंबर को वही हिंदी सम्मान पाती है, जिसे 364 दिन सुविधा, करियर और प्रतिष्ठा के लिए पीछे कर दिया जाता है। दफ्तरों में अधिकारी हिंदी की महिमा गाते हैं, अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के अभिभावक बच्चों से हिंदी कविता सुनवाते हैं और स्टूडियो में एंकर उसकी अस्मिता पर बहस करते हैं। माइक बंद होते ही सब अपनी सुविधाजनक भाषा में लौट जाते हैं। इसलिए हिंदी दिवस अब भाषा का उत्सव नहीं, हमारी भाषाई दोहरी मानसिकता का सालाना पदार्फाश है। पहले यह दिखावा सीमित था; अब मीडिया, तकनीक और सोशल मीडिया ने इसे खुली सच्चाई बना दिया है।



कृति आरके जैन, (दैनिक अवन्तिका)

सरकारी दफ्तरों में हिंदी की हैसियत साल में एक दिन सजने वाली उस कुर्सी जैसी है, जिस पर बैठने का अधिकार किसी को नहीं होता। साल भर फाइलें, आदेश और निर्णय अंग्रेजी में चलते हैं। हिंदी दिवस आते ही शब्दकोश खुलते हैं, भाषण लिखे जाते हैं और अधिकारी ऐसी हिंदी बोलते हैं कि हिंदी भी अपना परिचय पूछ बैठे। समारोह खत्म होते ही वह फिर फाइलों के किनारे चली जाती है। नौकरशाही ने हिंदी को कामकाज की भाषा से उठाकर समारोह की सजावट बना दिया है। भव्य आयोजन से यह भ्रम तो बन जाता है कि हिंदी का काम हो रहा है, पर असली सवाल मंच का नहीं, प्रशासन में हिंदी के वास्तविक इस्तेमाल का है।

घर में हिंदी की आरती और स्कूल में अंग्रेजी की फीस– हमारे भाषाई चरित्र का इससे बेहतर परिचय नहीं। हिंदी दिवस पर माता-पिता बच्चों को हिंदी की किताबें देते, भाषण तैयार कराते और मातृभाषा पर गर्व जताते हैं; लेकिन भविष्य के लिए अंग्रेजी माध्यम स्कूल चुनते हैं। डर रहता है कि हिंदी माध्यम का बच्चा अवसरों में पिछड़ जाएगा। यह डर भाषा का नहीं, व्यवस्था का है। अंग्रेजी रोजगार, प्रतिष्ठा, तकनीक और सामाजिक सुरक्षा का पासपोर्ट है, जबकि हिंदी संस्कृति और भावनाओं तक सीमित है। हमने बच्चों से कहा–हिंदी से प्रेम करो, भविष्य अंग्रेजी में बनाओ। फिर शिकायत करते हैं कि नई पीढ़ी हिंदी से दूर क्यों है।

राजनीति में हिंदी का प्रेम वोट के साथ आता है और सत्ता के साथ बदल जाता है। चुनावी मंच पर नेता जनता की भाषा बोलता है; सत्ता में पहुँचते ही भाषा बदल जाती है। संसद में हिंदी की प्रतिष्ठा का सवाल उठता है, अंतरराष्ट्रीय मंच पर अंग्रेजी सुविधा बनती है और नीतियों के दस्तावेजों में वही भाषा हावी रहती है, जिसे आम नागरिक अक्सर अनुवाद से समझता है। हिंदी दिवस पर हिंदी बढ़ाने के संकल्प दोहराए जाते हैं, जबकि भाषा संकल्प से नहीं, निरंतर व्यवहार से मजबूत होती है। जरूरत में हिंदी, सुविधा में अंग्रेजी–यह प्रेम नहीं, चयनात्मक उपयोग है। सत्ता जब हिंदी को सिर्फ जनता तक पहुँचने का औजार बनाएगी, तब वह मजबूत भाषा नहीं, राजनीतिक सुविधा भर रहेगी।

बाजार को हिंदी की शुद्धता नहीं, उसकी पहुँच चाहिए। इसलिए विज्ञापन हिंदी में हैं, नारे हिंदी में गूंजते हैं और कंपनियाँ उपभोक्ता से हिंदी में जुड़ती हैं; लेकिन बड़े फैसले, तकनीकी दस्तावेज और प्रबंधन अब भी अंग्रेजी में चलते हैं। मीडिया ने भी हिंदी को बाजार के रंग में ढाल दिया है–शब्द हिंदी के हैं, पर तेवर अंग्रेजी, बाजार और सनसनी के। हिंदी दिवस पर हम शुद्धता का हिसाब लगाते हैं, जबकि रोजमर्रा की हिंदी स्वाभाविक रूप से बदल रही है। सवाल यह नहीं कि उसमें अंग्रेजी के कितने शब्द आए; सवाल है कि विज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था और नए ज्ञान की कितनी सामग्री हिंदी में आई।

**धर्म-आस्था**

# पौराणिक धार्मिक ग्रन्थों के अनुसार गणेशजी

दूर्वा अवश्य चढ़ाना चाहिए। अनलासुर नामक एक राक्षस था। वह देखने में भयानक लगता था। वह साधु संतों को जीवित अवस्था में ही निगल जाता था। सभी बड़े दुरूखी और अशान्त थे। चारों ओर हाहाकार मचा हुआ था। सभी सन्तजनों ने गणेशजी से प्रार्थना की कि वे इस दानव से मुक्ति प्रदान करें और उनकी रक्षा करें। गणेशजी ने सन्तों की प्रार्थना सुनी और वे अनलासुर राक्षस के पास गए। उन्होंने राक्षस को निकाल लिया। ऐसा करने से गणेशजी के पेट में जलन होने लगी। गणेशजी बड़े परेशान हो गए। कश्यप ऋषि ने उन्हें हरी दूर्वा की इक्कीस और ग्यारह गाँठ चढ़ाई। इस प्रकार गणेशजी के पेट की जलन का शमन हो गया। तभी से गणेशजी को दूर्वा चढ़ाने की परम्परा चली आ रही है। कुछ धार्मिक ग्रन्थों में गणेशजी को दूर्वा की माला पहनाने का वर्णन भी प्राप्त होता है। दूर्वा एक सर्वसुलभ घास होती है जो बारीक होती है। इसकी तीन या पाँच की संख्या में इक्कीस या ग्यारह गाँठें बनाई जाती है। पवित्र स्थानों की दूर्वा का ही पूजन में उपयोग किया जाना चाहिए। भक्त अपने सामर्थ्य के अनुसार ही हरी या सफेद दूर्वा का उपयोग कर सकते हैं। गणेश चतुर्थी, बुधवार या अन्य कोई भी पूजन विधान हो भक्तजन सर्वप्रथम गणेशजी का ही पूजन करने की व्यवस्था करते हैं।



डॉ. शारदा मेहता (दैनिक अवन्तिका)

**तुलसी और गणेश पूजन**

भगवान के पूजन में तुलसी दल का विशेष महत्व है। श्रीकृष्ण, श्रीविष्णु तथा श्रीराम का पूजन करते समय तुलसी चढ़ाई जाती है। किन्तु गणेशजी के पूजन में तुलसी चढ़ाना वर्जित है। पौराणिक ग्रन्थों में इस सम्बन्ध में विशेष उल्लेख प्राप्त होता है। ग्रन्थों के आधार पर ऐसी कथा है कि एक बार तुलसी (वृन्दा) नदी के किनारे घूम रही थी। उसे वहाँ ध्यान मग्न गणेशजी दिखे। वे एक सुन्दर सिंहासन पर विराजमान थे और उन्होंने चन्दन का लेप अपने सम्पूर्ण शरीर पर लगा रखा था। तुलसी उनके समीप गई और अपने सौन्दर्य से उन्हें रिझाने लगी। उसने गणेशजी के सामने विवाह का प्रस्ताव भी रखा। गणेशजी ने उसके प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जिससे वह क्रोधित हो गई और उसने गणेशजी को शाप दिया कि तुम्हारे दो विवाह होंगे। इस शाप से गणेशजी क्रोधित हो गए और उन्होंने तुलसी को शाप दिया कि तुम्हारा विवाह शंखचूड़ राक्षस से ही होगा और तुम पौधे के रूप में घर के बाहर ही रहोगी। पति की मृत्यु के बाद श्री विष्णु ने तुलसी को राधा की तरह स्थान दिया और कहा कि मेरे हृदय में तुम हमेशा निवास करोगी।

**गणेशजी को मोदक की प्राप्ति**

एक बार देवगण गजानन तथा षड़ानन के दर्शनार्थ आए। दोनों बालकों के दर्शन से वे अत्यधिक प्रसन्न हुए। देवताओं ने एक दिव्य मोदक माता पार्वती को दिया। मोदक देखकर दोनों बालक उस मोदक को खाने के लिए माँगने लगे। माता पार्वती ने उन दोनों बालकों को उस मोदक की विशेषता सुनाई। मोदक की गंध से अमरत्व की प्राप्ति होती है। जो इस मोदक को खाता है उसे दिव्य गुणों की प्राप्ति होती है। वह सभी शास्त्रों का ज्ञाता, विद्वान्, प्रवीण लेखक, चित्रकार तथा सभी विषयों में पारंगत हो जाता है। माता पार्वती ने दोनों बालकों से कहा कि तुम दोनों में से जो भी धर्माचरण के द्वारा अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर देगा, वही इस मोदक को प्राप्त करने का अधिकारी होगा। तुम्हारे पिता शंकरजी की भी यही इच्छा है।

माता की आज्ञा सुनकर कार्तिकेय अपने वाहन मयूर पर सवार होकर तीर्थों की यात्रा पर चल दिए और सम्पूर्ण तीर्थों में स्नान कर वापस आ गए। गणेशजी भी अपने वाहन मूषक पर सवार होकर निकले और उन्होंने अपने माता-पिता की सात परिक्रमा की और उनके सम्मुख करबद्ध खड़े हो गए। उन्होंने उस दिव्य मोदक को प्राप्त करने का अपने आपको अधिकारी सिद्ध कर दिया। माता-पिता का सभी तीर्थों से सर्वोपरि स्थान है। संयम, नियम, अनुष्ठान, तीर्थस्थान, व्रत, उपवास, योग, ध्यान सभी माता-पिता के सम्मान के सामने नगण्य है। माता-पिता की सेवा भक्ति सर्वोपरि है। पार्वती माता ने कहा कि गणेश यज्ञ, विवाह, उपनयन आदि सभी धार्मिक अनुष्ठान में सर्वोपरि है और प्रथम पूज्य है। शिव और शिवा ने कहा कि यह अमृतमय मोदक हम गणेश को देते हैं। तभी से मोदक गणेशजी को सर्वप्रिय हुआ यह गणेशजी की कुशाग्र बुद्धि का प्रतिफल है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,49,800 रवा- 1,49,600 चांदी- टंच- 2,35,000 पाट- 2,34,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## बाइक फिसलने से घायल हुए युवक को 112 टीम ने पहुंचाया अस्पताल

**शाजापुर।** बाइक के अचानक अनियंत्रित होकर पलट जाने से युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सारंगपुर की ओर से मक्सी तरफ बाइक पर सवार होकर जा रहे महेंद्र विजयपाली की बाइक शनिवार को भैरव डूंगरी क्षेत्र में अचानक फिसल गई। घटना की सूचना मिलने के बाद डायल-112 के पायलट किरण मौर्य एवं प्रधान आरक्षक देवेंद्र ठाकुर मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए घायल को समय पर अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

## फूलखेड़ी में बंदरों का आतंक, हमले में महिला घायल



**शाजापुर।** फूलखेड़ी हनुमान मंदिर क्षेत्र में इन दिनों बंदरों ने आतंक मचा रखा है और वह मंदिर आने जाने वाले लोगों पर हमला कर उन्हे घायल कर रहे हैं। हाल ही बंदरों के हमले से एक महिला घायल हो गई। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे फूलखेड़ी हनुमान मंदिर के पास पप्पू सेन नामक महिला पर बंदर ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। घटना के बाद परिजन तत्काल महिला को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। महिला के परिजनों का कहना है कि मंदिर के आसपास बंदर हर दिन तांडव मचा रहे हैं और आए दिन लोगों पर हमला कर परेशान कर रहे हैं। सबसे ज्यादा खतरा मंदिर पहुंचने वाली महिलाओं और बच्चों को है। श्रद्धालुओं ने बंदरों को पकड़कर शहर से दूर करने की मांग की है।

## लिपिक कर्मचारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**शाजापुर।** अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर लिपिक वर्ग के कर्मचारियों ने मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के बैनरतले शनिवार को विधायक अरुण भीमावद को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि लिपिकों को मंत्रालय के लिपिकों के बराबर समयमान वेतनमान और ग्रेड-पे दिया जाए। इसके साथ ही, अनुकंपा नियुक्ति पाने वाले लिपिकों को सीपीसीटी की अनिवार्यता से छूट दी जाए। ज्ञापन सौंपते समय कर्मचारी मौजूद थे।

## ग्राम केलोद खदान की तलाई में मिला मजदूर का शव

**देवास।** देवास के ग्राम केलौद से सुतारखेड़ा मार्ग पर शनिवार शाम खदान की तलाई में एक मजदूर का शव मिला। सूचना मिलने पर बरोठा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और जिला अस्पताल भेजा। रविवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान कायथा निवासी मनोज वर्मा के रूप में हुई है। वे मजदूरी करते थे। पुलिस के अनुसार, मनोज करीब 15 दिनों से अपनी बहन के घर रह रहे थे। वे एक नुक्ते के कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। मनोज खदान की तलाई तक कैसे पहुंचे और उनकी मौत किन हालात में हुई, यह अभी साफ नहीं है।

## सोयतकलां में 2.68 इंच पानी गिरा, जिले में औसत 35.13 इंच दर्ज; किसानों को राहत

**आगर मालवा।** आगर-मालवा जिले में रविवार को तेज बारिश हुई, जिससे मौसम सुहाना हो गया। शहर के बड़ौद चौराहा, छावनी नाका और उज्जैन मार्ग पर पानी भर गया। इससे वाहन चलाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। खेतों में खड़ी फसलों के लिए इसे फायदेमंद माना जा रहा है। पिछले 24 घंटे में सोयतकलां में सबसे ज्यादा 2.68 इंच बारिश दर्ज की गई। वहीं, 1 जून से 12 सितंबर तक जिले में औसतन 35.13 इंच बारिश हुई है।

### अनुविभाग बदलने के फैसले पर पुनर्विचार जरूरी, अवंतिपुर बड़ोदिया को बेरछा अनुविभाग में शामिल करने पर सवाल, कुछ गांवों को पुलिस काम के लिए 75 किमी तक का सफर

# शुजालपुर से जुड़े गांवों को बेरछा तक बढ़ानी होगी दौड़, परिवहन और दूरी दोनों बने चुनौती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



पुलिस की अनुविभागीय व्यवस्था में किए गए बदलाव का असर अब आमजन की सुविधा के नजरिए से सामने आने लगा है। अवंतिपुर बड़ोदिया थानों को शुजालपुर अनुविभाग से हटाकर बेरछा अनुविभाग में शामिल करने के निर्णय ने खासकर अवंतिपुर बड़ोदिया थाना क्षेत्र के ग्रामीणों के सामने दूरी और आवागमन का सवाल खड़ा कर दिया है। प्रशासनिक पुनर्गठन का उद्देश्य पुलिसिंग को बेहतर बनाना है, लेकिन यदि इसके लिए ग्रामीणों को पहले से कई गुना अधिक दूरी तय करनी पड़े तो फैसले की व्यावहारिकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

अवंतिपुर बड़ोदिया थाना क्षेत्र की तिलावद पुलिस चौकी के अंतर्गत अरन्याकलां, पोचानेर, रनायल सहित कई गांव आते हैं। अरन्याकलां से शुजालपुर करीब 15 किलोमीटर और तिलावद करीब 18 किलोमीटर है, जबकि अरन्याकलां से बेरछा लगभग 65 किलोमीटर और पोचानेर से शुजालपुर की दूरी करीब 30 किलोमीटर है, जबकि बेरछा करीब 75 किलोमीटर तक पड़ता है। ऐसे में पुलिस संबंधी कार्यों के लिए ग्रामीणों को अब बेरछा अनुविभागीय कार्यालय तक लंबा सफर करना पड़ सकता है।

अभिभाषक संघ की बैठक में विरोध, मंत्री को सौंपा ज्ञापन

अनुविभागीय पुलिस व्यवस्था में बदलाव के विरोध में शुजालपुर अभिभाषक संघ ने बैठक आयोजित कर निर्णय पर आपत्ति जताई। बैठक में सैकड़ों अभिभाषक शामिल हुए। अभिभाषकों ने कहा कि अवंतिपुर बड़ोदिया थाना क्षेत्र का शुजालपुर से न्यायालयीन एवं अन्य प्रशासनिक जुड़ाव होने के साथ भौगोलिक दृष्टि से भी शुजालपुर अधिक सुविधाजनक है। ऐसे में थाना क्षेत्र को बेरछा अनुविभाग में शामिल करने से आमजन और पक्षकारों को अनावश्यक आवागमन करना पड़ेगा। बैठक के बाद अभिभाषक संघ की ओर से संबंधित मंत्री को ज्ञापन सौंपकर अवंतिपुर बड़ोदिया थाना पूर्व की तरह शुजालपुर अनुविभाग में रखने तथा नई व्यवस्था के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की गई। संघ ने जनसुविधा और क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए पूर्व व्यवस्था बहाल करने का आग्रह किया है। अब अभिभाषक संघ की आपत्ति के बाद पुलिस प्रशासन के अगले कदम पर नजर है।

पुलिस प्रशासन में बेहतर पर्यवेक्षण और प्रशासनिक कसावट के लिए अनुविभागों का पुनर्गठन किया जा सकता है, लेकिन जमीनी सुविधा को नजरअंदाज करने से व्यवस्था का उद्देश्य कमजोर पड़ सकता है। जिस बदलाव से पुलिस प्रशासन को सुविधा मिले, वही बदलाव आमजन के लिए असुविधा का कारण बन जाए तो उसकी समीक्षा जरूरी हो जाती है। ऐसे में पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला से अपेक्षा है कि वे इस निर्णय के भौगोलिक और व्यावहारिक पक्ष की समीक्षा करें। खासकर तिलावद चौकी क्षेत्र के गांवों की दूरी, सार्वजनिक परिवहन, न्यायालय और राजस्व व्यवस्था से उनके संबंध को देखते हुए अवंतिपुर बड़ोदिया थाना क्षेत्र को शुजालपुर अनुविभाग में यथावत रखने अथवा जनसुविधा के अनुरूप व्यवस्था तय करने पर पुनर्विचार किया जाए।

**इनका कहना है**

अवंतिपुर बडोदिया पुलिस थाने को बेरछा अनुभाग में करना अव्यवहारिक है, यह भौगोलिक, प्रशासनिक व परिवहन की दृष्टि से सही नहीं है, पुलिस थाने राजनैतिक अखाडे बनते जा रहे है, यदि व्यवस्था सुधारनी है तो अपराध को खत्म करें और थानों में जारी कमीश्न खोरी और भ्रष्टाचार को समाप्त करें। बडोदिया को बेरछा में जोडना आमजन को प्रताडित करना है।

**कुणाल चौधरी पूर्व विधायक कालापीपल**

अवंतिपुर बडोदिया थाना क्षेत्र के 90 प्रतिशत गांव शुजालपुर अनुभाग के नजदीक है, यहां के रहवासियों के प्रशासनिक, राजस्व, शिक्षा सहित सभी कार्य शुजालपुर अनुभाग मुख्यालय से जुडे हुए है, ऐसे में अवंतिपुर बडोदिया पुलिस थाने को शुजालपुर राजस्व क्षेत्र वाले बेरछा अनुभाग में शामिल करना उचित नहीं है, इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। यह निर्णय प्रशासनिक, भौगोलिक व व्यवहारिक रूप से उचित नहीं है।

**इन्दरसिंह परमार विधायक शुजालपुर एवं उच्च शिक्षा मंत्री**

व्यवहारिक और शुलभ न्याय की दृष्टि से यह आदेश अनुचित है जिस पर पुनर्विचार होना चाहिए, किसी भी व्यक्ति को न्यायालय मे आने से पूर्व आपराधिक मामलों में पुलिस कार्यवाही के लिए जाना होता है, ऐसे आदेश से उसे परेशानियों का सामना करना पडेगा और अव्यवहारिक आदेश के कारण समय और अतिरिक्त परिवहन मे धन खर्च करना पडेगा जो बिल्कुल बिना सोचे, समझे लिया गया अनुचित आदेश है जिस पर विचार किया जाना चाहिए और आदेश मे बदलाव नही होने पर इसका व्यापक विरोध होना चाहिए। इस प्रकार के निर्णय व आदेश किये जाना आमजन के प्रति न्याय की श्रेणी में नही आता वरन यह मात्र अधिकारियों का निर्णय है न्याय नहीं।

**नीरज सक्सेना वरिष्ठ अभिभाषक शुजालपुर**



## माटी के गणेश बनाने की कार्यशाला पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**शुजालपुर।** उड़ान शैक्षणिक एवं सामाजिक समिति की ओर से मासिक कार्यक्रम के तहत महिलाओं, भजन मंडली की सदस्यों एवं बच्चों के बीच माटी के गणेश कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मिट्टी से विभिन्न आकृतियों में गणेश प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। समिति पिछले 11 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। समिति सदस्यों ने बताया कि प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी गणेश प्रतिमाएं जल में आसानी से नहीं घुलतीं और जल प्रदूषण का कारण बनती हैं। इसके विपरीत मिट्टी से बनी प्रतिमाएं जल में घुलनशील होती हैं, जिससे जल प्रदूषण को कम करने में मदद मिलती है। कार्यशाला में लता राठौड़ एवं टीम के अन्य सदस्यों ने महिलाओं और बच्चों को रुचिकर तरीके से मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने की विधि बताई। इस दौरान मधु मंडलोई, वंदना चौहान, भारती राजपूत, प्रीति चौहान, चंदा सक्सेना, कृष्णा शास्त्री, सपना राय, श्रुति शास्त्री, माधवी सणस, अनीता तोमर, लाज खत्री, शीतल विजयवर्गीय, अभिलाषा श्रीवास्तव, अंजू खत्री सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। 401

## एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों की विवेचना तथा साक्ष्य संकलन को लेकर प्रशिक्षण आयोजित



**शाजापुर।** एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में विधिसम्मत विवेचना तथा साक्ष्य संकलन हेतु पुलिस अधिकारियों को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आनंद कुमार तिवारी द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम शाजापुर में आयोजित प्रशिक्षण में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा अपने व्याख्यान में एन.डी.पी.एस. एक्ट के महत्वपूर्ण प्रावधानों, विवेचना प्रक्रिया एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करने, न्यायालय में परीक्षण के दौरान आवश्यक तथ्यों के संबंध में पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को समझाइश दी गई। प्रशिक्षण में मुख्यतः एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रकरणों की वैधानिक एवं वैज्ञानिक विवेचना, तथा विवेचना के दौरान जप्ती कार्रवाई, सीलिंग, सैम्पलिंग प्रक्रिया एवं दस्तावेजीकरण में रखी जाने वाली सावधानियों के संबंध में बताया गया। साथ ही एन.डी.पी.एस. एक्ट की महत्वपूर्ण धाराओं तथा घटनास्थल से लेकर न्यायालय में अभियोजन होने तक चेन ऑफ कस्टडी सुरक्षित रखने के संबंध में विशेष रूप से बताया गया। उक्त प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करना था, जिसमें विवेचना अधिकारियों को कानून के अनुरूप निष्पक्ष एवं साक्ष्य आधारित विवेचना करने के संबंध में आवश्यक समझाइश दी गई। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग शाजापुर कीर्ति बघेल, उप पुलिस अधीक्षक अजाक अजय मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग बेरछा एन.पी.एस. चौहान सहित पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### ढोल-धमाकों के बीच पति-पत्नी को विदा किया

# लोक अदालत में टूटने की कगार पर पहुंचे 91 रिश्ते फिर जुड़े

■ बच्चों के साथ घर लौटे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास कोर्ट परिसर में शनिवार को ढोल की थाप और फूलों की पंखुड़ियों के बीच खुशी का माहौल नजर आया। यहां लंबे समय से अलग रह रहे कुछ पति-पत्नी ने समझौते के बाद एक-दूसरे को माला पहनाई। परिवार के सदस्यों ने फूलों की पंखुड़ियां बरसाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद दंपति बच्चों के साथ घर के लिए रवाना हुए।

शनिवार को नेशनल लोक अदालत में कुटुंब न्यायालय में 8 महीने से लेकर 2-3 साल तक अलग रह रहे पति-पत्नी भी पहुंचे। पारिवारिक विवादों को लेकर दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। इस दौरान विवाद की वजह समझने के साथ दंपतियों को आपसी सहमति से विवाद सुलझाने और परिवार को साथ रखने के लिए समझाया गया।

काउंसलिंग के बाद कई दंपतियों ने साथ रहने की सहमति दी। इसके बाद कोर्ट परिसर में परिवार के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। पति-पत्नी ने एक-दूसरे को माला पहनाई और ढोल-धमाकों के बीच बच्चों के साथ घर के लिए रवाना हुए।

कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश जितेंद्र सिंह कुशवाह के सामने नेशनल लोक अदालत में 91 मामलों का निपटारा हुआ। इनमें आपसी समझौते से पारिवारिक विवादों का समाधान किया गया। कई दंपतियों ने विवाद खत्म कर साथ रहने पर सहमति जताई।

## एनएसएस स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय, शाजापुर में साक्षरता सप्ताह 08 से 14 सितंबर 2026 के अंतर्गत साक्षरता एवं जन-जागरूकता शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी (यूथ रेडक्रॉस) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साक्षरता के महत्व के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझाना रहा। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एस.के. तिवारी ने विद्यार्थियों एवं रासेयो स्वयंसेवकों सहित उपस्थित सभी को साक्षर एवं जागरूक समाज के निर्माण की शपथ दिलाई। शपथ दिलाते हुए प्राचार्य ने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्ति को अपने अधिकारों, कर्तव्यों, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाना भी साक्षरता का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। एनएसएस, एनसीसी शिक्षा एवं जागरूकता का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. अरविंद शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में साक्षरता के साथ डिजिटल एवं सामाजिक जागरूकता भी आवश्यक है। विद्यार्थी लोगों को शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, सरकारी योजनाओं, डिजिटल सुरक्षा तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास करें। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी प्रो मीनू गिडवानी, एनएसएस प्रभारी डॉ. अर्चना वर्मा, एनसीसी प्रभारी प्रो. अभिषेक पाटीदार ने भी स्वयंसेवकों एवं कैडेट्स को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिलीप माहेश्वरी ने किया।

### गुणवत्ता पूछी, सब्जी की तारीफ; रोटी सुधारने को कहा

## स्कूल शिक्षा उप सचिव ने हॉस्टल-स्कूलों का निरीक्षण किया, बच्चों से भी संवाद किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत स्कूल शिक्षा विभाग की उप सचिव मंजूषा विक्रांत राय ने देवास विकासखंड के छात्रावासों और स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावासों में बच्चों से बातचीत कर भोजन, पढ़ाई और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

उप सचिव ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास समेत अन्य छात्रावासों में बच्चों के साथ बैठकर भोजन व्यवस्था देखी। उन्होंने सब्जी की गुणवत्ता की तारीफ की और रोटी में सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने बच्चों से पढ़ाई, आवास, रेमेडियल कक्षाओं और खेलकूद गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली। छात्रावास कर्मचारियों से बच्चों की देखभाल और उन्हें जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान देने के लिए कहा।

**स्कूलों में विद्यार्थियों से सवाल पूछे**

इसके बाद मंजूषा विक्रांत राय ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-3 और प्राथमिक विद्यालय लोहार पिपलिया का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर अलग-अलग विषयों पर सवाल पूछे और उनकी समझ का आकलन किया।

उन्होंने बच्चों से निशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश, अपार आईडी, स्मार्ट क्लास, विज्ञान लैब, एनएमएमएस परीक्षा की तैयारी, लैपटॉप और स्कूटी जैसी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

### जैन समाज ने मनाया भगवान महावीर का जन्मवाचन

# जलयात्रा निकाली, मंदिर में केसर के तिलक लगाए, पालना जी में श्रीफल रखे

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर-मालवा जिले में श्वेतांबर जैन समाज ने शनिवार को पर्युषण महापर्व के पांचवें दिन भगवान महावीर स्वामी का जन्मवाचन महोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। इमली गली स्थित जैन उपाश्रय, अजितनाथ जैन मंदिर और वासुपूज्य तारकधाम जैन मंदिर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इमली गली जैन उपाश्रय में साध्वी सौम्यवंदना श्रीजी और अन्य साध्वियों के सानिध्य में 14 सपने जी और अष्टमंगल का चढ़ावा चढ़ाया गया। लाभार्थी परिवारों को सपना जी और अष्टमंगल झुलाने का सौभाग्य मिला। इसके बाद दोपहर में वासुपूज्य तारकधाम जैन मंदिर में गौतम कोठारी ने भगवान महावीर स्वामी का जन्मवाचन किया, जहां प्रदीप सांखला परिवार ने पालना जी में श्रीफल रखकर झूला झुलाया।

दोपहर 3 बजे स्थानीय कमलकुंड से जलयात्रा निकाली गई, जो बैंडबाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शाम 4 बजे अजितनाथ जैन मंदिर पहुंची। इस धार्मिक जलयात्रा का आयोजन चांदमल मुंदपुरा परिवार की ओर से किया गया था। इस दौरान कमलेश प्रकाशचंद लिंगोड़ा परिवार और बिरदीचंद बापूलाल कोठारी परिवार ने श्रद्धालुओं को केसर के तिलक लगाए।

## किसान संघ ने शुरू किया पोस्टकार्ड डालो अभियान

**सोयतकलां।** भारतीय किसान संघ ने सोयत क्षेत्र में जिला प्रशासन के रवैये के विरोध में सोमवार से पोस्टकार्ड डालो अभियान शुरू किया। अभियान के तहत मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम पोस्टकार्ड भेजकर जिलाधीश को पद से हटाने की मांग की गई। तहसील अध्यक्ष रामदयाल पाटीदार ने बताया कि किसानों के प्रति कथित नकारात्मक रवैये और संगठन में फूट डालने जैसी भाषा-शैली के विरोध में यह अभियान शुरू किया गया है। पोस्टकार्ड के माध्यम से मांग की गई है कि संबंधित अधिकारी को जिलाधीश के पद से हटाकर सचिवालय में नियुक्त किया जाए। तहसील सहमंत्री गोपाल चौधरी ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन का संवेदनशील रवैया जरूरी है। अभियान के पहले दिन 30 ग्राम समितियों के माध्यम से 510 पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम भेजे गए। किसान संघ ने कहा कि मांगों को लेकर अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## थाने में पंडालों की सुरक्षा, अग्निशमन और विद्युत व्यवस्था को लेकर की चर्चा



**अकोदिया।** गणेश उत्सव, डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी जैसे आगामी धार्मिक पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर अकोदिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में एसडीओपी निमेश देशमुख, थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत, धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीश विजय वर्गीय मौजूद रहे। नगर की गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारी, सदस्य, जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि भी पहुंचे। एसडीओपी निमेश देशमुख, थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने त्योहार भाईचारे, सद्भाव, शांति से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा धार्मिक आयोजन सामाजिक एकता, आपसी सौहार्द का प्रतीक हैं। आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। बैठक में गणेश उत्सव के पंडालों की सुरक्षा पर चर्चा हुई। पुलिस अधिकारियों ने पंडालों में पर्याप्त वॉलिंटियर तैनात रखने को कहा। भीड़ व्यवस्था में भी मदद मिलेगी। आपात स्थिति में तुरंत सहयोग होगा। आग से बचाव के लिए रेत, पानी से भरी बाल्टियां रखने को कहा। बिजली के तार, उपकरण सुरक्षित रखने पर जोर दिया। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी बात हुई। माइक, साउंड सिस्टम तय सीमा में चलाने को कहा। नगर परिषद से आयोजन स्थलों, मार्गों पर नियमित सफाई व्यवस्था की बात हुई। विद्युत विभाग से आरती, प्रमुख धार्मिक कार्यक्रमों के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति पर चर्चा हुई। बैठक में गणेश उत्सव समिति से अशोक राठौड़, नितेश राठौर, मनोज जाधव, धन्नालाल शर्मा, शंभूशरण चौधरी, भंवर प्रजापति सहित अन्य सदस्य, मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से बचने की अपील सोशल मीडिया को लेकर भी चर्चा हुई।

## कृषि को लाभ का धंधा बनाने पर जोर, केवीके में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

खेती की लागत कम करने, इसे लाभ का धंधा बनाने और तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र शाजापुर में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन हुआ। राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन के तहत आयोजित शिविर में जिले के 100 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने भाग लेकर उन्नत व प्राकृतिक कृषि तकनीकों के गुर सीखे। कार्यक्रम के



मुख्य अतिथि विधायक अरुण भीमावद ने केवीके वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई प्राकृतिक खेती तकनीक और श्री अन्न उत्पादन सह प्रसंस्करण विषय पर तकनीकी पुस्तिकाओं का विमोचन किया। विधायक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि खेती को मुनाफे का सौदा बनाने के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकें अपनाना समय की मांग है। कार्यक्रम की अध्यक्षता केवीके के पूर्व प्रमुख डॉ. जी.आर. अम्बावतिया ने की। उन्होंने किसानों से आय बढ़ाने के लिए उद्यानिकी व औषधीय फसलें अपनाने की अपील की। वहीं, विशिष्ट अतिथि अनीता पाटीदार ने महिलाओं को तिलहनी फसलों के प्रसंस्करण के जरिए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

**वैज्ञानिकों ने दिया मार्गदर्शन, कराया प्रक्षेत्र भ्रमण**

प्रशिक्षण के दौरान केंद्र प्रमुख डॉ. एस.एस. धाकड़ ने उन्नत कृषि यंत्रों के उपयोग, फसल अवशेष प्रबंधन व जल संरक्षण पर प्रकाश डाला। इसके अलावा डॉ. मुकेश सिंह और डॉ. डी.के. तिवारी ने तिलहनी फसलों सोयाबीन, मूंगफली, सरसों आदि के प्रसंस्करण, एकीकृत कीट प्रबंधन, मधुमक्खी पालन और पोषक तत्व प्रबंधन पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। इस दौरान किसानों को प्रक्षेत्र का भ्रमण भी कराया।

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
BHOPAL-GWALIOR REGIONAL



# 17 सितम्बर को 25 लाख से अधिक दीपों से जगमगाएंगे क्षिप्रा के घाट

## सेवा संकल्प अभियान के तहत भव्य दीपोत्सव की तैयारी तेज, आयोजन को 7 सेक्टर और 250 सब-सेक्टर में बांटा

1दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





सेवा संकल्प अभियान के तहत आगामी 17 सितंबर, गुरुवार को शाम 7 बजे क्षिप्रा तट पर भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम ने आयोजन की तैयारियां तेज कर दी हैं। इस दौरान क्षिप्रा के विभिन्न घाटों पर जनभागीदारी से 25 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। पूरे आयोजन को जीरो-वेस्ट रखने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

**कलेक्टर और निगम आयुक्त ने तैयारियों का निरीक्षण किया-** दीपोत्सव की तैयारियों का रविवार को कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस अधिकारियों के साथ कार्तिक मेला प्रांगण में निरीक्षण किया। अधिकारियों ने दीपों की तैयारी, सामग्री वितरण, घाटों की सफाई, ब्लॉक निर्माण और मार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। आयोजन को व्यवस्थित तरीके से पूरा करने के लिए दीपोत्सव क्षेत्र को 7 प्रमुख सेक्टर और 250 सब-सेक्टर में बांटा गया है। निगम के अधिकारी-कर्मचारी और आईईसी टीमें लगातार तैयारियों में जुटी हुई हैं।

कार्तिक मेला प्रांगण में दीपों की धुलाई, छंटाई, मोमबत्तियों को किमची से बांधने और दीपों को निर्धारित बॉक्स में पैक करने का काम चल रहा है। प्रत्येक ब्लॉक में तय संख्या के अनुसार दीप रखे जा रहे हैं, ताकि दीप प्रज्वलन के समय किसी तरह की अव्यवस्था न हो। एक ब्लॉक में 225 दीप लगाए जाएंगे। इसके अनुसार प्रत्येक सब-सेक्टर में दीप, मोमबत्ती, माचिस, किमची, कपूर और तेल सहित आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

**घाटों की सफाई और मार्किंग का काम जारी-** दीपोत्सव के लिए निर्धारित घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। फायर फाइटर के माध्यम से घाटों की धुलाई, सफाई और दीप रखने के लिए ब्लॉक निर्माण का काम जारी है। दीपों को निर्धारित स्वरूप में सजाने के लिए घाटों पर मार्किंग भी की जा रही है।

**7 सेक्टरों में बांटा गया आयोजन क्षेत्र-** दीपोत्सव की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आयोजन क्षेत्र को सात सेक्टरों में बांटा गया है। इनमें केदारेश्वर घाट से दत्त अखाड़ा होते हुए गुरु नानक घाट, सुनहरी घाट से रामघाट होते हुए नरसिंह घाट ब्रिज, नरसिंह घाट ब्रिज से कर्कराज मंदिर, माली कैफे से भूखी माता, भूखी माता से लालपुल, लालपुल से गऊघाट तथा कर्कराज मंदिर से लालपुल तक का क्षेत्र शामिल है।

इन सात सेक्टरों को आगे 250 सब-सेक्टर में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सब-सेक्टर में निर्धारित ब्लॉकों की संख्या के अनुसार दीप और अन्य सामग्री पहुंचाई जाएगी।

**केदारेश्वर से रामघाट तक दिखेगा दीपों का भव्य नजारा-** दीपोत्सव के दौरान केदारेश्वर घाट, सुनहरी घाट, दत्त अखाड़ा, भूखी माता, महाकाल लोक और रामघाट सहित क्षिप्रा तट के विभिन्न क्षेत्रों में दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। लाखों दीपों की रोशनी से क्षिप्रा तट का दृश्य भव्य और आध्यात्मिक नजर आएगा। नगर निगम द्वारा पूरे दीपोत्सव को जीरो-वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। आयोजन के दौरान कचरा कम से कम हो और उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट का तत्काल प्रबंधन किया जाए, इसके लिए स्वच्छता टीमों को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। आयोजन के बाद भी घाटों की सफाई के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। तैयारियों के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट, स्मार्ट सिटी सीईओ नेहा जैन, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त, जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार सहित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## सम्मेलन को बम से उड़ाने की धमकी, इंजीनियर अरेस्ट

**जमुइ।** दिल्ली में आयोजित BRICS सम्मेलन को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने जमुई के सॉफ्टवेयर इंजीनियर गुलशन चौहान को देवघर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, धमकी भरे ईमेल के जरिए आईफोन और एंड्रॉयड फोन की बैटरी से धमाका करने के साथ गांधीनगर सचिवालय को उड़ाने की धमकी दी गई थी। मामले में गुलशन की गिरफ्तारी के बाद उसके परिवार ने उसे निर्दोष बताते हुए ईमेल आईडी हैक कर फंसाने का आरोप लगाया है। BRICS सम्मेलन के दौरान पुलिस को ईमेल भेजकर धमकी दी गई थी। ईमेल में आईफोन और एंड्रॉयड फोन की बैटरी से धमाका करने तथा गांधीनगर सचिवालय को उड़ाने की बात कही गई थी। मामले में 10 सितंबर को गांधीनगर में आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस मामले में पहले एक युवक को गिरफ्तार किया था। पूछताछ और उसकी निशानदेही के आधार पर पुलिस ने शनिवार को देवघर में छापेमारी की। इसी कार्रवाई में गुलशन चौहान को गिरफ्तार किया गया।

## सिपाही ने सरकारी राइफल से गोली मारी, मौत

**दानिश।** हापुड़ में थाने में पहरा दे रहे सिपाही की सरकारी राइफल से गोली लगने से मौत हो गई। गोली उसके सीने में लगी है। गोली चलने की आवाज सुनकर अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। तब तक सिपाही की मौत हो चुकी थी। रविवार सुबह करीब 11 बजे की यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर धौलाना थानाक्षेत्र की है। एडिशनल एसपी ने बताया कि सिपाही ने सरकारी राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सिपाही की पहचान आगरा के निबोहरा थानाक्षेत्र के हीरापुर गांव के रहने वाले आशीष वर्मा (23) के रूप में हुई है। वह 2025 में यूपी पुलिस में भर्ती हुए थे। अप्रैल 2026 में धौलाना थाने में पहली तैनाती मिली थी। शुरुआती जांच में सिपाही के मानसिक तनाव में होने की बात सामने आ रही है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। चर्चा है कि गोली मारने से पहले सिपाही ने किसी से फोन पर बात की थी। यह भी कहा जा रहा है कि उस पर काफी अधिक लोन था। प्रथम दृष्टया ड्यूटी के दौरान सिपाही द्वारा खुद को गोली मारने की बात सामने आई है। गोली लगने से सिपाही की मौत हो गई। फिलहाल, घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## कोटा में सड़क पर देर रात घूमता दिखा भालू

**कोटा।** कोटा शहर के कुन्हाड़ी क्षेत्र में रिद्धि-सिद्धि नगर प्रथम में शनिवार देर रात सड़क पर भालू घूमता दिखा। भालू कॉलोनी की सड़क पर टहलता रहा। इसके बाद अंधेरे में गायब हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात के समय अचानक कॉलोनी में कुत्तों के जोर-जोर से भौंकने की आवाज आने लगी थी। लगातार भौंकने पर कुछ लोग घरों से बाहर निकले। लोगों की नजर सड़क पर घूम रहे भालू पर पड़ी। लोगों ने भालू का वीडियो बना लिया। स्थानीय निवासी ने बताया- क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से चोरी की घटनाएं भी हो रही हैं। ऐसे में कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनकर लगा कि शायद कोई चोर आया है। बाहर निकलकर देखा तो सड़क पर भालू घूमता हुआ दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और जंगली जानवरों की आवाजाही को रोकने के लिए सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है।

## एमपी में 10 आईपीएएस समेत 137 पुलिस अफसरों के तबादले

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पुलिस विभाग में रविवार रात बड़ा फेरबदल हुआ है। गृह विभाग ने रविवार को 10और 127 राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों समेत कुल 137 पुलिस अफसरों के तबादले किए हैं। सभी अधिकारियों को आगामी आदेश तक नई पदस्थापना पर भेजा गया है। तबादला सूची में 2023 बैच के 4 और 2024 बैच के 6 अधिकारी शामिल हैं। आलोक कुमार वर्मा को देवास से नगर पुलिस अधीक्षक रीवा बनाया गया है। इसके अलावा मनीष भारद्वाज को साइबर पुलिस मुख्यालय से,ष्टक्क कोतवाली, नगरीय इंदौर, जबकि मनोज कुमार को एमपी नगर, नगरीय भोपाल भेजा है। राज्य पुलिस सेवा के 127 अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। इनमें उप पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, सहायक पुलिस आयुक्त और सहायक सेनानी स्तर की पदस्थापनाएं शामिल हैं। कई अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय से मैदानी पदों पर भेजा गया है, जबकि कई और नगर पुलिस अधीक्षकों को दूसरी जगह पदस्थ किया गया है। सूची में प्रशिक्षु और कार्यवाहक भी शामिल हैं।

## एथेनॉल फैक्ट्री में कंप्यूटर ऑपरेटर की मौत

**नीमच/मंदसौर ।** मध्य प्रदेश के नीमच जिले के कृपा बायोटेक एथेनॉल फैक्ट्री में रविवार दोपहर करंट लगने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक फैक्ट्री में कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर काम करता था। घटना जीरन के चल्दु गांव की है। मृतक की पहचान ग्राम चंगेरी निवासी मनीष (32), पिता गणपत लाल भाटी के रूप में हुई है। घटना से नाराज परिजन और ग्रामीणों ने नीमच-मंदसौर हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। दोनों तरफ करीब 5 किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। हालांकि, समझाइश के करीब 4 घंटे बाद चक्काजाम खत्म हुआ। मृतक की बहन रामकन्या बाई ने बताया- मनीष रविवार सुबह करीब 9 बजे फैक्ट्री गया था। काम के दौरान उसे करंट लगा और वह बेहोश होकर गिर गया। साथी कर्मचारी उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बहन ने बताया- मनीष फैक्ट्री में कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करता था। फैक्ट्री की ओर से परिवार को करंट लगने की जानकारी दी गई थी।

## केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया के कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर-एसपी ने किए विभिन्न स्थलों का निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



आगामी सप्ताह केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रस्तावित कार्यक्रम तथा टेकरी मंदिर पर आयोजित होने वाले बड़े दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल ने शनिवार को विभिन्न कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थलों पर स्वच्छता, यातायात, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन सहित आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती वासल ने सबसे पहले प्रताप छात्रावास, शुभविदाई गार्डन, तात्या टोपे विश्वविद्यालय, पीएम आवास जगनपुर सहित अन्य प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल के परिसर में स्वच्छता व्यवस्था, आवागमन के मार्ग, यातायात प्रबंधन एवं वाहनों की पार्किंग के लिए उपलब्ध स्थानों का अवलोकन किया। अधिकारियों को व्यवस्थाओं को व्यवस्थित एवं सुचारू रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

इसके बाद कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने टेकरी मंदिर पहुंचकर आगामी दीपोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। टेकरी मंदिर परिसर में बड़े स्तर पर आयोजित होने वाले दीपोत्सव को लेकर उन्होंने श्रद्धालुओं की संभावित भीड़, वाहनों की पार्किंग, आवागमन तथा भीड़ प्रबंधन से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## शहर में निकली भव्य शोभायात्रा

**गुना।** अखिल भारतीय कुशवाह कछवाह महासभा के तत्वावधान में रविवार को भगवान श्री लवकुश जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजबंधुओं द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष एवं युवा शामिल हुए। शोभायात्रा की शुरुआत ईदगाह बाड़ी स्थित लवकुश नगर के मंदिर से हुई। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गायत्री मंदिर के समीप स्थित गार्डन पहुंची, जहां जयंती समारोह के तहत सभा का आयोजन किया गया। सभा में समाज की एकता, संस्कार एवं सामाजिक सहभागिता पर विचार रखे गए।

## भारत 8 वीं बार विमेंस एशिया कप चैंपियन-श्रीलंका को 72 रन से हराया

**दुबई।** भारत ने विमेंस एशिया कप का खिताब 8वीं बार जीत लिया है। दुबई में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने श्रीलंका को 72 रन से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 183 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 111 रन पर ऑलआउट हो गई। शेफाली वर्मा ने 68 और स्मृति मंधाना ने 59 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 129 रन की साझेदारी की। गेंदबाजी में श्री चरणी ने 4 विकेट लिए, जबकि दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट झटके। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी थी। ओपनर शेफाली ने 24 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। यह विमेंस एशिया कप की सबसे तेज फिफ्टी है। **श्रीलंका**-चमारी अटापट्टू (कप्तान), इमेशा दुलानी, विश्मी गुणरत्ने, हसिनी परेरा, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलक्षी डी सिल्वा, कौशानी नुथ्यांगना (विकेटकीपर), सुगंधिका कुमारी, चमुदी प्रबोधा, मिताली अयोध्या। **भारत**-स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, गुणालन कमालिनी, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), भारती फुलमाली, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, प्रेमा रावत, श्री चरणी, क्रांति गौड़, नंदनी शर्मा। 18वें ओवर में श्रीलंका ने आठवां विकेट गंवा दिया। श्री चरणी ने ओवर की पांचवी गेंद पर सुगंदिका कुमारी (1) को पवेलियन भेजा। डीप मिड-विकेट पर नंदनी शर्मा ने आगे डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ा। यह मैच में चरणी का चौथा विकेट है। तीसरे ओवर में क्रांति गौड़ ने सिर्फ 2 रन दिए। क्रांति गौड़ ने बेहतरीन लाइन-लेंथ से गेंदबाजी की। इससे चमारी अटापट्टू और विश्मी गुणरत्ने को बड़ा शॉट खेलने का कोई मौका नहीं मिला। ओवर की पहली और पांचवी गेंद पर सिंगल आया।

## वाराणसी में 40 साल के डॉक्टर ने सुसाइड किया



**वाराणसी** वाराणसी में 40 साल के डॉक्टर ने सुसाइड कर लिया। शनिवार रात कमरे में उन्होंने एनेस्थीसिया का इंजेक्शन हाथ में लगाकर जान दी। बेड पर उनका शव बैठी हुई हालत में मिला। डॉ. शुभांकर गौतम हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में 3 साल से यूरोलॉजिस्ट थे। यह वाराणसी का बड़ा प्राइवेट मेडिकल कॉलेज है। शुभांकर ने एम्स से और फिर की डिग्री हासिल की थी।

शनिवार सुबह डॉ. शुभांकर ने ओपीडी में मरीजों को देखा। इसके बाद कैंपस में ही अपने कमरे में आ गए। बताया जा रहा है कि शाम को उनका फोन पर पत्नी से विवाद हो गया। इसके बाद रूम से हॉस्पिटल गए। वहां ऑपरेशन थियेटर से इंजेक्शन और कुछ सीरिंज ली और वापस कमरे में आए। गेट बंद करके इंजेक्शन लगा लिया। रात 10 बजे तक जब डॉक्टर हॉस्टल मेस में खाना खाने नहीं गए तो उनके साथी डॉक्टरों ने उन्हें कॉल की, लेकिन फोन नहीं उठा। साथी सुरक्षा गार्ड को लेकर उनके कमरा नंबर- 802 पहुंचे। काफी देर खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद दरवाजा तोडकर अंदर गए तो वहां बेड पर शुंभकर का शव पड़ा था। डॉक्टर शुभांकर बिहार के पटना के रहने वाले थे। उनकी 5 साल पहले शादी हुई थी, अभी कोई संतान नहीं है। वह वाराणसी में अकेले ही रहते थे। हॉस्पिटल के साथी डॉक्टर दरवाजा तोडकर डॉ. शुभांकर के कमरे में गए। डॉक्टर को हिलाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। हॉस्पिटल के साथी डॉक्टर दरवाजा तोडकर डॉ. शुभांकर के कमरे में गए। डॉक्टर को हिलाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सिक्योरिटी गार्ड दरवाजा तोडकर डॉक्टर के कमरे में गए। अंदर उनकी लाश मिली।

## नेशनल लोक अदालत में 4538 व्यक्ति हुये लाभान्वित



**गुना।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 12 सितम्बर, 2026 शनिवार को जिला गुना एवं सिविल न्यायालय चांचौडा/राधौगढ़ / आरोन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

उक्त नेशनल लोक अदालत में 24 खंडपीठों ने 2269 मामलों का राजीनामे में आपसी समझौते के आधार पर निराकरण कराया जाकर राशि 113842794/- रूपये की राशि के अवार्ड पारित किये तथा 2269 व्यक्तियों को लाभावित कराया। निराकृत किये गये मामलों में न्यायालयों में लंबित 667 मामलो में राशि 90001899/- रूपये की राशि के अवॉर्ड पारित हुये तथा बैंक, नगरपालिका, विद्युत व बी.एस.एन.एल के 1602 पूर्ववाद प्रकरणों में 23840895/- की राशि लोक अदालत के माध्यम से वसूल की गयी।

इससे पूर्व नेशनल लोक अदालत का औपचारिक शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर अमिताभ मिश्र द्वारा व्यक्त किया गया कि नेशनल लोक अदालत में मामलों का निराकरण आपसी समझौते व राजीनामा से होने के कारण पक्षकारों में प्रेम व सौहार्द्र बना रहता है तथा लोक अदालत में मामले के निराकरण से किसी भी पक्ष की हार न होकर दोनों पक्षों की जीत होती है जिससे एक अच्छा वातावरण बना रहता है। पक्षकारों को राजीनामा से मामलों का निराकरण कराने हेतु प्रेरित करना न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं का दायित्व है। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय दिनेश प्रसाद मिश्र, विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार जैन, जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार सूर्यवंशी, राधा किशन मालवीय, राघवेन्द्र भारद्वाज, श्रीमती सोनाली शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री मधुलिका मुले, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती वंदना त्रिपाठी, सहित समस्त न्यायाधीशगण जिला विधिक सहायता अधिकारी सर्वेश चतुर्वेदी सहित अधिवक्तागण, बैंक, विद्युत, नगरपालिका के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वाइन फ्लू से पहली मौत-12 दिन में 45 मरीज मिले; कुल 65 केस

**भोपाल।** भोपाल में स्वाइन फ्लू (एच1एन1) से इस साल पहली मौत हुई है। एक निजी अस्पताल में भर्ती 80 वर्षीय राम सिंह की संक्रमण के साथ गंभीर सांस की बीमारी के चलते मौत हो गई। वे पहले से हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर और टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित थे। शहर में अब तक स्वाइन फ्लू के 65 मरीज मिल चुके हैं। इनमें 45 मरीज यानी करीब 70 केस बीते 12 दिनों में सामने आए हैं। फिलहाल भोपाल में एच1एन1 की जांच सिर्फ एम्स में हो रही है। गांधी मेडिकल कॉलेज में अभी नियमित जांच की सुविधा शुरू नहीं हुई है। जांच व्यवस्था के बीच गंभीर लक्षण वाले मरीजों की जांच प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है। अब तक गंभीर लक्षण वाले 232 मरीजों की जांच की गई है।

## घर से नकली अफसर का सेटअप बरामद,

**भोपाल।** भोपाल में फर्जी ढ्ढस् बनकर सरकारी अफसर का रौब दिखाने वाली तृप्ति सिंह के मामले में जांच के दौरान नए खुलासे हुए हैं। तृप्ति के फर्जी अधिकारी होने का राज उसके ससुर की से खुला। ससुर को उसके होने के दावे पर शक हुआ तो उन्होंने मसूरी स्थित प्रशासनिक अकादमी से उसके चयन और प्रशिक्षण से जुड़ी जानकारी मांगी। अकादमी के जवाब में चयन की बात खारिज होने के बाद फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ।जांच में सामने आया है कि तृप्ति खुद को अफसर बताकर बेरोजगारों और नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को नौकरी का झांसा देती थी। आधा दर्जन से अधिक लोगों से करीब 1.5 करोड़ रुपए ऐंठने की बात सामने आई है। तृप्ति ने खुद को असली अधिकारी दिखाने के लिए घर में पूरा सेटअप तैयार कर रखा था।

## एक्सीडेंट में घायल डीएसपी की मौत

**भोपाल** भोपाल में सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल ष्ठस्क्क शिवकुमार श्रीवास्तव का रविवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। 11 सितंबर को हुए सड़क हादसे में उन्हें भारी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी।हादसे के बाद गंभीर हालत में उन्हें नर्मदा ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान रविवार को उन्होंने दम तोड़ दिया।

### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1-राबिया बी विधवा मोहम्मद युसुफ 2-मोहम्मद शोएब 3-मोहम्मद जावेद पुत्रगण मोहम्मद युसुफ 4-सदेका बी 5-राशिदा बी 6-अफलाक पुत्रीगण मोहम्मद युसुफ समस्त जाति मुस्लिम निवासीगण छोटा बांगडदा तह. व जिला इन्दौर के संयुक्त भूमिस्वामी, स्वत्व की भूमि सर्वे क्रमांक 812/1 रकबा 1.7200 हैक्टर स्थित ग्राम इंगोरिया तह. बडनगर जिला उज्जैन में है उपरोक्त भूमि को कय करने का अनुबंध किया है तथा टोकन बयाना राशि अदा कर दी है शेष बयाना धन राशि अदा कर अनुबंध पत्र व पश्चात में विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार हो या भूमि कहीं रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त की हुई हो या भूमि के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो अथवा उक्त भूमि विक्रय के सम्बन्ध मे किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा अनुबंध पत्र व पश्चात में विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 13-9-2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन (पालरेचा) एडवोकेट व नोटरी**
**51, दादाभाई नौरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन मो. 94250-91124**

### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमति आयशा खान पति युसुफ खान के स्वामित्व एवं अधिपत्य का एक भूखंड म्यूनशिपल कमांक 103, ग्रीन पार्क कालोनी हरिफाटक नानाखेडा रिंग रोड उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 630 वर्गफीट है उक्त भूखंड को कय करने का अनुबंध पत्र दिनांक 27.1.2025 को निष्पादित व नोटरी के द्वारा पंजीकृत करया है। जिसमे अत्याधिक प्रतिफल की राशि मेरे पक्षकार के द्वारा भूगतान कर दी गई है। जिसकी अनुबंध पत्र की समयावधि 30.11.2026 नियत की गई किंतु उसके पूर्व ही श्रीमति आयशा खान बदंयातीपूर्वक अनुबंधित भूखंड का आंतरित हस्तांतरित कर देना चाहती है इस कारण से जाहिर सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के अनुबंध पत्र के जिवित रहते हुए कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि उक्त भूखंड को कय नही करे अन्यथा इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात किया गया कोई भी अंतरण संबधी दस्तावेज मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होकर शून्यवत प्रभावहीन माना जावेगा। दिनांक 14.09.2026

**योगेश गोस्वामी एडवोकेट**
**कार्यालय- 13/1 बेगमपुरा, उज्जैन**
**मो. 93022-39964**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण व आमजन को सूचित किया जाता है कि, ग्राम फतेहपुर तहसील बडनगर जिला उज्जैन में एक भुमि खाता सर्वे नंबर 878/1 रकबा 0. 4100 हे., व 878/2 रकबा 0.6000 हे., कुल किता 02 कुल रकबा 1.0100 हे., भुमि राजस्व अभिलेख में सोहन पिता जयराम, विष्णुबाई पति सोहन चौहान जाति चमार निवासी ग्राम फतेहपुर तहसील बडनगर में दर्ज है यह भुमि पर विष्णुबाई पति सोहन का आधिपत्य है तथा सोहन पिता जयराम आदतन शराबी है और अवैधानिक कार्यों में होने से भुमि को विक्रय करने के प्रयास में है। इसलिये आमजन के लिये यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि, इस भुमि को कोई क्रय, ऋण भार से भारग्रस्त नही करें क्योंकि यह जमीन एकमात्र मेरी पक्षकारा विष्णुबाई पति सोहन के स्वामित्व व आधिपत्य की है। इस जाहिर सुचना के उपरांत भी किसी क्रय या भारग्रस्त किया तो वह मेरी पक्षकारा विष्णुबाई के मुकाबले शून्य व अवैध होगा इस संबंध में मेरी पक्षकारा विष्णुबाई की तरफ से न्यायालयिन कार्यवाही अतिशिघ्र की जा रही है। दिनांक - 12/09/2026

**शिवराजसिंह पण्ड्या एडवोकेट**
**बडनगर जिला उज्जैन**

## न्यूज-कॉलम

### अफीम के साथ आरोपी दम्पत्ति गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के भानपुरा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ 6 किलो ग्राम 80 ग्राम अफीम जब्त कर एक महिला सहित दो आरोपी को गिरफ्तार किया है।प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस ने मुखबिर सूचना पर ग्राम दुधाखेडी माताजी मन्दिर के पास बायपास तिराहा पर से आरोपी सत्यनारायण (42) पिता मांगीलाल मीणा व राधाबाई (38) पति सत्यनारायण मीणा निवासी ग्राम भदाना थाना रामपुरा जिला नीमच को एनडीपीएस एक्ट को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 किलोग्राम 82 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम जब्त की जाकर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया। जब्त अफीम की कीमत 12 लाख रू. बताई है।

### चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले अभि-युक्त को 7 वर्ष की सजा

**मंदसौर।** सत्र न्यायालय मंदसौर के न्यायाधीश अनीश कुमार मिश्रा ने प्राणघातक हमला करने के एक मामले में अभियुक्त फैजान पिता फिरोज खां निवासी मदारपुरा को 7 वर्ष के सश्रम कारावास और 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक भगवतीलाल शर्मा ने बताया कि 2 जुलाई 2025 को शुक्ला चौक पर पुरानी रंजिश को लेकर अभियुक्त फैजान ने फरियादी अयान मेवाती पर धारदार चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था, जिससे उसे गंभीर चोटें आई थीं। मामले में कोतवाली पुलिस ने विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत 10 साक्षियों के कथनों और ठोस प्रमाणों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई।

### यादव अहीर समाज का प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन 27 नवं. को

**मंदसौर।** श्रीकृष्ण ग्वाल गवली यादव अहीर सामाजिक एवं धार्मिक न्यास ट्रस्ट सकल पंच मंदसौर द्वारा प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल मसानिया एवं सचिव रवि ग्वाला ने बताया कि विवाह से पूर्व के मांगलिक अनुष्ठानों की शुरूआत 25 अक्टूबर 2026 को नयापुरा स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में लगुन कार्यक्रम से होगी। इसके पश्चात 26 नवंबर 2026 को दोपहर 1 बजे मंडप की रस्म निभाई जाएगी तथा 27 नवंबर 2026 को प्रातः 8 बजे श्री साँवरिया सेठ मंदिर से भव्य बिंदौली निकाली जाएगी। सम्मेलन का मुख्य विवाह समारोह 27 नवंबर को प्रातः 11 बजे से कालाखेत ग्राउंड एवं माहेश्वरी धर्मशाला, नयापुरा रोड पर आयोजित होगा। पंजीयन हेतु वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और वधू की 18 वर्ष निर्धारित की गई है।

### विधि महाविद्यालय ट्रस्ट ने बढ़ी हुई फीस 40 प्रतिशत घटाई

**मंदसौर।** श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय ट्रस्ट, मंदसौर की बैठक ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में न्यास सचिव एवं समस्त न्यासीगण उपस्थित रहे। ट्रस्ट के प्रवक्ता पुखराज दशोरा ने जानकारी दी कि शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए ए.एफ.आर.सी. द्वारा लागू की गई शुल्क वृद्धि में विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया गया है। ट्रस्ट ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि सभी पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष एवं उससे परवर्ती वर्षों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की बढ़ी हुई फीस में 40 प्रतिशत की कटौती की जाएगी।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही

**रतलाम।** डीईओ आबकारी विभाग श्री विकास मंडलोई ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध सैलाना के ग्रामीण क्षेत्र सरवन, आम्बापाड़ा, बेड़दा, बल्ली खेड़ा में दबिश एवं तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 30 पाव देशी मदिरा प्लेन, 15 केन बीयर, 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 1200 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त की गई। जिसमें आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा के तहत कुल 5 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जप्त मदिरा की कुल कीमत लगभग 1 लाख 30 हजार 830 रुपये है। उक्त कार्यवाही जारी रहेगी।

# मोदीजी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर को -आशीर्वाद का दिया- से शुरू होगा एक माह का सेवा संकल्प अभियान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम




भाजपा हर वर्ष प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्म दिन पर च्सेवा पखवाड़ाज मनाती है लेकिन इस बार 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के संवैधानिक प्रमुख (मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री) के रूप में 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। इसलिए भाजपा ने उनके जन सेवा और समर्पण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक महीने का सेवा संकल्प अभियान मनाने का निर्णय लिया है। इसका शुभारंभ मोदीजी के जन्म दिवस पर 17 सितंबर को हितग्राहियों द्वारा च्आशीर्वाद का दीया का प्रज्वलन कर किया जाएगा। आज के दौर में सरकारों का 5 वर्ष पूरा होना भी एक उपलब्धि होती है, ऐसे में मोदीजी द्वारा 25 वर्षों तक लगातार जनता का आशीर्वाद पाकर सेवा करना लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है।

ये जानकारी भाजपा की प्रदेश मंत्री संगीता सोनी ने सेवा संकल्प अभियान को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी अरुण त्रिपाठी, सह मीडिया प्रभारी निलेश बाफना व नीरज बरमेचा मंचासीन रहे। श्रीमती सोनी ने कहा कि मोदी जी ने जब देश का नेतृत्व संभाला, तब पूरे देश में निराशा और अंधकार का माहौल था। लेकिन आज भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की जो अलग पहचान बनी है। प्रधानमंत्री मोदी जी को ३७ अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिले है जो 140 करोड़ देशवासियों के पुरुषार्थ का सम्मान है। प्रधानमंत्री जी ने देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। 4.5 करोड़ से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास प्रदान किया। 12 करोड़ इज?जत घरों (शौचालयों) का निर्माण कराने के साथ 100 करोड़ से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जोड़ा गया। 80 करोड़ लोगों को निरूशुल?क राशन उपलब?ध कराने के साथ देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। उनके कार्यकाल में 200 करोड़ कोविड के मुफ्त टीके उपलब्ध कराना भी सामान्य घटना नहीं है।

श्रीमती सोनी ने बताया कि भाजपा सेवा संकल्प अभियान के माध?यम से एक माह के दौरान जन-जन तक पहुंचकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित करेगी। इनका उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी जी की सेवा यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत 2047 के संकल्प को जनता के बीच ले जाना है। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर प्रदेश भर में च्सेवा दिवसज्ज मनेगा। इस दिन रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, उसके बाद शाम 7 बजे प्रदेश के सभी 71930 बूथों पर च्आशीर्वाद का दीयाज्ज कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 2 अक्टूबर को प्रदेशभर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 17 सितंबर से 7 अक्टूबर के मध्य विकसित भारत की कल्पना जैसे विषयों पर प्रदेश के सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा किए गए सेवा कार्यों और विकसित भारत की संकल्पना पर चित्रकारी, ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

## स्वप्न दृष्टा द्विमुखी गणपति- इलाजी चौक से बना आस्था का केंद्र गणपति चौक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



प्राचीन एवं ऐतिहासिक धार्मिक नगरी दशपुर की पहचान देश की एकमात्र अद्वितीय भव्य श्री द्विमुखी भगवान गणेशजी की प्रतिमा के कारण भी है। जनकुपुरा स्थित यह दुर्लभ पाषाणयुगीन प्रतिमा सात फीट ऊँची खड़ी मुद्रा में स्थापित है। प्रतिमा का अग्र भाग पंचसुण्डी रूप में और पृष्ठ भाग सेठ की मुद्रा को प्रदर्शित करता है, जिसके मस्तक पर पगड़ी व शरीर पर बंडी बनी हुई है। दोनों मुखों के पूजा विधान भी अलग-अलग हैं।

श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति के नाम से विख्यात इस प्रतिमा का ज्ञात इतिहास १०० वर्षों से अधिक पुराना है। प्रतिमा का प्राकट्य स्थल नाहर सय्यद दरगाह की पहाड़ी पर स्थित तलाई है। स्थानीय निवासी मूलचंद स्वर्णकार को स्वप्न में इस प्रतिमा का आभास हुआ था, जिसकी पुष्टि के बाद उन्होंने ओषाढ़ सुदी 10 विक्रम संवत 1986 (22 जून 1929) को इसे पत्थरों के बीच से निकालकर बैलगाड़ी में विराजित किया। तत्कालीन समय में प्रतिमा को नरसिंहपुरा ले जाया जा रहा था, लेकिन जनकुपुरा पहुँचने पर बैलगाड़ी अचानक रुक गई। अत्यधिक प्रयासों के बाद भी जब गाड़ी आगे नहीं बढ़ी, तो श्रद्धालुओं ने इसे भगवान की इच्छा मानकर आषाढ़ सुदी एकादशी के दिन इसी स्थान पर प्रतिमा की विधिपूर्वक स्थापना कर दी। पूर्व में इलाजी चौक के नाम से जाना जाने वाला यह स्थान अब गणपति चौक के नाम से प्रसिद्ध है। वर्तमान में यह मंदिर पूरे अंचल की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहाँ प्रति बुधवार सायं 7.30 बजे भव्य महाआरती का आयोजन होता है।



## राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में मंदसौर के खिलाड़ियों का दबदबा, उज्जैन संभाग को मिला रजत

**मंदसौर।** छतरपुर में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय अंडर-14 बेसबॉल प्रतियोगिता 2026 में मंदसौर जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपनी खेल क्षमता का शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्जैन संभाग की टीम को रजत पदक दिलाया।

टीम का प्रतिनिधित्व मंदसौर के रुद्र खत्री (कप्तान), रणवीर घारू (उपकप्तान), वंश बडसोलिया, गोरांश बैरागी, विराट भाटी, अश्विन एवं रणवीर सिंह ने किया। कप्तान रुद्र खत्री ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ पिचर का पुरस्कार जीता, वहीं उपकप्तान रणवीर घारू सहित अन्य खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट टीम भावना दिखाई। टीम की इस ऐतिहासिक सफलता पर जिला बेसबॉल संघ के पदाधिकारियों, खेल अधिकारियों और जिले के खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों व कोचों को बधाई दी है।



## छात्राओं ने मिट्टी से बनाए इको-फ्रेंडली गणेश, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंदसौर में ईको क्लब के तत्वावधान में मिट्टी के गणेश निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जल प्रदूषण को रोकना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था।

आयोजन में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए प्राकृतिक मिट्टी से आकर्षक और कलात्मक गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश रत्नावत ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में रचनात्मकता के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं।

ईको क्लब प्रभारी जया सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को गणेशोत्सव के दौरान प्रकृति की सुरक्षा का संदेश दिया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में महेश त्रिवेदी के मार्गदर्शन के साथ सुनीता मुजावदिया, शशिकला दिवाकर, राजेंद्र शर्मा और रचना आर्य सहित विद्यालय स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

## तीन पैथोलॉजी लैब की जाँच के बाद किया पंजीयन निरस्त

**नीमच।**जिले में लंबे समय से अनधिकृत रूप से पैथोलॉजी लैब में पैथोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति में जांच रिपोर्ट के खिलाफ शिकायत है दर्ज हुई थी। जिले में नियमों को ताक पर रखकर संचालित पैथोलॉजी लैब और दूर बैठे पैथोलॉजिस्ट के नाम पर जांच रिपोर्ट जारी किए जाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की है।

## नीमच एस पी ने पुलिसकर्मियों के किए तबादले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में व्यापक फेरबदल किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास (भा.पु.से.) ने आदेश जारी कर कई पुलिसकर्मियों को अस्थायी रूप से नवीन पदस्थापना सौंपी है।

जारी आदेश के तहत पुलिस लाइन और विभिन्न थानों व कार्यालयों में पदस्थ चालकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है।

कर्मचारी का नामवर्तमान/पूर्व पदस्थापनानवीन पदस्थापना प्र.आर. (चा.) विजय तनानपुलिस लाइन नीमच कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (अपु) जावद प्र.आर. (चा.) जालिम सिंहपुलिस लाइन नीमचकार्यालय नगर पुलिस अधीक्षक (नपुअ) नीमच प्र.आर. (चा.) गिरवर प्रसाद शमार्पुलिस लाइन नीमचथाना यातायात नीमच आर. (चा.) रूपेश कुमारथाना यातायात नीमचपुलिस लाइन नीमच (लाइन अटैच) आर. (चा.) राजेश तनानथाना कुकड़ेश्वर कार्यालय नगर पुलिस अधीक्षक (नपुअ) नीमच आर. (चा.) सोनू कलोसिया थाना रामपुरापुलिस लाइन नीमच आर. (चा.) बीरबल कुमावतपुलिस लाइन नीमचथाना रामपुरा आर. (चा.) धीरज नरवाल पुलिस लाइन नीमचचौकी डिकेन (थाना रतनगढ़) आर. (चा.) राघवेन्द्र दांगीपुलिस लाइन नीमच थाना कुकड़ेश्वर आर. (चा.) बाबूलाल मालीकार्यालय नगर पुलिस अधीक्षक (नपुअ) नीमच पुलिस लाइन नीमच आर. (चा.) रूपेश अहीरपुलिस लाइन नीमच कार्यालय उपपुलिस अधीक्षक (अजाक) नीमच जिन्हे ? तत्काल कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गये हैं। एसपी राजेश व्यास ने रक्षित निरीक्षक और संबंधित थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि स्थानांतरित शासकीय सेवकों को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त (रवानगी) किया जाए। साथ ही उनकी रवानगी और नवीन पदस्थापना पर आवक की रिपोर्ट जल्द से जल्द जिला पुलिस कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

**माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रशिक्षण से दिया पर्यावरण संरक्षण संदेश**

**नीमच।** पर्यावरण संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, नीमच द्वारा सिद्ध गणेश माटी गणेश अभियान के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में माटी गणेश प्रतिमा निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा, विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय जोशी एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य श्री प्रवीण शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## विहिप द्वारा नीमच सिटी में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**नीमच।** विश्व हिंदू परिषद नीमच प्रखंड द्वारा प्रताप खंड नीमच सिटी में भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में तीन टीमों ने भाग लिया, जिनमें कुड़ी वाले बालाजी समिति, देवरा चौक टीम और सूर्य सेना नीमच सिटी यादव मंडी की टीम शामिल रहीं। मुकाबले में सूर्य सेना नीमच सिटी यादव मंडी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम प्रयास में ही मटकी फोड़ दी। मटकी फोड़ने वाले प्रतिभागी वरुण यादव रहे, जिसके बाद विजेता टीम को 3100 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री विनोद जयसवार, जिला गोरक्षा प्रमुख सूरज ग्वाला, जिला बलोपासना प्रमुख दिलीप ग्वाला, प्रखंड अध्यक्ष बंटी अग्रवाल, प्रखंड मंत्री नितिन बागड़ी, प्रखंड संयोजक पवन जयसवार, प्रखंड सह संयोजक राजू धनगर, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख बाबूलाल धाकड़, प्रखंड धर्म प्रसार प्रमुख लक्ष्मण सेन, प्रखंड सह बलोपासना कार्तिक माली तथा पवन माली सहित बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में अल्पवर्षा, पिलामोजक, ओर घोडारोज की समस्याओं ने किसान परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नारायणगढ़



तहसील क्षेत्र में अल्पवर्षा, पिलामोजक, ओर घोडारोज की गम्भीर समस्याओं ने किसानों की नींद हराम करदी है।अल्पवर्षा के चलते सोयाबीन,उड़द पर गम्भीर बीमारियों ने अफलन की स्थिति निर्मित करदी है और अगर कही फलिया आई भी है तो बारिश की लंबी खेंच से दाना काफी छोटा है। रविवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा, कांग्रेस नेता अजित कुमठ,बाबुखा मेवाती, ने क्षेत्र में खेतो में जाकर फसलों पर पिलामोजक को देखा व किसानों से चर्चा की छोटी गुडभेली के किसान पंकज राधेश्याम पाटीदार ने बताया कि मैने 3 बीघा में सोयाबीन बोई थी जिस पर 20 से 25 हजार रुपये का खर्चा आया और अब यह फसल पूरी तरह से पिला मोजेक के भेंट चढ़ गई काफी नुकसान हुवा है और यह फसल किसी काम की नही रही इसे तो अब पशुधन भी नही खाएंगे।

किसान नागेश्वर चौहान ने कहा कि प्राकृतिक आपदा पर किसानों को मुआवजा व बीमा नही दिया जाता है यह दुर्भाग्यपूर्ण है यह पूंजीपतियों की सरकार है जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने कहा कि अल्पवर्षा से क्षेत्र के जलस्रोत अभी भी 60 से 70 प्रतिशत खाली पड़े है,फसलो पर पिलामोजक नामक बीमारी, इल्लियों का प्रकोप अल्पवर्षा से नदी,नाले,खाल में पानी बहुत कम है और गर्मी से अभी और भी यह खाली होंगे और अब बारिश होने की भी बहुत कम संभावना प्रतीत होती है ऐसे में मल्हारगढ़ तहसील को सूखा ग्रस्त घोषित कर राहत कार्यो के साथ ही सभी प्रकार की वसूलियों को तत्काल प्रभाव से स्थगित की जाना चाहिए विशेष कर विधुत वितरण कम्पनी की पठानी वसूली को।शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार घोडारोज,ओर जंगली सुअर की समस्या से निपटने में पूरी तरह फैल रही है अभी तक कोई कार्ययोजना नही बनी है यह झुंड के झुंड में आकर बची कूची फसलों को बर्बाद कर रहे है। तहसील को सूखाग्रस्त घोषित करने को लेकर मंगलवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल अनुविभागीय अधिकारी से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौपेगा। कांग्रेसनेता बाबुखा मेवाती ने कहा कि राजस्व विभाग क्षेत्र में पिलामोजक से बर्बाद फसलों का निष्पक्ष सर्वे करवाकर उन्हें पर्याप्त मुआवजा व बीमें कई राशि दिलाये।किसान आज काफी संकट में है आसमान छूती महंगाई ने पहले ही किसानों की कमर तोड़ दी।

## न्यूज कालम



### भादवा बीज के अवसर पर रैगर समाज ने निकाली बाबा रामदेव की शोभायात्रा

**पिपलिया मंडी।** (मध्य प्रदेश): भादवा मास की दूज (भादवा बीज) के पावन अवसर पर नगर के पीपलिया मंडी में लोक देवता बाबा रामदेव जी का प्राकट्य दिवस बड़ी ही धूमधाम, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जय बाबा री रैगर समाज सेवा समिति, पीपलिया मंडी के तत्वावधान में बाबा रामदेव जी की विशाल एवं भव्य शोभायात्रा (सवारी) निकाली गई। शोभायात्रा में बाबा रामदेव जी की नयनाभिराम झांकी सजाई गई, जिसे आकर्षक ध्वजों, पुष्पों एवं विद्युत सज्जा से अलंकृत किया गया था। शोभायात्रा का नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर भावभीना स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।समिति द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं और बच्चे भारी संख्या में शामिल हुए। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग "जय बाबा री" और "खम्मा-खम्मा ओ रामापीर" के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और धार्मिक भजनों की स्वर लहरियों पर जमकर थिरके।

### निनोरा ग्राम में बाबा रामदेव के जन्म उत्सव पर भव्य जुलूस निकाला



**पिपलिया मंडी।** भादवी बीज 13 सितंबर को बाबा रामदेव की जयंती के उपलक्ष में समीप गांव निनोरा के रेगर परिवार के तत्वाधान में बैंड बाजा के साथ बाबा रामदेव का जुलूस हर्षोल्लास से निकाला गया। जुलूस का गांव में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत कर धर्मलाभ लिया या। जुलूस में विशेषकर जुलूस प्रभारी सेवानिवृत शिक्षक बद्रीलाल जाटोलिया, किशनलाल जाटोलिया, सीताराम सूर्यवंशी, प्रकाश जाटोलिया सचिव, नंदलाल धमानिया, प्रवीण, प्रशाद, देवीलाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक को ने भाग लेकर धर्म लाभ लिया।

### हिंदी दिवस पर कृति द्वारा विशेष व्याख्यान का आयोजन होगा

**नीमच।** नगर की प्रतिष्ठित साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था 'कृति' द्वारा हिंदी दिवस के पावन अवसर पर आज एक विशेष साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण "रामकथा में कैकेयी" विषय पर आधारित एक गहन और विचारोत्तेजक व्याख्यान होगा। कार्यक्रम का विवरणः-मुख्य वक्ताः अशोक श्रीवास्तव "मानस विद्यार्थी" (प्रख्यात साहित्यकार एवं मानस मर्मज्ञ) विषयः "रामकथा में कैकेयी" समयः आज रात्रि 7.30 बजे स्थानः गायत्री शक्तिपीठ सभागृह, नीमचकृति संस्था के प्रचार सचिव कृष्णकुमार शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि हिंदी भाषा के सम्मान और साहित्य संवर्धन के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। मुख्य वक्ता अशोक श्रीवास्तव रामकथा के महत्वपूर्ण एवं चर्चित पात्र कैकेयी के विभिन्न दृष्टिकोणों, उनके चरित्र के गूढ़ पहलुओं और प्रासंगिकता पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।संस्था के पदाधिकारियों ने नीमच शहर के समस्त साहित्य प्रेमियों, प्रबुद्ध जनों एवं प्रबुद्ध श्रोताओं से अपील की है कि वे इस गरिमामय साहित्यिक संध्या में अपने परिवार और मित्रों सहित उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### नगर निगम चिन्ताहरण गणेश मंदिर में आज होगी गणपति स्थापना

**रतलाम।** नगर निगम स्थित श्री चिन्ताहरण गणपति मंदिर पर मनाये जाने वाले दस दिवसीय गणेशोत्सव के तहत आज 14 सितम्बर 2026 सोमवार को गणेश प्रतिमा की स्थापना धूमधाम से की जावेगी। आज 14 सितम्बर 2026 सोमवार को दोपहर 1.30 बजे डॉ. अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड से रिद्धी सिद्धी के दाता भगवान श्री गणेश प्रतिमा को बेन्ड-बाजे, ढोल-ढमाके व चल समारोह के साथ नगर निगम कार्यालय स्थित श्री चिन्ताहरण गणपति मंदिर पर लाया जाकर स्थापना की जावेगी। जिसमें महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त अनिल भाना, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास (गुड्डू भैय्या), विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामूभाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, पार्षदगण, एल्डरमेन व निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### शिवना शुद्धिकरण के 142वें दिन निकला एक ट्रॉली कचरा



**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान के तहत रविवार को 142वें दिन भी निरंतर श्रमदान जारी रहा। श्रमदानियों ने शिवना नदी के तट पर एकत्र होकर घाटों की सफाई और धुलाई की ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके। इस दौरान नदी से 1 ट्रॉली प्लास्टिक कचरा और आसपास फैली गाजर घास को बाहर निकाला गया। श्रमदान में शामिल विधायक विपिन जैन ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि शिवना नदी में प्लास्टिक, पूजा सामग्री या कचरा न डालें, बल्कि इसे निर्धारित कलश या स्थान पर ही विसर्जित करें। उन्होंने कहा कि नदी को स्वच्छ रखना शहर के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान के तहत अधिक से अधिक नागरिकों को श्रमदान में भाग लेने का आह्वान किया गया है।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से घायल बुजुर्ग की मौत

**मक्सी।** मक्सी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में मालगाड़ी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए 60 वर्षीय व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान करन पिता भेराजी, निवासी ग्राम बेरछी, के रूप में हुई है। मक्सी जीआरपी पुलिस के प्रताप सिंह देवड़ा के अनुसार, घटना के बाद घायल को करीब 3 बजे शाजापुर जिला अस्पताल भेजा गया था। हादसे में उसका एक हाथ कट गया था और उसकी हालत गंभीर थी। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सूचना मिलने के बाद मृतक की शिनाख्त कराई गई, जिसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचे। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## डोबाडा गुर्जर में भागवत कथा शुरू

**तराना।** शनिवार को ग्राम डोबाडा गुर्जर में भागवत कथा शुरू हुई



यह भागवत कथा ग्राम निवासी अभय सिंह पिता ओंकार सिंह गलगच के निवास पर आयोजित की गई कथा का आयोजन 18 सितंबर तक होगा कथा के समापन पर 19 सितंबर को महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा भागवत कथा का वाचन पंडित वीरेंद्र शास्त्री सिहोरा जिला जबलपुर के द्वारा की जा रही है। कथा के पहले दिन पंडित शास्त्री द्वारा ज्ञान एवं वैराग्य की कथा के बारे में बताया गया वही भागवत कथा का पाठ आशीष उपाध्याय तराना के द्वारा किया जा रहा है।

## शांति समिति की बैठक गणेश पांडाल संचालकों को दिशा निर्देश दिए



**इंगोरिया।** शांति समिति की बैठक में सार्वजनिक गणेश स्थापना करने वाले मंडलों के आयोजकों को अनुविभागीय अधिकारी से अनुमति लेने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने सभी गणेश मंडलों के आयोजकों को शनिवार को पुलिस थाने पर बुलाकर नियमों के तहत पांडाल बनाने की समझाइश दी। गांव में स्थापना और विसर्जन करने हेतु दिशा निर्देश के पंपलेट वितरित किए और स्थापना करने से पहले एस डी एम बड़नगर को आवेदन देकर अनुमति लेने के निर्देश दिए। बैठक में बलेडी, डंगवाड़ा, बनियाखेड़ी, असलोदा, मकड़ावन रूपाहेडा, इंगोरिया सहित करीब 25 ग्रामों के गणेश स्थापना के संचालक मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में व्याख्यान माला का आयोजन

**सुसनेर।** शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य जी.सी. गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में संघ के विभाग शारीरिक प्रमुख महेंद्र सिंह जोधा तथा संघ के सह नगर कार्यवाह महेंद्र मीणा उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता महेंद्र सिंह जोधा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भारत में युवाओं की भूमिका विषय पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युवा देश की शक्ति हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं को अपनी ऊर्जा एवं प्रतिभा का सकारात्मक दिशा में उपयोग करते हुए समाज और देश के विकास में योगदान देना चाहिए।

## त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**राजगढ़।** आगामी त्यौहारों को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आगामी त्यौहारों के दौरान सभी अधिकारी एवं आयोजक अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से समझते हुए पूरी सजगता एवं तत्परता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी घटना का कारण बन सकती है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

# दावा राशि एवं कर भुगतान संबंधी प्रकरणों के निराकरण से लाखों का राजस्व प्राप्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरोद





राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन के निर्देशानुशार तहसील विधिक सेवा समिति खाचरोद द्वारा न्यायालय परिसर खाचरोद में 12.09.26 को नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 10.50 बजे प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नीतूकांता वर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा, शैफाली सिंह व्यवहार न्यायाधीश वर्ग वरिष्ठ खण्ड, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड निर्मला पटेल ने दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण कर एवं अभिभाषक संघ खाचरोद के अध्यक्ष प्रवीण पंड्या, अभिभाषक विद्युत मंडल कनिष्ठ यंत्री संजय मालवीय, शशिरंजन, सौरभ शर्मा एवं समस्त बैंकों के बैंक मैनेजर, तथा नगरपालिका खाचरोद के समस्त पदाधिकारीगण एवं न्यायालय खाचरोद के कर्मचारीगण द्वारा सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

नगर पालिका खाचरोद के शुभारंभ कार्यक्रम में न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। आयोजित नेशनल लोक अदालत में नीतू कांता वर्मा प्रथम जिला एवं सत्र न्यायालय 88 प्रकरणों का निराकरण किया गया। द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा के न्यायालय से 08 क्लेम प्रकरण एवं 02 हिंदू विवाह अधिनियम का निराकरण किया गया, व्यवहार न्यायाधीश शैफाली सिंह के न्यायलय के कुल 102 प्रकरण का निराकरण किया गया। निर्मला पटेल व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 के न्यायालय के कुल 47 प्रकरणों का निराकरण किया गया। नगर पालिका जलकर व दुकान किराया, जलकर, दूर संचार विभाग व बैंक रिकवरी के प्रिलिटिगेशन प्रकरण में से 33 तथा विद्युत के प्रीलिटिगेशन 78 प्रकरणों का निराकरण हुआ, इस प्रकार कुल 247 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें रिकवरी और सेटलमेंट अमाउंट 6479303 रुपये रहे। न्यायालय में लम्बित प्रकरणों में से 136 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### बड़नगर

विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार, 12 सितंबर को न्यायालय परिसर में नेशनल मेगा लोक अदालत का आयोजन किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश रामबिलास गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

लोक अदालत का उद्देश्य पक्षकारों को सरल, सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराने के साथ आपसी सहमति और समझौते के माध्यम से विवादों का समाधान सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान विभिन्न प्रकरणों से जुड़े पक्षकारों को लोक अदालत की प्रक्रिया एवं समझौते के माध्यम से विवादों के निराकरण के महत्व से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर अपर सत्र न्यायाधीश रामबिलास गुप्ता, न्यायाधीश ऋचा गोयल बंसल, भावना जाटवा, गौरव चौरसिया एवं अवनी व्यास उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष करण रणजीत राठौड़, सचिव मयंक यादव सहित अधिवक्ता रफीक मंसूरी, गणेश रावल, राजेश चौहान, नितेश सुहायला, नवाज शरीफ, धर्मराज दुबे, राकेश जाधव,सुनिल राठौड़,संदीप सोलंकी, ओमप्रकाश राठौर, अमित जोशी सहित अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही। लोक अदालत के दौरान न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्ताओं द्वारा पक्षकारों को प्रकरणों के समाधान की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। आयोजन के माध्यम से आपसी संवाद, सहमति एवं समझौते के जरिए विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की भावना को प्रोत्साहित किया गया। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी दिलनवाज खान द्वारा प्रदान की गई।

### ब्यावरा-राजगढ़।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा निर्धारित कैलेंडर के अनुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेर्शों के अनुक्रम में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजीव म.आप्टे अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में स्थापना ब्यावरा में वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर 2026 को किया गया। उक्त लोक अदालत में 313 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में बैंकों से संबंधित 37 प्रकरण में 14 लाख 91 हजार रुपए की धनराशि के मामले निराकृत हुए वही विद्युत विभाग से संबंधित 276 प्रकरण में 21 लाख 24 हजार रुपए की धनराशि के मामले निराकृत हुए। न्यायालय में लंबित मामलों में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 14 प्रकरण निराकृत हुए, जिनमें 57 लाख 18 हजार रुपए क्षतिपूर्ति राशि के मामले निराकृत किए गए, जिनसे 54 पक्षकार लाभान्वित हुए। विद्युत विभाग के 10 लंबित प्रकरण निराकृत किए गए जिनमें 4 लाख 13 हजार 710 रुपए की विद्युत व्यय की राशि वसूल की गयी, लाभान्वितों की संख्या 10 रही। 09 अपील मामले निराकृत हुए जिनमें दावाकृत राशि 15 लाख 79 हजार 67 रुपए का निराकरण किया गया, लाभान्वितो की संख्या 18 रही। आपराधिक प्रकरण में कुल 137 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिनमें 282 लाभान्वित हुए और कुल 92 लाख 23 हजार 308 दावाकृत राशि से संबंधित मामले निराकृत हुए।

# पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व पर महावीर स्वामी का जन्मवाचन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बडौद



श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ बड़ौद द्वारा पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के पावन अवसर पर भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन समारोह श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम प. पूज्य साध्वी भगवंत जिनकीर्ति श्रीजी म. सा. की शुभ निश्रा एवं पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं ने उपस्थित होकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक की आराधना एवं अनुमोदना की।जन्म वाचन के दौरान भगवान महावीर स्वामी के जन्म प्रसंग का वाचन किया गया। जैसे ही भगवान महावीर स्वामी के जन्म का मंगल प्रसंग आया, पूरा वातावरण जय महावीर के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भक्ति एवं उल्लास के साथ भगवान के जन्मोत्सव की खुशियां मनाईं।जन्म वाचन के पश्चात चैत्य परिपाटी का आयोजन किया गया। चैत्य परिपाटी आनंद चंद्र आराधना भवन से गाजते-बजाते हुए विमलनाथ जिनालय पहुंची। यहां श्रद्धालुओं द्वारा परमात्मा की आरती एवं भक्ति की गई।

इसके पश्चात नवरत्न परिवार द्वारा साधर्मिक वात्सल्य का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं साधर्मिक बंधुओं ने सहभागिता की। वहीं आज शाम को जिन शासन सुभट दल द्वारा सामूहिक दीपक आरती का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के सभी श्रावक-श्राविकाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म आराधना का लाभ लेने का आह्वान किया गया है। समारोह में जैन समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## दूध का न्यूनतम भाव 100 रुपए करने की मांग एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सुसनेर।** क्षेत्र के दुग्ध उत्पादक किसानों ने दूध का उचित मूल्य दिलाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को विधायक भैरो सिंह बापू एवं एसडीएम देवकुंवर सोलंकी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने दूध का न्यूनतम खरीद मूल्य 100 रुपए प्रति लीटर एवं फैट की दर 12 रुपए प्रति फैट निर्धारित करने की मांग की।

किसानों ने ज्ञापन में बताया कि पिछले कुछ समय से पशुपालन की लागत लगातार बढ़ रही है। पशु आहार, चारा, चोकर, खली सहित अन्य सामग्री के दाम बढ़ने के साथ ही दुधारू पशुओं की दवाइयों एवं उपचार पर होने वाला खर्च भी बढ़ गया है। इसके अलावा मजदूरी और दूध को कलेक्शन सेंटर तक पहुंचाने के परिवहन खर्च में भी वृद्धि हुई है। ऐसे में वर्तमान में मिल रहे दूध के मूल्य से किसानों के लिए पशुपालन की लागत निकालना मुश्किल हो रहा है।

### जहांगीरपुर में चोरों का आतंक

# चांदी की पायजेब, 1 बाइक और 12 हजार नकद ले गए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंगोरिया

जहांगीरपुर में बीती रात चोरों ने 6 घरों पर एक साथ धावा बोला। जिससे ग्रामवासियों में दहशत व्याप्त है। चोरों ने बगदी राम पांचाल के घर ताले तोड़ कर अलमारी में से चांदी की पायजेब और 12 हजार रुपए नकद पर हाथ साफ कर दिया। पोस्टमैन रोहित की मोटर साइकिल भी इसी रात को चोरी हुई।

पूर्व जनपद सदस्य हरिओम कोहली और ग्राम वासियों ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बदमाशों ने अय्यूब मंसूरी और कालू शाह के घर भी चोरी की, कितना सामान गया, अभी पता नहीं चला। शंकरलाल के घर रखी दो मोटर साइकिलों के चोरों ने लॉक तोड़ दिए, घर वालों के जागने पर वाहन छोड़ कर भाग गए। इसी तरह नीम चौक पर मेडिकल स्टोर से भी रुपए चोरी हुए हैं जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाने पर की गई है। भुवान जी के घर में भी बदमाश रात घुसे थे पर कितना सामान ले गए ये अभी पता नहीं चला।

### पुलिस चौकी की अनुशंसा ठंडे बस्ते में

ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि में सुरक्षा हेतु पुलिस गश्त की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। पूर्व थाना प्रभारी ने जहांगीरपुर में पुलिस चौकी स्थापित करने की अनुशंसा प्रशासन से की थी। पर अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई।

## विद्यापीठ में हर्षोल्लास से मनाया पर्युषण पर्व

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरौद

श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ, खाचरौद में पर्वाधिराज पर्युषण पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से नवकार मंत्र का जाप किया गया, जिससे विद्यालय का वातावरण भक्तिमय एवं शांतिमय हो गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। मनमोहक नृत्य एवं मधुर भजन प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और पूरे वातावरण को आध्यात्मिक एवं भक्तिमय बना दिया। संचालन अवनी जैन द्वारा किया गया।

### 10 दिन में जुकाम तो 15 दिन में ठीक हो रही खांसी, अस्पताल में रोजाना मरीजों की बढ़ रही भीड़

# वायरल के बाद सर्दी जुकाम ने जकडा, मरीजों को सता रहा डेंगू का डर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।




बदलते मौसम का लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड रहा है। स्थिति यह है की कुछ दिन पहले लोग वायरल संक्रमण से लोग झुंझ रहे थे। लेकिन अब सर्दी जुकाम लोगों को जकड रहा है। जिसे ठीक होने में 10 से 15 दिन लग रहे है। मौसम में आ रहे बदलाव और प्रतिदिन के उतार-चढाव से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है, जिसके चलते वर्तमान के दौर में हर घर में मरीज नजर आ रहे है। स्थिति ये है कि पहले वायरल संक्रमण से लोग जूझ रहे थे, लेकिन अब साथ में सर्दी-जुकाम का संक्रमण लोगों को जकड रहा है। वहीं अब डेंगू मलेरिया का भी खतरा बढ रहा है। यही वजह है कि सरकारी अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ रही है। अस्पताल की ओपीडी ही 800 से अधिक पहुंच रही है। बढते मरीजों के कारण सिविल अस्पताल के वार्ड मरीजों से खचाखच भरे हुए हैं। विशेषज्ञ चिकित्सक बदलते मौसम को लेकर हैरान हैं। डॅक्टरों का मानना है कि इस तरह के मौसम में वायरल अटैक ज्यादा होता है और लोगों को इससे सावधान रहने की जरूरत होती है।

शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर अंकित यादव की माने तो मौसम में लगातार बदलाव लंबे समय से है। इस कारण से वायरस म्यूटेड हो रहे हैं। यही वजह है कि कुछ ही मरीजों को ठीक होने में दस दिन से अधिक का वक्त लग रहा है। एलर्जी जुकाम, खांसी, गले में दर्द व खराश की समस्या आम तौर पर 5 से 7 दिन में ठीक हो जाती है, लेकिन इस बार स्वस्थ होने में 15 से ज्यादा दिन लग रहे हैं। ऐसे मरीजों की संख्या अधिक है। यही वजह है कि इस बार गले का संक्रमण भी 10 से 15 दिन तक प्रभावित लोगों को परेशान कर रहा है। चिंता की बात यह है कि दवाइयों का असर भी जल्दी नहीं हो रहा।

सीबीएमओ डा. केएन भिलवारे के अनुसार हल्की जुकाम या गला खराब होने पर खुद को ही एंटीबॉयोटिक का प्रयोग नहीं करना चाहिए। बिना चिकित्सकीय सलाह के सीधे केमिस्ट से जुकाम, खांसी की दवा जुकाम को गाढा कर देती है और गले में सूखापन भी बढा देती है। जिससे कई बार तकलीफ बढ सकती है। इसके अलावा खानपान का विशेष ध्यान रखें। मौसम के अनुरूप ही खुद को ढालने का प्रयास करें।

मौसम में बदलाव के चलते सर्दी, जुकाम और खांसी जैसी बीमारियां बढ रही हैं। ऐसे में लोग जीवनशैली में अनुशासन रखें और सावधानियां बरतें।

### बोले डाक्टर

मौसम में नमी लंबे समय से हैं और फिर धुप निकल रही है। इस कारण से वायरस यूटेड हो रहे हैं। यही वजह है कि वायरल फीवर के साथ ही सर्दी-जुकाम और खांसी के मरीजों की संख्या बढ रही है। इसमें मरीजों को ठीक होने में भी कुछ ज्यादा समय लग रहा है। ऐसे में लोग मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतें और गर्भवती महिलाएं बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाईयां न लें।

**डा. तस्लीम मंसूरी, सिविल अस्पताल, सारंगपुर।**



## श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर निकली शोभायात्रा सुदामा चरित्र सुन भावुक हुए श्रद्धालु

**बड़नगर।** नगर के श्री गुजराती रामी माली समाज धर्मशाला में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें एवं समापन दिवस पर सुदामा चरित्र की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा व्यास हेमंत कश्यप महाराज (हरिद्वार) ने भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा की अनूठी मित्रता का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान चावल (तंदुल) अर्पण का प्रसंग आते ही पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। इस दौरान पूरे पंडाल में ह्लजय श्री कृष्ण-जय श्री सुदामाह्व के जयकारे गूंज उठे। समापन दिवस पर प्रातः विधि-विधानपूर्वक हवन-पूजन किया गया। यजमानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। कथा के पश्चात आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा श्री राम मंदिर चौक से प्रारंभ होकर कुमावत सेरी, एवं पुनः श्री राम मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में ढोल-नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु जमकर झूमे और नृत्य किया। मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

## भाजयुमो के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कडोदिया के स्वागत मे उमड़े युवा



**महिदपुर** । शुक्रवार को महिदपुर विधान सभा के युवाओ से रूबरू होने भारतीय जनता युवमोर्चा के नवनियुक्त उज्जैन ग्रामीण जिलाध्यक्ष हरजीतसिंह कडोदिया के प्रथम महिदपुर नगर आगमन पर स्वागत करने के लिए युवा मे भारी उत्सुकता देखने को मिली । स्वागत सम्मान के लिए युवा कार्यकर्ताओ ने अपने अपने स्वागत मंच से अपने लाडले नेता ग्रामीण जिलाध्यक्ष हरजीतसिंह काडोदिया को साफा श्रीफल पुष्पमालाओ से सम्मानित किया ।नगर भ्रमण स्वागत समारोह मे सभी मंच पर जिलाध्यक्ष हरजीतसिंह काडोदिया के स्वागत मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे । स्थानीय नारायणा चौराहा से स्वागत मंच से ही जिलाध्यक्ष हरजीतसिंह कडोदिया के स्वागत मे कार्यकर्ताओ के साथ पैदल ही सभी जगह पर पहुंचे भाजपा नगर मंडल के सभी पदाधिकारी आपके साथ पुरे समय उपस्थित थे ।

## रामजी महाजन की 27वीं पुण्यतिथि पर 77 समाज सेवियों का किया सम्मान



**ब्यावरा।** संयुक्त माली सैनी मरार समाज भोपाल द्वारा शनिवार को युगपुरुष रामजी महाजन की 27वीं पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश स्तरीय पिछड़ा वर्ग सम्मान दिवस समारोह महात्मा फुले भवन अरेरा कॉलोनी भोपाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न जिलों से आए 77 समाजसेवियों जिनमें डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, शिक्षक एवं वैज्ञानिक सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में आए प्रमुख अतिथियों में विश्वास कैलाश सारंग मंत्री मध्य प्रदेश शासन, श्रीमती मालती राय महापौर नगर निगम भोपाल, भगवान दास सबनानी विधायक दक्षिण पश्चिम भोपाल, पी सी शर्मा पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन, अनोखी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल (ग्रामीण), रामनारायण चौहान, जगदीश सैनी, हरिसिंह सैनी सरपंच, राजेंद्र सैनी, राजेश चौहान, गीता प्रसाद माली पार्षद, डॉ प्रेमलता सैनी, श्रीमती शांति माली, डॉ छाया सैनी, भूपेंद्र माली, कैलाश सुमन, सुरेश सुमन, बबलू सैनी, दिनेश सैनी, अजय सैनी, जगदीश सोलंकी, रामचरण माने, मधु अम्बाड़कर एवं समाज के गणमान्य उपस्थित रहे।

## युवा सांसदों ने संभाली संसद की भूमिका, झाड़ू उठाकर दिया स्वच्छता का संदेश




**सुसनेर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में 28वीं राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक युवा सांसदों की भूमिका निभाते हुए संसद की कार्यवाही का जीवंत प्रदर्शन किया। युवा सांसदों ने प्रश्नकाल, विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने संसदीय कार्यवाही के माध्यम से लोकतंत्र, अनुशासन, संवाद और जिम्मेदार नागरिकता के मूल्यों को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास की झलक भी देखने को मिली। कार्यक्रम के पश्चात युवा सांसदों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने स्वयं हाथों में झाड़ू लेकर परिसर की सफाई की और स्वच्छ विद्यालय एवं स्वच्छ समाज का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर प्राचार्य अब्दुल अजीज ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि युवा संसद जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और लोकतांत्रिक जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इसी प्रकार सामाजिक सरोकारों से जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## गणेश चतुर्थी विशेष

# क्या है चंद्र दर्शन की मनाही?

**भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और बुद्धि के देवता के रूप में पूजा जाता है। किसी भी नए कार्य को आरंभ करने से पहले उनका स्मरण करने की परंपरा है, ताकि कार्य में आने वाली बाधाएं दूर हों और सफलता प्राप्त हो। गणेश उत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी पर्व है।**

सनातन धर्म में भगवान गणेश को प्रथम पूज्य देवता माना गया है। किसी भी शुभ कार्य, पूजा, यज्ञ या नए कार्य के आरंभ से पहले भगवान गणेश का स्मरण और पूजन करने की परंपरा है। वे बुद्धि, विवेक, शुभारंभ और विघ्नों को दूर करने वाले देवता के रूप में पूजनीय हैं। गणेश चतुर्थी भगवान श्रीगणेश के जन्मोत्सव का पावन पर्व है, जिसे पूरे भारत में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाता है। घरों और सार्वजनिक पंडालों में गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित की जाती है, पूजा-अर्चना होती है और भजन-कीर्तन के साथ उत्सव मनाया जाता है।



## गणेश चतुर्थी 2026 की तिथि

वर्ष 2026 में गणेश चतुर्थी सोमवार, 14 सितंबर को मनाई जाएगी। यह पर्व भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की स्थापना और पूजा के लिए मध्याह्न काल को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान गणेश का जन्म मध्याह्न काल में हुआ था। हालांकि, पूजा का सटीक शुभ मुहूर्त स्थान और स्थानीय पंचांग के अनुसार अलग-अलग हो सकता है। इसलिए श्रद्धालुओं को अपने शहर या क्षेत्र के पंचांग के अनुसार पूजा का समय निर्धारित करना चाहिए।

## गणेश चतुर्थी का महत्व

भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और बुद्धि के देवता के रूप में पूजा जाता है। किसी भी नए कार्य को आरंभ करने से पहले उनका स्मरण करने की परंपरा है, ताकि कार्य में आने वाली बाधाएं दूर हों और सफलता प्राप्त हो। गणेश उत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी पर्व है। सार्वजनिक गणेशोत्सव के माध्यम से लोग एक साथ आते हैं, पूजा करते हैं और विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं।

## पूजन

गणेश चतुर्थी के दिन प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। घर और पूजा स्थल की सफाई करने के बाद भगवान गणेश का स्मरण करते हुए पूजा और व्रत का संकल्प लें।

## गणपति स्थापना

पूजा स्थल पर स्वच्छ चौकी रखें और उस पर लाल या पीले रंग का वस्त्र बिछाएं। इसके बाद भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करें। प्रतिमा स्थापित करते समय श्रद्धापूर्वक भगवान गणेश का ध्यान करें। प्रतिमा स्थापित करने के बाद गणपति का आवाहन कर पूजा प्रारंभ की जाती है।

**पूजन सामग्री-** पूजा में सामान्यतः निम्न सामग्री का उपयोग किया जाता है- भगवान गणेश की प्रतिमा या चित्र, रोली और चंदन, अक्षत, दूर्वा घास, लाल या पीले पुष्प, धूप और दीप, फल, मोदक और लड्डू, नारियल, पान और सुपारी, पंचामृत एवं स्वच्छ जल

सबसे पहले भगवान गणेश का ध्यान करें और पूजा का संकल्प लें। इसके बाद उन्हें जल से स्नान कराएं अथवा श्रद्धापूर्वक जल अर्पित करें। फिर चंदन, रोली, अक्षत, पुष्प और दूर्वा अर्पित करें। भगवान गणेश को मोदक और लड्डू का भोग विशेष रूप से प्रिय माना जाता है। उन्हें फल और अन्य सात्विक नैवेद्य भी अर्पित किया जा सकता है। पूजा के दौरान श्रद्धालु ॐ गं गणपतये नमः मंत्र का जप कर सकते हैं। इसके पश्चात गणेश चतुर्थी की व्रत कथा सुनी या पढ़ी जाती है और अंत में भगवान गणेश की आरती की जाती है।

**गणेश चतुर्थी व्रत का महत्व-** गणेश चतुर्थी के दिन कई श्रद्धालु व्रत रखते हैं। व्रत की विधि और नियम परिवार तथा क्षेत्रीय परंपराओं के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं। कुछ लोग दिनभर फलाहार करते हैं और पूजा के बाद प्रसाद ग्रहण करते हैं।

## गणेश चतुर्थी की व्रत कथा

पौराणिक कथा के अनुसार माता पार्वती ने एक दिन स्नान करने से पहले अपने शरीर के उबटन से एक बालक की प्रतिमा बनाई और उसमें प्राण प्रतिष्ठित कर दिए। उन्होंने उस बालक को अपना पुत्र बनाया और उसे द्वार पर पहरा देने का आदेश दिया। माता पार्वती ने बालक से कहा कि जब तक वे भीतर से बाहर न आएं, किसी को भी अंदर प्रवेश न करने देना। कुछ समय बाद भगवान शिव वहां पहुंचे और भीतर जाने लगे। बालक गणेश ने उन्हें रोक दिया। भगवान शिव ने स्वयं को माता पार्वती का पति बताते हुए प्रवेश करने की अनुमति मांगी, लेकिन गणेश जी ने माता की आज्ञा का पालन करते हुए उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। इससे भगवान शिव और गणेश जी के बीच संघर्ष हुआ। पौराणिक कथा के अनुसार संघर्ष के दौरान भगवान शिव ने क्रोधित होकर गणेश जी का सिर धड़ से अलग कर दिया। जब माता पार्वती को इस घटना का पता चला, तो वे अत्यंत दुखी और क्रोधित हुईं। उन्होंने भगवान शिव से अपने पुत्र को पुनः जीवित करने का आग्रह किया। तब भगवान शिव ने अपने गणों को आदेश दिया कि वे उत्तर दिशा की ओर जाएं और जो भी प्राणी सबसे पहले दिखाई दे, उसका सिर लेकर आएं। गणों को एक हाथी दिखाई दिया और वे उसका सिर लेकर आए। भगवान शिव ने हाथी का सिर गणेश जी के शरीर पर स्थापित कर उन्हें पुनर्जीवित कर दिया। इसके बाद भगवान शिव ने उन्हें अपना पुत्र स्वीकार किया और वरदान दिया कि संसार में किसी भी शुभ कार्य से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाएगी। तभी से भगवान गणेश को प्रथम पूज्य माना जाता है।

## गणेश चतुर्थी और चंद्र दर्शन की मान्यता

गणेश चतुर्थी से जुड़ी एक प्रचलित मान्यता के अनुसार इस दिन चंद्रमा के दर्शन से बचने की परंपरा भी है। इसके पीछे भगवान गणेश और चंद्रमा से संबंधित एक पौराणिक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार एक बार भगवान गणेश को मोदक और अन्य प्रिय व्यंजनों का भोग लगाया गया। अधिक भोजन करने के बाद वे अपने वाहन मूषक पर सवार होकर जा रहे थे। मार्ग में मूषक के अचानक डर जाने से भगवान गणेश नीचे गिर पड़े। यह देखकर चंद्रमा हंसने लगा। चंद्रमा के इस उपहास से भगवान गणेश क्रोधित हुए और उन्होंने चंद्रमा को श्राप दिया कि जो व्यक्ति चतुर्थी के दिन उसका दर्शन करेगा, उस पर झूठे आरोप लग सकते हैं। बाद में चंद्रमा ने क्षमा मांगी, तब भगवान गणेश ने श्राप को पूर्ण रूप से समाप्त न करते हुए उसमें परिवर्तन कर दिया। इसी कारण कुछ परंपराओं में गणेश चतुर्थी के दिन चंद्र दर्शन से बचने की मान्यता प्रचलित है। इस प्रकार, गणेश चतुर्थी आस्था, बुद्धि, शुभारंभ और सामाजिक एकता का पर्व है। भगवान गणेश का स्वरूप हमें सिखाता है कि जीवन में बुद्धि, धैर्य, विवेक और विनम्रता का विशेष महत्व है।

**हरतालिका तीज माता पार्वती के भगवान शिव के प्रति अटूट प्रेम और तपस्या का प्रतीक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तप किया था। उनकी दृढ़ भक्ति और संकल्प से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया।**

# हरतालिका तीज व्रत



सनातन धर्म में हरतालिका तीज का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। यह पर्व मुख्य रूप से भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना को समर्पित है। विवाहित महिलाएं पति की दीघार्यु, सुखी दांपत्य जीवन और परिवार के मंगल की कामना से यह व्रत रखती हैं, जबकि अविवाहित कन्याएं मनोवांछित एवं योग्य जीवनसाथी की प्राप्ति के लिए माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा करती हैं। हरतालिका तीज को श्रद्धा, तप, प्रेम और अटूट संकल्प का पर्व माना जाता है। इस दिन माता पार्वती के कठोर तप और भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने की कथा का स्मरण किया जाता है। हरतालिका तीज माता पार्वती के भगवान शिव के प्रति अटूट प्रेम और तपस्या का प्रतीक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तप किया था। उनकी दृढ़ भक्ति और संकल्प से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया।

# Sport

### सबालेंका लगातार तीसरा खिताब जीतने से चूकीं, हार के बाद रैकेट तोड़ा

# रायबकिना ने पहली बार यूएस ओपन जीता


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कजाकिस्तान की एलेना रायबकिना ने बेलारूस की आर्यना सबालेंका को हराकर पहली बार वर ओपन खिताब जीत लिया। न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में शनिवार रात खेले गए फाइनल में रायबकिना ने सबालेंका को 6-4, 5-7, 6-2 से हराया।

इस जीत के साथ रायबकिना ने अपना तीसरा विमेंस सिंगल्स ग्रैंड स्लैम खिताब जीता और सोमवार को आधिकारिक तौर पर वर्ल्ड नंबर-1 बन जाएंगी। हार के बाद निराश सबालेंका ने अपना रैकेट तोड़ दिया। रायबकिना की जीत से सबालेंका का लगातार तीसरी बार वर ओपन चैंपियन बनने का सपना टूट गया। इसके साथ ही वर ओपन में उनकी 19 मैचों की जीत का सिलसिला भी खत्म हो गया। सबालेंका पिछले 99 हफ्तों से दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी थीं। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन रायबकिना ने अहम मौकों पर बेहतर खेल दिखाया और सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। इस दौरान गुस्से में गेंद स्टैंड की ओर मारने पर सबालेंका को चेतावनी भी मिली। दूसरे सेट में सबालेंका ने अपनी लय वापस हासिल की। उन्होंने रायबकिना पर लगातार दबाव बनाया और 5-5 के बाद ब्रेक हासिल कर सेट 7-5 से जीत लिया।

इससे मुकाबला निर्णायक तीसरे सेट में पहुंच गया।

निर्णायक सेट में रायबकिना ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने 5-2 की बढ़त बना ली। इसके बाद मैच पॉइंट पर जीत कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। फाइनल 2 घंटे 21 मिनट चला।



### इस साल का दूसरा ग्रैंड स्लैम

रायबकिना ने इससे पहले 2022 में विंबलडन और 2026 में ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में भी उन्होंने सबालेंका को हराया था। वर ओपन जीतने के बाद अब रायबकिना के पास करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने के लिए सिर्फ फ्रेंच ओपन का खिताब जीतना बाकी है। रायबकिना वर ओपन से पहले चोट की समस्या से जूझ रही थीं। इसके बावजूद उन्होंने न्यू यॉर्क में शानदार प्रदर्शन किया और पहली बार टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंचकर खिताब जीत लिया। रूस में जन्मी रायबकिना अब कजाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करती हैं। यूएस ओपन का खिताब जीतने पर रायबकिना को 55 लाख डॉलर यानी करीब 46 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिली। वहीं, उपविजेता सबालेंका को 28 लाख डॉलर मिले।

### चामिंडा वास दिल्ली कैपिटल्स के बॉलिंग कोच बन सकते हैं

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज चमिंडा वास दिल्ली कैपिटल्स के नए बॉलिंग कोच बन सकते हैं। फ्रेंचाइजी ने इस पद के लिए जहीर खान और अनिल कुंबले से भी बातचीत की थी, लेकिन बात नहीं बन सकी। युवराज सिंह को पहले ही बैटिंग कोच नियुक्त किया जा चुका है।

### नैनो न्यूज

- **रयबाकिना बनीं नई नंबर वन-** कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना ने सबालेंका को हराकर यूएस ओपन खिताब जीता और पहली बार विश्व नंबर-एक बनीं।
- **सबालेंका का खिताबी सपना टूटा-** एलेना रयबाकिना ने तीन सेट के मुकाबले में आर्यना सबालेंका को हराकर उनका लगातार तीसरा यूएस ओपन खिताब जीतने का सपना तोड़ा।
- **ज्वेरेव शेल्टन फाइनल में भिड़ेंगे-** यूएस ओपन पुरुष एकल फाइनल में शीर्ष वरीय अलेक्जेंडर ज्वेरेव और आठवीं वरीय बेन शेल्टन आमने-सामने होंगे।
- **शेल्टन रचेंगे इतिहास आज-** बेन शेल्टन यूएस ओपन खिताब जीतकर 2003 के बाद ग्रैंड स्लैम पुरुष एकल जीतने वाले पहले अमेरिकी बनने की कोशिश करेंगे।
- **प्रज्वल देव ने खिताब जीता-** भारत के एसडी प्रज्वल देव ने वियतनाम में अपना दूसरा एटीपी चैलेंजर युगल खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की।
- **बुमराह पर अफगानिस्तान नजरें-** अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 मुकाबले में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर सभी की निगाहें रहेंगी, जिनसे टीम को बड़ी उम्मीदें हैं।
- **सूर्यवंशी चयन पर बढ़ा रोमांच-** अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में युवा वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन में विकेटकीपर बल्लेबाज के चयन को लेकर चर्चा जारी है।

## मेसी का 99वां गोल, इंजरी टाइम में गोल कर नेशविल टीम ने ड्रॉ खेला, इंटर मियामी को बराबर पर रोका...



इंटर मियामी और नेशविल के बीच शनिवार रात मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। नेशविल ने आखिरी समय में बराबरी का गोल किया। लियोनेल मेसी ने 62वें मिनट में गोल किया। मेसी का इंटर मियामी के लिए यह 99वां गोल था। नेशविल के लिए दोनों गोल सैम सरिज ने किए। उन्होंने चौथे मिनट में पहला गोल किया। इसके बाद इंजरी टाइम में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इस नतीजे के बाद नेशविल मेजर लीग सॉकर के ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में इंटर मियामी से 9 पॉइंट्स आगे है। इंटर मियामी और नेशविल पिछले तीन सीजन में ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस के राइवल बन गए हैं। दोनों टीमें अहम कप मुकाबलों, प्लेऑफ और बड़े रेगुलर-सीजन मैचों में भिड़ चुकी हैं।

इंग्लैंड में जन्मे स्ट्राइकर सैम सरिज ने इस मुकाबले में पूरा प्रभाव छोड़ा। शनिवार को किया गया उनका पहला गोल इस सीजन का 15वां गोल था। मेसी 19 गोल के साथ टक्कर गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे हैं। वे लगातार तीसरी एमएलएस मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का अवॉर्ड जीतने के सबसे मजबूत दावेदार भी हैं।

इसके बावजूद इंटर मियामी इस सीजन बेहद खराब प्रदर्शन रहा है। मुख्य कोच गिलर्मो होयोस के नेतृत्व में टीम पिछले 9 मैचों में सिर्फ एक बार जीती है। मेसी को इस हफ्ते 2026 बैलन डीओर के लिए नामांकित किया गया है। इसके बावजूद वह ड्रॉ के नतीजे से निराश दिखे। नेशविल ने 2025 यूएस ओपन कप जीता था। 2020 में एमएलएस में शामिल होने के बाद यह उसका पहला खिताब था। नेशविल 19 सितंबर को आत्मविश्वास से भरी शिकागो फायर टीम की मेजबानी करेगा।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**मकान बेचना है**
शहर की मध्यस्थली डाबरी पीठा अखाड़े वाली गली (उज्जैन) में 1000 स्क्वायर फीट का मकान जिस स्थिति में है यथा स्थिति में बेचना है। दलाल बंधु भी आमंत्रित है।
संपर्क सूत्र
भारतसिंह चौहान
9406880595,
8989541154

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपिरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### धार में एक महीने बाद फिर बदला मौसम

**धार।** धार जिले में करीब एक महीने बाद शुक्रवार रात से मौसम ने करवट ली। धार शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में शुरू हुई बारिश शनिवार देर रात तक रुक-रुककर होती रही। रविवार सुबह भी गरज-चमक के साथ बारिश का दौर जारी रहा। बारिश से खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल को राहत मिली है। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों ने राहत महसूस की है। शनिवार को धार शहर में 60.4 मिलीमीटर यानी 2.38 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। शुक्रवार रात से हुई बारिश के बाद खेतों में नमी लौट आई है। इससे सोयाबीन की फसल को फायदा मिलने की उम्मीद है। रविवार को भी आसमान में घने बादल छाए रहे और रुक-रुककर बारिश होती रही।

### एक्सीडेंट क्लेम के 20 प्रकरणों में 1.66 करोड़ का अवार्ड

**धार।** जिले के सरदारपुर के सिविल न्यायालय में शनिवार को लोक अदालत लगी। इसमें अलग-अलग न्यायालयों के कई प्रकरणों का निपटारा किया गया। लोक अदालत की शुरूआत प्रथम जिला जज हेमंत यादव ने सरस्वती पूजन के साथ की। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों के साथ वकील, बैंक, बिजली विभाग और नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे। प्रथम जिला जज हेमंत यादव के न्यायालय में प्री-लिटिगेशन के 125 प्रकरण निपटाकर 10 लाख 93 हजार रुपए वसूले गए। न्यायालय में लंबित 11 प्रकरणों में 4 लाख 70 हजार 108 रुपए की वसूली हुई। एक्सीडेंट क्लेम के 20 प्रकरणों में 1 करोड़ 66 लाख 70 हजार रुपए का अवार्ड दिया गया। वसूली के चार अन्य प्रकरणों में 17 लाख 31 हजार 344 रुपए वसूले गए।

### सरदारपुर अस्पताल के पुराने ड्रेसिंग रूम में किया पोस्टमार्टम

**धार।** सरदारपुर सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान बदहाल व्यवस्था सामने आई है। अस्पताल में अलग पीएम रूम नहीं होने के कारण पुराने ड्रेसिंग रूम में शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा था। हाल ही में हुई बारिश के दौरान कमरे की छत और दीवारों से पानी टपकता रहा। वहीं, शव के आसपास कीड़े-मकोड़े घूमते नजर आए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। मामला निपावली निवासी 17 वर्षीय आयुष सूर्यवंशी की मौत से जुड़ा है। शुक्रवार को पानी में डूबने से आयुष की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के लिए शव सरदारपुर सिविल अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में अलग पीएम रूम नहीं होने के कारण शव को पुराने भवन के ड्रेसिंग रूम में रखा गया था।

### रानापुर में 22 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा होगी स्थापित



**'अयोध्या बस्ती के राजा' ने किया नगर भ्रमण श्रद्धालुओं ने जगह-जगह किया स्वागत**

**झाबुआ।** रानापुर नगर में पहली बार इतनी विशाल गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है। 'अयोध्या बस्ती के राजा' के नाम से विराजित इस प्रतिमा की ऊंचाई करीब 22 फीट है। शनिवार रात नगर परिषद कार्यालय से इसका नगर भ्रमण शुरू हुआ। डीजे, ढोल-ताशों और आतिशबाजी के बीच चार घंटे तक यह जुलूस चला। इससे पूरे नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। विशाल प्रतिमा अपने आकार के साथ-साथ अपनी खासियतों के लिए भी लोगों का ध्यान खींच रही है। मूर्ति के ठीक ऊपर बीच में भगवान जगन्नाथ, एक तरफ हनुमान जी और दूसरी ओर भगवान गरुड़ विराजमान हैं। इस प्रतिमा की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह घूमती भी है। यह देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। अयोध्या बस्ती गणेश मित्र मंडल ने इस आयोजन की तैयारी चार महीने पहले शुरू कर दी थी। मंडल ने 40 हजार रुपए एडवांस देकर प्रतिमा की बुकिंग कराई थी। वडोदरा से रानापुर तक इसे लाने में तीन दिन लगे।

## नैनो न्यूज

- **मंडी कारोबार में तेजी की उम्मीद-** त्योहारी सीजन की तैयारी के बीच इंदौर मंडी में अनाज, दाल और अन्य कृषि उपज की मांग बढ़ने की उम्मीद से व्यापारियों में उत्साह है।
- **कपड़ा बाजार में ग्राहकी बढ़ने लगी-** त्योहारों को देखते हुए कपड़ा दुकानदारों ने नए डिजाइन और रंगों के परिधान मंगाना शुरू किए हैं। बाजार में खरीदारी बढ़ने की संभावना है।
- **किराना थोक बाजार में मांग बरकरार-** घरेलू उपयोग की वस्तुओं की नियमित मांग से थोक किराना कारोबार जारी है। व्यापारियों को आगामी त्योहारी खरीदारी से कारोबार बढ़ने की उम्मीद है।
- **औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन बढ़ा-** इंदौर के औद्योगिक क्षेत्रों में मशीनरी, पैकेजिंग और कच्चे माल से जुड़ी गतिविधियां जारी हैं। इकाइयों में नए ऑर्डरों को लेकर तैयारियां चल रही हैं।
- **सराफा बाजार में खरीदारी का इंतजार-** त्योहारी और वैवाहिक सीजन के चलते सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है। सराफा कारोबारी ग्राहकी पर नजर रख रहे हैं।
- **माल परिवहन में बारिश की चुनौती-** बारिश के कारण कुछ मार्गों पर माल परिवहन की गति प्रभावित हो रही है। व्यापारियों को समय पर सामान पहुंचाने के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करनी पड़ रही है।
- **खाद्य कारोबार में त्योहारी तैयारी-** नमकीन, मिठाई और खाद्य सामग्री के कारोबारियों ने आगामी त्योहारों के लिए उत्पादन और स्टॉक की तैयारी शुरू कर दी है। मांग बढ़ने की उम्मीद है।

इंदौर में तैयार बप्पा के अनोखे स्वरूप, 3 टन मिट्टी से 14 फीट के बप्पा देंगे प्रकृति-पशु कल्याण का संदेश

# संत-ऋषि से तांत्रिक रूप तक की तैयार गणेश मूर्तियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में 14 सितंबर से शुरू हो रहे 12 दिवसीय गणेशोत्सव को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार मूर्तिकारों ने भगवान गणेश को संत, ऋषि, तांत्रिक और राजसी स्वरूप से लेकर बाइक पर सवार आधुनिक अंदाज में साकार किया है। इनमें तिलक नगर की 3 टन मिट्टी से बनी 14 फीट ऊंची प्रतिमा प्रकृति और पशु कल्याण का संदेश देगी। महीनों की मेहनत से तैयार की गई इन प्रतिमाओं में आस्था, कला और सामाजिक संदेश का मेल देखने को मिल रहा है।

**तिलक नगर में 3 टन मिट्टी से बनी 14 फीट प्रतिमा-** तिलक नगर में 14 फीट ऊंची और करीब 3 टन मिट्टी से गणेश प्रतिमा तैयार की गई है। इसकी थीम प्रकृति और पशु कल्याण पर आधारित है। मूर्तिकारों को इसे तैयार करने में करीब एक महीने का समय लगा, जबकि रंगाई में ही लगभग 10 दिन लगे।





शहर में बप्पा के कई अलग-अलग स्वरूप भी तैयार किए गए हैं। इनमें पंचफणी नाग के साथ विशाल गणेश, भगवान नृसिंह की गोद में लड्डू गणेश, मां सरस्वती के रूप में वीणा के साथ गजानन और बाल गोपाल को गोद में लिए मंगलमूर्ति शामिल हैं।

**देवास में स्थापित होगी 14 फीट की तांत्रिक रूप वाली प्रतिमा-** इंदौर में तैयार की गई 14 फीट ऊंची तांत्रिक रूप वाली गणेश प्रतिमा देवास में चामुंडा माता मंदिर के सामने स्थापित की जाएगी। इस प्रतिमा को हाथी की त्वचा जैसा प्राकृतिक टेक्सचर दिया गया है। इसके लिए त्वचा के प्राकृतिक पैटर्न को बारीकी से उकेरा गया है।

प्रतिमा को तैयार करने का काम करीब तीन महीने पहले शुरू किया गया था। अब इसे इंदौर से देवास ले जाकर स्थापित किया जाएगा।

### हर साल नई थीम पर काम कर रहे मूर्तिकार

मूर्तिकारों का कहना है कि श्रद्धालु अब पारंपरिक प्रतिमाओं के साथ नए और अलग स्वरूप भी पसंद कर रहे हैं। इसी वजह से कलाकार हर साल नई थीम और नए रूपों पर काम कर रहे हैं।
इस बार प्रतिमाओं में परंपरा, आधुनिकता, कला और सामाजिक संदेश का मेल दिखाई दे रहा है। 12 दिनों तक ये प्रतिमाएं सार्वजनिक पंडालों, मंदिरों और घरों में विराजित होंगी, जहां श्रद्धालु इनकी पूजा-अर्चना करेंगे।

पटवारी बोले-मुद्दा पैसा नहीं, बल्कि छात्रों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सवालों को सामने लाना

# 10 लाख नहीं, 10 करोड़ रुपये भी मांगते तो देते

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शिक्षा व्यवस्था, निजी शिक्षण संस्थानों, नीट पेपर लीक और आरएसएस की भूमिका को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। पटवारी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था से रोजगार की कड़ी कमजोर हो रही है, ऐसे में इस मुद्दे पर देश में व्यापक चर्चा जरूरी है।

पटवारी ने कहा कि निजी स्कूल और निजी कॉलेज भी देश और प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। अफोर्डेबल एजुकेशन की बात हो या शिक्षा नीति में बदलाव की, सभी पक्षों को साथ लेकर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इस मुद्दे को छात्रों के बीच ले जा रहे हैं और इससे एक राजनीतिक मोमेंटम जरूर बना है।



राहुल गांधी के कार्यक्रम के लिए स्थान को लेकर पूछे गए सवाल पर पटवारी ने कहा कि कांग्रेस छात्रों की आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अगर कार्यक्रम के लिए 10 लाख रुपए की जगह 10 करोड़ रुपए भी मांगे जाते, तब भी हम देने को तैयार थे। मुद्दा पैसा नहीं, बल्कि छात्रों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सवालों को सामने लाना है।

### आरएसएस की भूमिका पर पटवारी ने उठाए सवाल

पटवारी ने शिक्षा व्यवस्था से जुड़े आंदोलनों और घटनाओं में आरएसएस के लोगों की मौजूदगी को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जहां इस तरह की घटनाएं होती हैं, वहां यदि किसी संगठन के लोगों की भूमिका या मौजूदगी को लेकर सवाल उठते हैं तो उस पर चर्चा होनी चाहिए। अगर इस तरह की स्थिति बनेगी तो व्यवस्था ठीक कैसे चलेगी, इस पर भी देश को विचार करना चाहिए।

### नीट और रोजगार को लेकर सरकार को घेरा

पटवारी ने कहा कि आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि पढ़ाई पूरी करने के बाद बच्चों को रोजगार मिल रहा है या नहीं। नीट जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक और उससे जुड़े विवादों ने छात्रों और अभिभावकों के सामने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार व्यवस्था को पूरी तरह ठीक नहीं कर पा रही है तो उसे इस मुद्दे पर पहल करते हुए देश के सामने स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

# इंदौर में दो अलग-अलग सड़क हादसों में 2 की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खुडैल इलाके में मोपेड सवार बुजुर्ग को एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। वह अपने 6 साल के पोते को लेकर घर से कुछ दूरी पर घी लेने निकले थे। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से भाग गया। अस्पताल में उपचार के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। खुडैल पुलिस के मुताबिक, मृतक सुखराम पुत्र कन्हैयाल व्यास निवासी खुडैल हैं। वह अपने 6 साल के पोते वंश को लेकर मोपेड से शनिवार देर शाम घी लेने दुकान पर निकले थे। इस दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में सुखराम को गंभीर चोट आई, जबकि पीछे बैठा पोता वंश मामूली घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सुखराम को एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी मौत हो गई।

मांगलिया में भी शनिवार देर रात हुए हादसे में एक दोस्त की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हुआ है। शिप्रा पुलिस के मुताबिक मृतक देवकुमार (35) निवासी ग्राम पोडाय, देवास है। हादसे में उसका दोस्त हुकुमसिंह (40) पुत्र पूनाजी घायल हुआ है। हुकुम ने बताया कि दोनों मजदूरी का काम करते हैं। रात करीब 12 बजे दोनों का खाना खाने का मन हुआ तो इसके बाद देवकुमार ने उससे बाइक ली और दोनों मांगलिया बायपास स्थित ढाबे पर खाना खाने के लिए निकले थे।

वीडियो कॉल रिकॉर्ड किया

# एआई से न्यूड बनाकर 10 लाख रुपये मांगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है। एक युवक को वॉट्सएप पर वीडियो कॉल आया। शादी का झांसा देकर महिला ने उसका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। बाद में उसे एआई की मदद से न्यूड कर युवक को भेजा और वायरल करने की धमकी दी। डर के चलते पीड़ित ने बताए गए अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर दिए। बाद में साइबर हेल्पलाइन पर मामले की शिकायत की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की है। एरोड्रम पुलिस ने ब्लैकमेल करने और ऑनलाइन ठगी के मामले में प्रदीप नाम के व्यक्ति की शिकायत पर शनिवार को एफआईआर दर्ज की। शिकायत में प्रदीप ने बताया कि 28 अगस्त को वह घर पर था। इसी दौरान उसके पास संगम मैरिज एप पर अनिता शर्मा नाम की महिला के नंबर से वॉट्सएप वीडियो कॉल आया। महिला ने शादी की बात की और वीडियो कॉल रिकॉर्ड कर लिया। इसके बाद कुछ फोटो और वीडियो को एआई की मदद से न्यूड कर उसके मोबाइल पर भेजा और 10 लाख रुपए की मांग की। महिला ने धमकी दी कि रुपए नहीं देने पर फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगी। इसके बाद एक अन्य नंबर से उदयपुर के पुलिस अधिकारी के नाम से मेल भेजा गया। इसमें उदयपुर में शिकायत होने की बात कही गई। डर के चलते प्रदीप ने एक नंबर पर 12 हजार रुपए ट्रांसफर किए।

# मध्यप्रदेश सरकार ने जमीन के सरकारी रेट बढ़ाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश सरकार ने जमीन के सरकारी रेट बढ़ाए। मकान, दुकान और खेत की रजिस्ट्री महंगी हुई। उम्मीद थी कि खजाने में भी उसी रफ्तार से पैसा आएगा। नई गाइडलाइन के पांच महीने के आंकड़ों ने राजस्व का अजीब गणित सामने रखा है। प्रदेश के बड़े प्रॉपर्टी बाजार लक्ष्य से पीछे हैं। छोटे जिले सरकार के लक्ष्य से कहीं आगे निकल गए हैं।

इंदौर में सरकार ने जितना राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा था, उसका सिर्फ 78 प्रतिशत ही आया। भोपाल 84 प्रतिशत, जबलपुर 83 प्रतिशत, उज्जैन 82 प्रतिशत और ग्वालियर 85 प्रतिशत पर रहे। इसके उलट सिंगरौली ने लक्ष्य का 287 प्रतिशत, पन्ना ने 140 प्रतिशत, झाबुआ ने 136 प्रतिशत, आलीराजपुर ने 136 प्रतिशत और धार ने 134 प्रतिशत राजस्व जुटा लिया।

1 अप्रैल से 31 अगस्त तक प्रदेश के लिए 5,796 करोड़ रुपए का लक्ष्य था। कुल वसूली 5,434.59 करोड़ रुपए हुई। खजाना तय लक्ष्य से 361.41 करोड़ रुपए पीछे रह गया। पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले राजस्व में 12.68 प्रतिशत (611.40 करोड़ रुपए) की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राजस्व जरूर बढ़ा है, लेकिन बड़े बाजारों में रफ्तार सुस्त रही।

**14 दिन में 434 करोड़ आए, फिर भी गैप बरकरार-** 17 अगस्त तक प्रदेश में 5,000.73 करोड़ रुपए का राजस्व आया था। उपलब्धि 86.28% पर अटकी थी। 18 से 31 अगस्त के बीच केवल 14 दिनों में अफसरों ने स्पेशल ड्राइव चलाकर 433.86 करोड़ रुपए का राजस्व जुटाया। इससे लक्ष्य-उपलब्धि का आंकड़ा 7.5% उछलकर 93.76% तक पहुंचा। बड़े बाजारों की सुस्ती के कारण 5 महीने पूरे होने पर सरकार 361.41 करोड़ रुपए के अंतर से पिछड़ गई।

अंडरग्राउंड मेट्रो के विरोध में सड़क पर उतरे क्षेत्र के रहवासी

# घनी बस्तियों से लाइन हटाने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मुंबई

इंदौर के वार्ड 49 के पूर्वी क्षेत्र की तिलक नगर, साईनाथ कॉलोनी, गोयल नगर, पत्रकार कॉलोनी समेत आसपास के रहवासियों ने रविवार सुबह प्रस्तावित अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन के विरोध में प्रदर्शन किया। बंगाली चौराहे के पास मेट्रो ऑफिस के समीप बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने प्रशासन के सामने अपनी आपत्तियां रखीं।

प्रदर्शनकारियों ने वार्ड 49 बचाओ, भूमिगत मेट्रो हटाओ के नारे लगाए। रहवासियों का कहना है कि वे मेट्रो या विकास के विरोध में नहीं हैं, लेकिन घनी आबादी वाले क्षेत्र से भूमिगत लाइन निकालने से भविष्य में कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं।

रहवासियों के मुताबिक, क्षेत्र में पेयजल के लिए मुख्य रूप से बोरिंग पर निर्भरता है। उनका दावा है कि टनल बोरिंग मशीन से खुदाई के दौरान सैकड़ों बोरिंग प्रभावित होकर सूख सकते हैं।



प्रदर्शनकारियों ने 50-60 साल पुराने मकानों की नींव को लेकर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि खुदाई से मकानों में दरारें आने और जमीन धंसने का खतरा हो सकता है।

निर्माण कार्य के दौरान 2-3 साल तक धूल, शोर और कंपन से बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर असर पड़ने की आशंका भी जताई गई। रहवासियों ने करीब 3.3 किलोमीटर के भूमिगत खंड से अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ने का भी दावा किया। रहवासियों ने मांग की कि मेट्रो को घनी रहवासी कॉलोनियों से निकालने के बजाय पूर्व निर्धारित गजट नोटिफाइड मार्ग से ले जाया जाए।

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

# आईडीए मल्टी की जमीन धंसी

घर में सो रहा था परिवार, 1-2 फीट तक अंदर धंसी टाइल्स, आईडीए मल्टी में जमीन धंसने से दहशत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के गांधी नगर इलाके में शनिवार रात आईडीए मल्टी के एक मकान की जमीन अचानक अंदर की ओर धंस गई। उस समय कन्हैया अपने पत्नी और दो बच्चों के साथ घर में सो रहे थे। तेज धमक की आवाज के बाद टाइल्स करीब 1 से 2 फीट तक अंदर धंस गईं। परिवार घबराकर तुरंत घर से बाहर निकल आया।

घटना गांधी नगर पेट्रोल पंप के पास स्थित आईडीए मल्टी की है। कन्हैया पुत्र सुनील ने बताया कि रात में अचानक धमक की आवाज हुई। उन्होंने लाइट चालू की तो घर की टाइल्स नीचे धंसी हुई थीं। उन्हें लगा कि भूकंप आया है, इसलिए बच्चों को लेकर तुरंत बाहर निकल गए।

### तीन मंजिला बिल्डिंग में 9 से ज्यादा परिवार रहते हैं

आईडीए की इस तीन मंजिला बिल्डिंग में 9 से ज्यादा परिवार रहते हैं। एक मकान की जमीन धंसने के बाद दूसरे परिवारों में भी दहशत है। आसपास आईडीए की करीब 10 से 12 मल्टियां हैं, जिनमें कई परिवार रहते हैं। रविवार सुबह आईडीए और नगर निगम के अफसर मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और बिल्डिंग को रिपेयर कराने की बात कही।



### चूहों के कारण जमीन खोखली होने की आशंका

स्थानीय स्तर पर जमीन धंसने की वजह चूहों को भी माना जा रहा है। आईडीए की बिल्डिंग के आसपास काफी खाली जमीन है और यहां चूहों की संख्या भी ज्यादा बताई जा रही है। आशंका है कि चूहों के कारण जमीन अंदर से खोखली हुई और बारिश के बाद मकान के नीचे की जमीन धंस गई। हालांकि, जमीन धंसने की वास्तविक वजह की पुष्टि अधिकारियों की जांच के बाद ही होगी।

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दुल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com